# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

• बोकारो, बुधवार 12 अगस्त 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 87 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




झारखंड विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करते भाजपा विधायक

छात्रों के आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बड़ी घोषणा

# 14वीं जेपीएससी और दो बैकलॉग परीक्षाएं होंगी रद्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में जेपीएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर चल रहे छात्र आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को विधानसभा में बड़ा एलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार छात्रों के भविष्य को लेकर गंभीर है और जेपीएससी व जेएसएससी से जुड़े मामलों की जांच कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने सदन में घोषणा की कि 14वीं जेपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा समेत वर्ष 2023 और 2025 में जेपीएससी द्वारा आयोजित की गई परीक्षाओं को रद्द किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने 11वीं और 13वीं जेपीएससी परीक्षा, एफआरओ, एपीपी तथा टीडीपीएल द्वारा आयोजित परीक्षाओं की भी जांच कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री के इस एलान के बाद जेएसएससी सीजीएल परीक्षा भी जांच के दायरे में आ गई है। दरअसल टीडीपीएल ने ही जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का आयोजन किया था। ऐसे में सरकार के फैसले को प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की व्यापक जांच के तौर पर देखा जा रहा है। विधानसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच सरकार का पक्ष रखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में व्यापक सुधार की जरूरत है।



सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं के संचालन और पूरी प्रक्रिया में सुधार को लेकर बड़ा कदम उठाने जा रही है। सीएम ने कहा कि परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए सरकार देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से भी सलाह लेगी।

इसके लिए आईआईटी, आईआईएम और एक्सएलआरआई समेत देश के बड़े शैक्षणिक एवं प्रबंधन संस्थानों के विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा। छात्रों के मुद्दे पर विपक्ष के हमले के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बीजेपी पर भी तीखा राजनीतिक हमला किया। उन्होंने कहा कि पहले बीजेपी के लोग गेरुआ वेश में लोगों को ठगते थे और अब छात्रों के वेश में लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक-झोंक देखने को मिली। छात्रों की मांगों और परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर बीजेपी विधायक लगातार सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए सरकार की ओर से छात्रों के मुद्दे पर संवेदनशीलता बरतने की बात कही। मुख्यमंत्री की घोषणा को जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा विवाद के बीच सरकार की ओर से अब तक के सबसे बड़े फैसलों में से एक माना जा रहा है। इससे जहां कई परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के बीच नई उम्मीद जगी है, वहीं रद्द होने वाली परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के सामने आगे की प्रक्रिया और नई परीक्षा की तारीख को लेकर सवाल भी खड़े हो गए हैं।

## पलामू में मालगाड़ी के 12 डिब्बे बेपटरी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के गढ़वा रोड और सिगसिगी रेलवे स्टेशन के बीच मालगाड़ी के 12 बोगी बेपटरी हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है। रेलवे के वरीय अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर पूरे हालात का जायजा ले रहे हैं। दुर्घटना के बाद फिलहाल रेलवे के रिवर्सिबल लाइन पर परिचालन बंद है। अप और डाउन लाइन पर परिचालन सामान्य है। जिस इलाके में यह दुर्घटना हुई है वह इलाका धनबाद रेल डिवीजन और पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेल डिवीजन का बॉर्डर है। ट्रैफिक इंस्पेक्टर अनिल तिवारी ने घटना की पुष्टि की है। दरअसल मालगाड़ी पलामू के इलाके से होते हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेल डिवीजन की तरफ जा रही थी। इसी दौरान मंगलवार को अचानक मालगाड़ी बेपटरी हो गई है। हालांकि इस दुर्घटना को लेकर यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रभावित नहीं हुआ है। मालगाड़ी का परिचालन प्रभावित हुआ है। मालगाड़ी को पटरी पर वापस लाने के लिए राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। बता दें कि कुछ दिनों पहले भी गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के इलाके में मालगाड़ी पटरी से उतर गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** हंगामे के बीच झारखंड विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा अध्यक्ष ने हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। इसके साथ ही मौजूदा विधानसभा सत्र का समापन निर्धारित समय से एक दिन पहले हो गया। सदन की कार्यवाही 12 अगस्त तक प्रस्तावित थी।

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार, बोलेरो जब्त

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गोविंदपुर थाने की पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 3।865 किलो गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक सफ़ेद बोलेरो भी जब्त की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान करीब माधव कर्मकार के रूप में हुई है। वह डुमरिया थाना क्षेत्र के तुरीगोड़ा का रहने वाला है। पुलिस आरोपी से मिली जानकारी के आधार पर इस धंधे से जुड़े अन्य लोगों का पता लगा रही है।

### स्वतंत्रता दिवस पर बंद रहेंगी मांस-मछली की दुकानें

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को नगर निगम क्षेत्र में सभी मांस-मछली की दुकानें बंद रहेंगी। इस दौरान खाद्य पदार्थों के क्रय-विक्रय पर भी रोक रहेगी। नगर निगम ने बताया कि 15 अगस्त को प्रतिबंध के बावजूद मांस, मछली या मुर्गा बेचते हुए कोई दुकानदार पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर नगर निगम क्षेत्र में इस आदेश का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## 10 लाख का इनामी समेत चार नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल विरोधी अभियान के बीच सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली। कोल्हान, पोराहाट और सारंडा के जंगल-पहाड़ी इलाकों में सक्रिय प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन के चार सदस्यों ने मंगलवार को पुलिस और सीआरपीएफ के वरीय अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। इनमें संगठन का 10 लाख रुपये का इनामी जोनल कमेटी सदस्य सालुका कायम भी शामिल है। पुलिस के अनुसार यह आत्मसमर्पण ऑपरेशन नवजीवन-तीन के तहत हुआ। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने हथियार और बड़ी मात्रा में कारतूस भी सुरक्षा बलों को सौंपे। आत्मसमर्पण करने वालों में सालुका कायम उर्फ भुवनेश्वर, मारू, विक्रम, डांगिल, तुबुई और जयराम शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक सालुका भाकपा (माओवादी) की जोनल कमेटी का सदस्य था और उस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था। सालुका के खिलाफ पश्चिमी सिंहभूम के विभिन्न थानों में 90 और सरायकेला जिले में छह मामले दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी। इस तरह उसके खिलाफ कुल 96 मामलों का उल्लेख किया गया। सालुका ने आत्मसमर्पण के दौरान एक एके-47 राइफल, दो



मैगजीन और 843 राउंड कारतूस सहित अन्य सामग्री पुलिस को सौंपी। सालुका के साथ तीन अन्य सक्रिय नक्सलियों ने भी आत्मसमर्पण किया। इनमें कोदोमुनी कोड़ा उर्फ कोदम मुन्नी कोड़ा उर्फ कितामाई, पिंकी पूर्ति उर्फ सुकोती पूर्ति उर्फ मेचो पूर्ति और अनिता तामसोय उर्फ अनिता कायम उर्फ मुक्ता उर्फ नूनी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार कोदोमुनी कोड़ा टोंटो थाना क्षेत्र के रेंगड़ाहातु का रहने वाला है। वह संगठन में दस्ता सदस्य के रूप में सक्रिय था और उस पर एक लाख रुपये का इनाम था। उसके खिलाफ चाईबासा में सात मामले दर्ज बताए गए हैं। आत्मसमर्पण के दौरान उसने एक वायरलेस सेट और 697 राउंड कारतूस पुलिस को सौंपे। पिंकी पूर्ति भी संगठन में दस्ता सदस्य के तौर पर सक्रिय थी। उसके खिलाफ चाईबासा में 13 मामले दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है। उसके पास से एक वायरलेस सेट और 639 राउंड कारतूस बरामद हुए। वहीं अनिता तामसोय उर्फ अनिता कायम के खिलाफ चाईबासा में 12 और सरायकेला में एक कुल 13 मामले दर्ज होने की बात पुलिस ने कही है। उसके पास से एक इंसास राइफल, पांच मैगजीन और 97 राउंड कारतूस सहित अन्य सामग्री बरामद की गई। पुलिस का कहना है कि नक्सलियों के आत्मसमर्पण के पीछे लगातार चलाए जा रहे संयुक्त अभियान, जंगली क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की बढ़ती मौजूदगी और संगठन के भीतर कथित शोषण से पैदा हुआ असंतोष प्रमुख कारण हैं।

## परीक्षा संचालन एजेंसी का निदेशक मुंबई से गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से वर्ष 2022 में आयोजित कनीय अभियंता (डिप्लोमा) प्रतियोगी परीक्षा के पेपर लीक मामले में एसआइटी को बड़ी सफलता मिली है। पेपर लीक की घटना में संलिप्त परीक्षा संचालन एजेंसी के संचालक सह निदेशक अरुण कुमार को मुंबई से गिरफ्तार किया गया है। रांची पुलिस के द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार जेसएससी की ओर से 3 जुलाई 2022 को कनीय अभियंता (डिप्लोमा) के 1279 पदों के लिए प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के पहले ही प्रथम पाली की परीक्षा का उत्तरमाला वायरल होने और प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सामने आया था। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जेसएससी ने परीक्षा को रद्द कर दिया था। इस संबंध में अभ्यर्थी मिथलेश कुमार महतो के लिखित आवेदन के आधार पर नामकुम थाना कांड संख्या 227/22, दिनांक 14 जुलाई 2022 दर्ज किया गया। प्राथमिकी में आइपीसी की धारा 420, 467, 468, 120(बी), आइटी एक्ट की धारा 66 तथा बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम की धारा 10 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। इस मामले के उद्भेदन और बेहतर अनुसंधान के लिए विशेष जांच टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के दौरान पुलिस को पेपर लीक की घटना की पुष्टि हुई। जांच में सामने आया कि कनीय अभियंता परीक्षा का संचालन नई दिल्ली की एक कंपनी द्वारा किया गया था। एसआइटी को अनुसंधान के क्रम में परीक्षा संचालन एजेंसी और उसके संचालक की भी पेपर लीक की पूरी घटना में संलिप्तता के साक्ष्य मिले। इसी बीच जानकारी मिली की अरुण कुमार मुंबई में छुपा हुआ है जिसके बाद रांची पुलिस की स्पेशल टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## भू-धंसान मामले में सीएमडी समेत पांच के खिलाफ शिकायत दर्ज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** कतरास स्थित छाताबाद में भू-धंसान की घटना के बाद अब बीसीसीएल अधिकारियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायतकर्ता अनवर अली ने बीसीसीएल के सीएमडी मनोज अग्रवाल समेत पांच लोगों को शिकायत में आरोपी बनाया है। शिकायत में महाप्रबंधक क्षेत्र-3 सत्यकाम आनंद, एजेंट एरिया-3 अरविंद झा, जीएम सिक्योरिटी बीसीसीएल धनबाद और अन्य कर्मचारियों का भी नाम दर्ज है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि भू-धंसान की घटना में उसके घर और सामान को भारी नुकसान हुआ। शिकायत के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। शिकायतकर्ता के मुताबिक 7 अगस्त की सुबह करीब 3:30 बजे छाताबाद इलाके में अचानक जमीन धंसने की घटना हुई। शिकायत में दावा किया गया है कि भू-धंसान के कारण उसके घर और घर में रखा सामान प्रभावित हुआ। आवेदन में घटना के दौरान आसपास के लोगों के मौके पर पहुंचने और स्थिति को संभालने की कोशिश का भी उल्लेख किया गया है। शिकायतकर्ता ने अपने आवेदन में घर और सामान को हुए नुकसान का अनुमान करीब 30 से 35 लाख रुपये लगाया है। आवेदन में अलग-अलग सामान और उसकी अनुमानित कीमत का भी जिक्र किया गया है। शिकायत में यह आरोप भी लगाया गया है कि इलाके में पूर्व से भू-धंसान की आशंका और जमीन के नीचे चल रही गतिविधियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को जानकारी थी। इसके बावजूद सुरक्षा और रोकथाम को लेकर पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए। ये सभी आरोप फिलहाल शिकायतकर्ता की ओर से लगाए गए हैं। शिकायत में जिन बीसीसीएल अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम दर्ज हैं, उनकी ओर से इन आरोपों पर क्या जवाब दिया गया है, यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। छाताबाद में भू-धंसान के बाद स्थानीय ग्रामीणों की सबसे बड़ी मांग सुरक्षित पुनर्वास और प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा देने की है।

## भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर किया हंगामा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** जेपीएससी छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार को विधानसभा परिसर में भाजपा विधायकों ने जमकर सरकार विरोधी नारे लगाए और मुख्यमंत्री से इस्तीफ़े की मांग की। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा परिसर में भाजपा विधायकों के इस आंदोलन से पूरा परिसर गुंजता रहा। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में विधानसभा परिसर में सरकार विरोधी नारे लगा रहे भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जहां इस्तीफा की मांग की वहीं छात्रों पर हुई बर्बरतापूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए घटना की निंदा की। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सरकार दमनात्मक कार्रवाई कर चाहती है कि छात्रों के आंदोलन और उनकी मांगों को कुचल डालें लेकिन ऐसा नहीं होगा। राज्य की जनता इस सरकार के कामकाज से खासे नाराज है और इसके विरोध में छात्र सड़क पर उतरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन में सभी दल के नेता शामिल थे और हम लोग लगातार सदन के अंदर और बाहर मांगों को रखते आ रहे हैं। विधानसभा परिसर में भाजपा विधायकों के द्वारा लगातार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस्तीफ़े की मांग होती रही। भाजपा विधायक शशि भूषण मेहता ने कहा कि जिस तरह से रात के अंधेरे में छात्रों के ऊपर लाठियां बरसाई गई, यह सरकार की दमनकारी नीति नहीं तो और क्या है। उन्होंने कहा कि छात्र सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं और जिस तरह से टीडीपीएल कंपनी के द्वारा जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में गड़बड़ी की है। उससे साफ प्रमाणित होता है कि यहां के छात्रों के साथ किस तरह अन्याय हुआ है। विधायक शशि भूषण ने कहा कि टीडीपीएल कंपनी के पकड़े गए अधिकारी भी सीआईडी के समक्ष सीजीएल परीक्षा में भी गड़बड़ी की बात स्वीकारी है। ऐसे में छात्र यदि मांग कर रहे हैं कि टीडीपीएल कंपनी के द्वारा ली गई सभी परीक्षा को रद्द किया जाए। लेकिन सरकार इससे भाग रही है और आंदोलन कर रहे छात्रों पर लाठियां बरसा रही है। बहरहाल मानसून सत्र के चौथे कार्यदिवस पर भी जेपीएससी का मुद्दा सदन के अंदर और बाहर छाया रहा।


## झारखंड बंद : जगह-जगह टायर जलाकर सड़क जाम, भाजपा कार्यकर्ता एवं पुलिस के बीच धक्का-मुक्की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** छात्रों के विधानसभा घेराव के दौरान हुए लाठीचार्ज के विरोध में भारतीय जनता पार्टी की ओर से बुलाए गए झारखंड बंद का राजधानी में व्यापक असर देखने को मिला। सुबह से ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। शहर के अलग-अलग इलाकों में भाजपा कार्यकर्ता बंद के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे थे और कई प्रमुख सड़कों पर यातायात को पूरी तरह बाधित कर दिया गया। रांची के लगभग हर थाना क्षेत्र में बंद समर्थक भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर नजर आ रहे थे। कई जगहों पर कार्यकर्ताओं ने सड़क के बीचों-बीच टायर जलाकर रास्ता बंद कर दिया जिससे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह



प्रभावित हुई। जगह-जगह सड़क पर धरना, नारेबाजी और प्रदर्शन के कारण शहर की ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई । कई इलाकों में बंद समर्थकों ने दुकानों को भी बंद कराया। खासकर सीएम आवास के आसपास के रास्तों को बंद कर दिए जाने की वजह से आम लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा। रांची के रातू रोड चौराहे पर बंद के दौरान स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई जब प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई। कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर टायर जलाने का प्रयास कर रहे थे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। पुलिस ने जब प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटाने की कोशिश की तो दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। मौके पर पुलिस बल की तैनाती के बावजूद भाजपा कार्यकर्ता लगातार सड़क पर डटे रहे। टायर जलाकर विरोध करने पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। बंद का असर केवल रातू रोड तक सीमित नहीं रहा बल्कि किशोरगंज, अरगोड़ा, कांके रोड समेत रांची के कई इलाकों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। किशोरी यादव चौक के पास भी बंद समर्थकों ने सड़क जाम कर विरोध जताया। अरगोड़ा चौक पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बीच सड़क पर धरना दिया। वहीं कांके रोड में सीएमपीडीआई गेट के पास भी टायर जलाकर सड़क को जाम किया गया। इससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। भारतीय जनता पार्टी के बंद को सफल बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू भी मंगलवार को सड़कों पर उतरे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बंद का उद्देश्य झारखंड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि छात्र पिछले 18 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं लेकिन सरकार उनकी मांगों को सुनने के बजाय उन्हें गंतव्य तक पहुंचने से रोक रही है। साहू ने परीक्षा प्रश्नपत्र लीक और भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं पर सवाल उठाते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि छात्रों के साथ पूरा झारखंड खड़ा है और भाजपा के आह्वान पर जनता सड़कों पर उतरी है।

# हजारीबाग में भाजपा का बंद शांतिपूर्वक संपन्न : विवेकानंद सिंह

## दागी और बदनाम एजेंसी द्वारा ली गई जेपीएससी भर्ती परीक्षा को रद्द करते हुए घटना को सीबीआई से जांच कराई जाए : प्रदीप प्रसाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** 10 अगस्त 2026 को रांची में जेपीएस सी और जेएसएससी की भर्ती परीक्षा में हेमंत सरकार द्वारा कथित धांधली और अ नियमितताओं के खिलाफ छात्रों और नौकरी के उम्मीदवारों द्वारा एक विशाल जन आक्रोश के साथ झारखंड विधानसभा घेराव हेतु कुच किया गया था ।परंतु हेमंत सरकार के पुलिस द्वारा छात्रों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया और लाठी चार्ज किया गया ।भाजपा नेताओं को जबरन गिरफ्तार कर लिया गया। इसी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिनांक 11 अगस्त 2026 को संपूर्ण झारखंड बंद एवं चक्का जाम का आह्वान किया गया ।जिसके तहत हजारीबाग जिले में बंद को सुबह से ही सभी वर्ग के द्वारा नैतिक समर्थन दिया गया और



स्वतः अपनी -अपनी प्रतिष्ठान बंद रखा और जिन लोगों द्वारा जानकारी के अभाव में दुकान खोली गई। आग्रह को स्वीकार करते हुए युवाओं के समर्थन में ,अपनी - अपनी दुकान बंद कर दिए ।कुछ देर के लिए भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों एवं कार्यकताओं के द्वारा जिला परिषद चौक को जामकर विरोध व्यक्त किया गया। बंद कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने हेमंत सरकार से मांग किया कि दागी और बदनाम एजेंसी द्वारा ली गई, भर्ती परीक्षा को रद्द करते हुए, स्वतंत्र एजेंसी से पुनःपरीक्षा ली जाए और सभी भर्ती परीक्षाओं का जांच सीबीआई से कराई जाए। बंदी कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव, अशोक यादव, आनंद देव, शिवलाल महतो, उदयभान नारायण सिंह, सुनील मेहता, जिला महामंत्री जय नारायण प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू, उपेंद्र सिंह, कुणाल किशोर, मंजू नंदिनी, जिला मंत्री अजीत बक्शी, निरंजन मेहता, विवेक सिंह के साथ-साथ महेंद्र बिहारी, राजकरण पांडे, मनमीत अकेला, मंडल अध्यक्ष कुलदीप कृष्णा, रिंकू वर्मा, प्रकाश कुशवाहा, शिवपाल यादव, विमल गुप्ता, अजीत कुशवाहा, गोपाल सिंह एवं मुख्य कार्यकर्ता में ऋषि शर्मा, तरुण कसेरा, मनदीप यादव, श्रेष्ठ उपाध्याय, शैलेश चंद्रवंशी, आलोक कुमार, अविनाश कसेरा, चंदन सिंह निजी सचिव विधायक प्रदीप प्रसाद, बलराम शर्मा, सुबोध कुमार सुबोध सिंहा, अर्जुन साहू महेश साहू राजकुमार मेहता, मुखिया राजेश गुप्ता सरदार कुलतर सिंह आदि उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला महामंत्री सह जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

# छात्रों की मांगों पर सरकार ने त्वरित कार्रवाई की, भाजपा की अराजकता फैलाने की साजिश फेल : संजय सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड में छात्र आंदोलन के बहाने भाजपा द्वारा अराजकता फैलाने की साजिश आरोप लगाया कि भाजपा ने छात्र आंदोलन को राजनीतिक रंग देने और माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया संजय सिंह ने दावा किया



पूरी तरह विफल हो गई है राज्य सरकार ने छात्रों की मांगों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनकी अधिकांश मांगों को स्वीकार किया यह बातें झामुमो के गिरिडीह जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने मंगलवार को गिरिडीह सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं संजय सिंह ने कहा कि छात्रों की मांगों को लेकर सरकार के प्रतिनिधियों और छात्र संगठनों के बीच लगातार सकारात्मक बातचीत चल रही थी सरकार ने छात्रों की करीब 98 प्रतिशत मांगें मान ली थीं और बातचीत की पूरी जानकारी मुख्यमंत्री को दी जा रही थी उन्होंने दावा किया कि देश में शायद ही ऐसा उदाहरण हो जहां कोई सरकार छात्रों या आम जनता की मांगों को लेकर उनके साथ सीधे संवाद कर समाधान की दिशा में आगे बढ़ी हो उन्होंने कि आंदोलन में पश्चिम बंगाल से लोगों को बुलाकर उपद्रव कराया गया जबकि छात्र संगठन शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे थे उन्होंने कहा कि भाजपा की कथित करतूतों के कारण आंदोलन का स्वरूप बदल गया और स्थिति अराजक हो गई झामुमो जिलाध्यक्ष ने झारखंड बंद को भी पूरी तरह विफल बताया उन्होंने कहा कि बंद को न तो छात्रों का समर्थन मिला और न ही आम जनता का उन्होंने दावा किया कि राज्य की जनता भाजपा की राजनीति और आंदोलन के पीछे की मंशा को समझ चुकी है प्रेस कॉन्फ्रेंस में गिरिडीह की महापौर प्रमिला मेहरा उप महापौर सुमित कुमार झामुमो जिला प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा अभय सिंह समेत पार्टी के कई नेता मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रों पर लाठीचार्ज दुर्भाग्यपूर्ण, संवाद से हो समस्याओं का समाधान : राजकुमार राज

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राजधानी रांची में विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों पर पुलिस लाठीचार्ज की घटना की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने कड़ी निंदा की है उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाना हर नागरिक विशेषकर छात्रों का अधिकार है छात्रों की समस्याओं का समाधान बल प्रयोग से नहीं बल्कि संवाद और सकारात्मक पहल से किया जाना चाहिए राजकुमार राज ने कहा कि छात्र राज्य की सबसे बड़ी ताकत और भविष्य हैं प्रतियोगी परीक्षाओं नियुक्तियों और परीक्षा व्यवस्था से जुड़ी उनकी मांगों को सरकार और प्रशासन को गंभीरता से सुनना चाहिए उन्होंने कहा कि किसी परीक्षा या नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर छात्रों में असंतोष है तो सरकार को उनके प्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर उनकी शंकाओं का समाधान करना चाहिए उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है लेकिन लाठीचार्ज किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता सरकार पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष समीक्षा कराए और यदि किसी छात्र को चोट लगी है तो उसके उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करे रालोजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि छात्रों की जायज मांगों पर सरकार को संवेदनशीलता और सहानुभूति के साथ विचार करना चाहिए छात्र आंदोलन को राजनीतिक चश्मे से देखने के बजाय युवाओं के भविष्य से जोड़कर देखने की आवश्यकता है उन्होंने छात्रों से भी अपील की कि वे अपनी मांगों को लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से रखें तथा हिंसा एवं सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से बचें राजकुमार राज ने कहा कि सरकार और छात्रों के बीच टकराव किसी के हित में नहीं है जरूरत है कि दोनों पक्ष संवाद की मेज पर बैठें और ऐसा समाधान निकालें जिससे छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो तथा प्रतियोगी परीक्षाओं और नियुक्ति प्रक्रिया के प्रति युवाओं का विश्वास मजबूत हो।

### धनंजय सिंह ने छात्र आंदोलन पर भाजपा को घेरा, छात्रों से सरकार पर भरोसा रखने की अपील

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनंजय सिंह ने रांची में विधानसभा घेराव को लेकर आयोजित छात्र आंदोलन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों की विभिन्न मांगों को लेकर छात्र प्रतिनिधिमंडल और झारखंड सरकार के बीच मंत्रियों की मध्यस्थता में लगातार सकारात्मक बातचीत चल रही थी बातचीत के दौरान सरकार ने छात्रों की अधिकांश मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाया और कई महत्वपूर्ण मांगों को स्वीकार भी किया धनंजय सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार छात्रों के हितों को लेकर गंभीर है छात्रों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए जेपीएससी परीक्षा रद्द करने का निर्णय भी सरकार ने लिया इसके अलावा छात्र हित से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी सरकार सकारात्मक रूप से विचार कर रही थी और आगे भी उचित निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध है उन्होंने आरोप लगाया कि इसी बीच भाजपा और उसके अनुसांगिक संगठनों ने छात्रों को उकसाकर आंदोलन को भटकाने का प्रयास किया उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से छात्रों से संयम और शांति बनाए रखने की अपील की गई थी लेकिन कुछ लोगों के उकसावे के कारण आंदोलन के दौरान अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई धनंजय सिंह ने कहा कि छात्रों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी पूरी तरह उनके साथ खड़ी है झारखंड की गठबंधन सरकार भी छात्रों के अधिकार और भविष्य को लेकर गंभीर है उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे किसी के बहकावे में न आएं और सरकार पर भरोसा रखें। छात्रों की प्रत्येक समस्या पर सकारात्मक ढंग से विचार किया जा रहा है और उनके हित में उचित निर्णय लिया जाएगा।

### देवरी में पॉलीटेक्निक कॉलेज की मांग विधायक मंजु कुमारी ने सदन में उठाई आवाज

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जमुआ विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने को लेकर विधायक मंजु कुमारी ने विधानसभा के सदन में देवरी प्रखंड में सरकारी पॉलीटेक्निक कॉलेज की स्थापना की मांग उठाई विधायक ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि जमुआ विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में एक भी पॉलीटेक्निक कॉलेज नहीं है विधानसभा क्षेत्र का बड़ा हिस्सा ग्रामीण पिछड़ा और सुदूरवर्ती है ऐसे में तकनीकी शिक्षण संस्थानों के अभाव और आर्थिक कठिनाइयों के कारण बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं तकनीकी शिक्षा से वंचित रह जाते हैं उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं की समस्या को सदन में रखा कहा कि दूर दराज के क्षेत्रों में जाकर तकनीकी शिक्षा प्राप्त करना छात्राओं के लिए अधिक कठिन होता है देवरी में पॉलीटेक्निक कॉलेज की स्थापना होने से छात्राओं समेत पूरे विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों को अपने घर के नजदीक तकनीकी शिक्षा हासिल करने का अवसर मिलेगा विधायक मंजु कुमारी ने सरकार से देवरी प्रखंड में सरकारी पॉलीटेक्निक कॉलेज की स्थापना की दिशा में आवश्यक पहल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा युवाओं को कौशल रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है देवरी में पॉलीटेक्निक कॉलेज खुलने से जमुआ विधानसभा क्षेत्र के युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### पुलिस को देखते ही भागने लगा युवक, तलाशी में 54.75 ग्राम स्मैक बरामद

**बारसोई/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आबादपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। स्मैक के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार किया। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। आबादपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 54.75 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के पास से एक मोबाइल फोन और 410 रुपये नकद भी बरामद किये गये।पुलिस के अनुसार 10 अगस्त की रात गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर गोविंदपुर की ओर जाने वाला है। इस संबंध में आबादपुर थानाध्यक्ष शादाब अहमद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल से मादक पदार्थ लेकर आबादपुर क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है।सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गोविंदपुर के समीप वाहन जांच अभियान शुरू किया।इसी दौरान एक युवक पुलिस बल को देखकर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पुलिस द्वारा पूछताछ किये जाने पर युवक की पहचान अनिसुर रहमान (22)पिता मो. हनीफ, निवासी गोविंदपुर, थाना आबादपुर के रूप में हुई।

# भाजपा का झारखंड बंद गिरिडीह में बेअसर : राजेश सिन्हा

## जनता भाजपा की राजनीति और डबल रोल को समझ चुकी है पूरा बाजार खुला रहा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से आहूत झारखंड बंद का गिरिडीह में अपेक्षित असर नहीं दिखा इस पर भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि गिरिडीह की जनता भाजपा की राजनीति को समझ चुकी है उन्होंने कहा कि युवाओं के आंदोलन को ऊपर से थोपने का प्रयास किया गया जिसका परिणाम बंद के दौरान देखने को मिला और शहर का अधिकांश बाजार खुला रहा राजेश सिन्हा ने कहा कि झारखंड में छात्र अपने मुद्दों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं और विभिन्न राजनीतिक दल अपने स्तर से उनका समर्थन कर रहे हैं लोकतंत्र में हर संगठन और व्यक्ति को अपनी मांगों के समर्थन में आवाज उठाने का अधिकार है उन्होंने कहा कि भाकपा माले के छात्र संगठन आइसा ने भी 7 अगस्त को विधानसभा घेराव कार्यक्रम में भाग लिया था पार्टी और उससे जुड़े छात्र एवं युवा संगठनों ने लगातार छात्रों के आंदोलन का समर्थन किया है उन्होंने कहा कि विधानसभा में माले विधायक अरूप चटर्जी ने छात्रों के मुद्दों को मजबूती से उठाया। वहीं बगोदर के पूर्व विधायक ने रांची में आंदोलनरत छात्रों से मुलाकात की सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो सहित आइसा और इंकलाबी नौजवान सभा के कार्यकर्ताओं ने भी आंदोलन को समर्थन दिया राजेश सिन्हा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि छात्रों की मांगों को लेकर भाजपा की भूमिका स्पष्ट नहीं रही है उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा छात्रों के मुद्दे पर डबल रोल कर रही है उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा आयोजित बंद का गिरिडीह में असर नहीं होना इस बात का संकेत है कि जनता पूरे मामले को समझ चुकी है उन्होंने कहा कि भाकपा माले ने समय समय पर राज्य सरकार के खिलाफ भी आंदोलन किया है और भाजपा के खिलाफ भी आवाज उठाई है उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को सरकार के खिलाफ आंदोलनों से कम और लाल झंडे के कार्यक्रमों से अधिक परेशानी होती है उन्होंने भाजपा नेताओं से डबल रोल की राजनीति छोड़कर छात्रों के मुद्दों पर स्पष्ट रुख अपनाने की अपील की माले नेता ने कहा कि जेपीएससी से जुड़े मामलों पर भी सभी राजनीतिक दलों को खुलकर चर्चा करनी चाहिए उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में भी जेपीएससी को लेकर सवाल उठे थे इसलिए इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों को खुले मंच पर चर्चा करनी चाहिए उन्होंने कहा कि भाजपा को अपने संगठन और रणनीति पर मंथन करने की जरूरत है गिरिडीह में बंद की विफलता से स्पष्ट है कि जनता केवल राजनीतिक आह्वान पर सड़क पर उतरने के बजाय मुद्दों और नेतृत्व की विश्वसनीयता को भी देख रही है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर फुटबॉल प्रतियोगिता में गिरिडीह कॉलेज विजेता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव के अवसर पर युवाओं में खेल भावना अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गिरिडीह स्टेडियम में फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रतियोगिता के अंडर-17 और सीनियर वर्ग में विभिन्न विद्यालयों, संस्थानों और खेल टीमों के खिलाड़ियों ने



हिस्सा लिया कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त रामनिवास यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए फुटबॉल को किक मारकर किया इससे पहले अतिथियों का पारंपरिक आदिवासी रीति-रिवाज से स्वागत किया गया तथा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया उपायुक्त ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं है बल्कि इससे अनुशासन आत्मविश्वास टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है जिले की खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच और अवसर उपलब्ध कराने के लिए इस तरह के आयोजनों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है अंडर-17 वर्ग में स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर का दबदबा अंडर-17 वर्ग के फाइनल मुकाबले में ईएमआरएस प्लांज और स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर गिरिडीह के बीच मुकाबला हुआ स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया मो. हित हेम्ब्रम को प्रतियोगिता का बेस्ट प्लेयर चुना गया सीनियर वर्ग में गिरिडीह कॉलेज चैंपियन सीनियर वर्ग के फाइनल में एच.ई. हाई स्कूल और गिरिडीह कॉलेज की टीमें आमने सामने थीं रोमांचक मुकाबले में गिरिडीह कॉलेज ने 1-0 से जीत हासिल कर विजेता का खिताब अपने नाम किया शानदार प्रदर्शन के लिए अजेंद्र मुर्मू को बेस्ट प्लेयर चुना गया समापन समारोह में विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं सम्मान प्रदान किया गया जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# बालमुकुंद फैक्ट्री द्वारा उसरी नदी से पानी उठाने पर रोक की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** उसरी नदी बचाओ और उसरी वाटर फॉल बचाओ आंदोलन के तहत ग्रामीणों ने मंगलवार को गिरिडीह उपायुक्त को सामूहिक आवेदन सौंपकर चतरो स्थित बालमुकुंद स्पंज आयरन फैक्ट्री द्वारा उसरी नदी से औद्योगिक उपयोग के लिए पानी उठाने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की ग्रामीणों ने नदी से पानी उठाने के लिए पाइपलाइन बिछाने और इंटेकवेल निर्माण से संबंधित सभी अनुमतियों एनओसी और सरकारी आदेशों की जांच कराने की भी मांग की है आंदोलन का नेतृत्व कर रहे विजय विशाल राय के साथ माले नेता राजेश सिन्हा सुनील शर्मा चंदर वर्मा हसनैन अली टिंकू साव अरुण साव सहित अन्य ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन सौंपा ग्रामीणों ने कहा कि उसरी



नदी जिले की महत्वपूर्ण प्राकृतिक जलधारा होने के साथ साथ आसपास के गांवों के लिए प्रमुख जलस्रोत है नदी से बड़े पैमाने पर पानी उठाए जाने से इसके प्राकृतिक जलप्रवाह उसरी वाटर फॉल भूजल स्तर कृषि पशुपालन और ग्रामीणों की जल उपलब्धता पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है फैक्ट्री क्षेत्र का भ्रमण कर जल संकट वाले इलाकों को चिह्नित करने की मांग ग्रामीणों ने उपायुक्त से फैक्ट्री क्षेत्र में उनके साथ स्थल भ्रमण करने और उन इलाकों को चिह्नित करने की मांग की जहां फैक्ट्री के कारण जल संकट उत्पन्न होने का आरोप है ग्रामीणों का कहना है कि कई क्षेत्रों में भूजल स्तर काफी नीचे चला गया है या जलस्रोत सूख गए हैं उन्होंने ऐसे इलाकों में पेयजल की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि फैक्ट्री की ओर से सीएसआर फंड का अपेक्षित उपयोग ग्रामीणों के उत्थान और मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए नहीं किया जा रहा है इस पर उपायुक्त ने क्षेत्र का भ्रमण करने की बात स्वीकार करते हुए ग्रामीणों को जांच और निरीक्षण का आश्वासन दिया उपायुक्त ने बुधवार सुबह पूर्वांचल क्षेत्र का निरीक्षण करने की बात कही है सभी विभागों की अनुमति की संयुक्त जांच की मांग आवेदन में जल संसाधन विभाग डीवीसी डीवीआरआरसी झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भू-जल बोर्ड पथ निर्माण विभाग संबंधित अंचल कार्यालय और जिला प्रशासन से जुड़ी अनुमतियों की संयुक्त जांच कराने की मांग की गई है।

## डांडीडीह में संकरे-जर्जर पुल की जगह बनेगा डबल लेन नया पुल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** डांडीडीह स्थित सीसीएल की रेलवे लाइन के ऊपर बने संकरे और जर्जर पुल की समस्या को लेकर सिविल सोसाइटी गिरिडीह की पहल रंग लाती दिख रही है सिविल सोसाइटी द्वारा उपायुक्त को दिए गए अनुरोध पत्र पर संज्ञान लेते हुए पथ निर्माण विभाग ने कार्यालय सचिव सुधीर कुमार अग्रवाल को पत्र भेजकर नए पुल के निर्माण की दिशा में की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी है विभाग के अनुसार वर्तमान संकरे पुल के स्थान पर डबल लेन नए पुल के निर्माण के लिए मिट्टी की जांच पूरी कर ली गई है जबकि डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया जारी है।

# वज्रपात पीड़ितों के हक में सदन में गूंजी विधायक मंजु कुमारी की आवाज

## जमुआ-देवरी में वज्रपात से हुई मौतों पर मुआवजे की मांग, तड़ित चालक व पूर्व चेतावनी प्रणाली लगाने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** जमुआ विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रही वज्रपात की घटनाओं और इससे हो रही जनहानि का मामला जमुआ विधायक मंजु कुमारी ने विधानसभा के सदन में जोरदार तरीके से उठाया उन्होंने जमुआ एवं देवरी प्रखंड में वज्रपात से हुई मौतों का उल्लेख करते हुए मृतकों के परिजनों को तत्काल मुआवजा एवं आवश्यक सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग सरकार से की विधायक ने कहा कि वज्रपात की घटनाओं में कई परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है ऐसे कठिन समय में प्रभावित



परिवारों को सरकारी सहायता के लिए इंतजार नहीं करना चाहिए सरकार की जिम्मेदारी है कि पीड़ित परिवारों तक शीघ्र राहत और मुआवजा पहुंचाया जाए उन्होंने भविष्य में वज्रपात से होने वाली जनहानि को रोकने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में तड़ित चालक लगाने पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने तथा पंचायत स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की मांग भी सदन में रखी विधायक मंजु कुमारी ने कहा कि वज्रपात पीड़ित परिवारों को उनके हाल पर नहीं छोड़ा जा सकता प्रभावित लोगों के हक राहत और सुरक्षा के लिए वह लगातार आवाज उठाती रहेंगी उन्होंने सरकार से वज्रपात प्रभावित परिवारों को शीघ्र मुआवजा देने के साथ साथ भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए ठोस एवं प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

# छात्रों पर लाठीचार्ज और जेपीएससी जएसएससी परीक्षा में कथित गड़बड़ी के विरोध में भाजपा का झारखंड बंद

## गिरिडीह महानगर में शांतिपूर्ण रहा बंद दुकानदारों से प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** रांची में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज तथा जेपीएससी और जएसएससी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को झारखंड बंद का आह्वान किया गया बंद के समर्थन में गिरिडीह महानगर में भी भाजपा कार्यकर्ता एवं बंद समर्थक सड़क पर उतरे और विभिन्न क्षेत्रों में दुकानदारों एवं व्यवसायियों से अपने प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की गिरिडीह में बंद का असर शांतिपूर्ण रहा इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने आम लोगों एवं व्यवसायियों से बंद को सफल बनाने में सहयोग की अपील की कार्यकर्ताओं ने कहा कि बंद छात्रों के भविष्य की रक्षा, परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग को लेकर किया गया है भाजपा जिलाध्यक्ष रंजीत राय ने कहा कि झारखंड सरकार को छात्रों की आवाज दबाने





के बजाय उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए जेपीएससी और जएसएससी जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है छात्रों पर लाठीचार्ज किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है प्रदेश महामंत्री दिलीप वर्मा ने कहा कि छात्रों के साथ अन्याय और परीक्षा व्यवस्था में कथित गड़बड़ी के खिलाफ भाजपा सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। सरकार को छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव ने कहा कि झारखंड के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज करना सरकार की संवेदनहीनता को दशार्ता है भाजपा छात्रों के न्याय और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की लड़ाई मजबूती से लड़ेगी बंद कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रंजीत राय प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा एवं शालिनी बैशखियार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव चुन्नूकांत विनय सिंह विनिता कुमारी संजीव कुमार पूर्व जिलाध्यक्ष महादेव दुबे जिला महामंत्री संदीप डंगेच सिकंदर हेमब्रम नवीन सिन्हे देवराज सुरेश मंडल दीपक यादव सुभाष सिन्हा तुतुल दा राजेश जायसवाल सुमन सिन्हा हरविंदर सिंह बग्गा जय शंकर सिन्हा कुंदन सिंह कार्तिक डंगेच गौरव कुमार अंशु मनोज तुरी अमरदीप समरदीप उत्तम पांडेय मक्खन चंद्रवंशी पवन कंधवे अमरदीप शर्मा आदित्य यादव अरविंद चंद राय श्यामाकांत तिवारी मुकेश जालान विवेश जालान इनोद साव राज किशोर साव दीपक शर्मा आकाश सिंह सुरेश गुप्ता साहिल शर्मा सुनीत सिंह मनोज संघई डॉ. चौधरी सदानंद राम विवेक गुप्ता संदीप कुमार एवं श्याम कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गायब हुई केंद्रीय विद्यालय की छात्रा

## रेलवे ट्रैक पर मिला ड्रेस और बैग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** केंद्रीय विद्यालय खगौल की 10वीं कक्षा की छात्रा के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। छात्रा के स्कूल से निकलने के बाद घर नहीं पहुंचने और सरारी गुमटी के पास रेलवे ट्रैक पर उसका स्कूल ड्रेस और बैग मिलने से परिजन किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने सड़क पर आगजनी कर सरारी-बिहटा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

जानकारी के अनुसार, खगौल थाना क्षेत्र के लोको कॉलोनी में किराये के मकान में रहने वाले संजय कुमार की बेटी केंद्रीय विद्यालय खगौल में 10वीं कक्षा में पढ़ती है। सोमवार को स्कूल की छुट्टी करीब डेढ़ बजे हुई थी। परिजनों के मुताबिक, छुट्टी के बाद छात्रा घर के लिए निकली, लेकिन करीब दो बजे तक घर नहीं पहुंची। काफी देर तक छात्रा के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और स्कूल प्रबंधन से संपर्क किया। स्कूल की ओर से बताया गया कि छुट्टी के बाद छात्रा स्कूल से निकल गई थी। परिजनों ने शाम करीब चार बजे थाने में लिखित आवेदन देकर छात्रा के लापता होने की सूचना दी। इसी दौरान सरारी गुमटी के पास रेलवे ट्रैक पर छात्रा का स्कूल ड्रेस और बैग मिलने की जानकारी सामने आई। इसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ गई। छात्रा के चाचा ने आरोप लगाया कि पुलिस को सूचना देने और लिखित आवेदन देने के बावजूद समय रहते छात्रा की तलाश शुरू नहीं की गई। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजन और स्थानीय लोग सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने सरारी गुमटी के समीप आगजनी कर सरारी-बिहटा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सूचना मिलने पर आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। इसके अलावा खगौल और शाहपुर थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई। सड़क जाम के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। पुलिस छात्रा की तलाश में जुटी है।

# महज चार साल में ही जर्जर हो गया पुल

## एक्सपेंशन ज्वाइंट में गैपिंग, क्रैश बैरियर में पड़ी दरारें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बाढ़ अनुमंडल से होकर गुजरने वाले एनएच-30ए पर सिकंदरपुर पुल की हालत महज चार साल में ही जर्जर हो गई है। पुल के दोनों ओर साइड स्लोप में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारिश के कारण मिट्टी धंसने से ये गड्ढे लगातार गहरे होते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इनमें भारी वाहन तक समा सकते हैं। ऐसे में पुल के किनारे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

वर्ष 2022 में करीब 600 करोड़ रुपये की लागत से बाढ़-हरनौत-फतुहा नेशनल हाईवे-30ए के टू-लेन अपग्रेडेशन का निर्माण कार्य पूरा हुआ था। निर्माण पूरा हुए अभी करीब चार साल ही हुए हैं, लेकिन सिकंदरपुर पुल पर सड़क और पुल की स्थिति को देखकर निर्माण की गुणवत्ता और रखरखाव पर सवाल उठने लगे हैं। सिकंदरपुर पुल से सटे दोनों तरफ के साइड स्लोप में कई जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं। बारिश के दौरान मिट्टी धंसने से इनकी गहराई बढ़ रही है। पुल के किनारे बने ये गड्ढे वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। खासकर रात या तेज बारिश के दौरान दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। ग्रामीणों और वाहन चालकों ने संबंधित विभाग से तत्काल मरम्मत और सुरक्षा उपाय करने की मांग की है।

पुल पर भारी वाहनों की लगातार आवाजाही का असर एक्सपेंशन ज्वाइंट पर भी दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि एनटीपीसी की फ्लाई ऐश लेकर चलने वाले हाइवा और अन्य भारी वाहनों के कारण एक्सपेंशन ज्वाइंट में काफी गैपिंग आ गई है। वहीं, क्रैश बैरियर के ज्वाइंट वाले हिस्सों में बड़ी दरारें दिखाई दे रही हैं। कई अन्य स्थानों पर भी क्रैश बैरियर क्षतिग्रस्त है।

## छात्रों पर हुए लाठी चार्ज को ले भड़के दीपके

# देवेंद्र नाथ महतो से वीडियो कॉल पर की बातचीत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर अब राजनीतिक और सामाजिक समर्थन भी सामने आने लगा है। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो से अस्पताल में वीडियो कॉल पर बातचीत कर उनका हाल जाना और प्रदर्शन के दौरान हुई कथित पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए। वहीं, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी आंदोलनकारी छात्रों की मांगों का समर्थन करते हुए सरकार से उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान करने की अपील की है। केजरीवाल ने कहा कि छात्रों के खिलाफ हिंसा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।झारखंड में छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जब राजनीतिक दल प्रदर्शन करते हैं तो उनके खिलाफ आंसू गैस और लाठीचार्ज का इस्तेमाल क्यों नहीं किया जाता, लेकिन छात्रों के प्रदर्शन के दौरान ही ऐसी कार्रवाई क्यों की जाती है?

अभिजीत दीपके ने कहा, मैंने देवेंद्र महतो से बात की। उन्होंने बताया कि पिछले नौ दिनों से भूख हड़ताल पर होने के बावजूद पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया। देश की सभी सरकारों को सोचना चाहिए कि छात्रों पर अत्याचार करके उन्हें आखिर क्या हासिल हो रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रों के खिलाफ इस तरह की बर्बरता नहीं होनी चाहिए। दीपके ने देवेंद्र महतो को हरसंभव समर्थन देने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि झारखंड में उनकी टीम छात्रों के साथ मिलकर काम कर रही है।

सीजेपी की ओर से जारी बयान के अनुसार, अभिजीत दीपके ने अस्पताल में भर्ती छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो से वीडियो कॉल पर बातचीत की। संगठन का दावा है कि पुलिस कार्रवाई से पहले महतो पिछले नौ दिनों से भूख हड़ताल पर थे और कथित लाठीचार्ज के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। सीजेपी के मुताबिक, महतो को सीने में तेज दर्द और प्रदर्शन के दौरान लगी चोटों के बाद ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया। संगठन ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ पुलिस ने बल प्रयोग किया। हालांकि, पुलिस कार्रवाई और उससे जुड़ी परिस्थितियों को लेकर सामने आए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है।

# स्कूल बस ने बाइक सवार युवक को कुचला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधेपुरा।** जिले के आलमनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सोनामुखी रोड पर तेज रफ्तार स्कूल बस ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिसके बाद वह बस के पहिए के नीचे आ गया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया और दुर्घटना के बाद मौके पर खड़ी स्कूल बस में जमकर तोड़फोड़ की। करीब तीन घंटे तक आलमनगर-सोनामुखी रोड पर आवागमन बाधित रहा।

मृतक की पहचान भ्रमरपुर टोला वार्ड नंबर-7 निवासी सुबोध मंडल के 18 वर्षीय बेटे रंजीत कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि मंगलवार सुबह रंजीत किसी काम से बाइक लेकर जा रहा था। इसी दौरान सोनामुखी रोड स्थित पासवान टोला के पास वह कृष्णा बोर्डिंग स्कूल की बस की चपेट में आ गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, बस तेज रफ्तार में थी और चालक ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान बाइक और बस के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद रंजीत बाइक समेत सड़क पर गिर गया और बस के पहिए के नीचे आ गया। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया और आरोपी चालक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई तथा मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग शुरू कर दी।

इसी दौरान गुस्साई भीड़ ने स्कूल बस में तोड़फोड़ कर दी। बस के चारों ओर के शीशे तोड़ दिए गए और अंदर भी नुकसान पहुंचाया गया। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया।

# पंचतत्व में विलीन हुआ जवान, नम हुई लोगों की आंखें

## पांच वर्षीय पुत्र ने दी मुखाग्नि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** भारतीय सेना की एयर डिफेंस रेजीमेंट में तैनात मुंगेर के वासुदेवपुर निवासी हवलदार संजीव कुमार (41) का लखनऊ के कमान अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। निधन के बाद सेना के जवान उनके पार्थिव शरीर को ताबूत में रखकर एंबुलेंस से मुंगेर लेकर पहुंचे। सोमवार को श्मशान घाट पर सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। श्मशान घाट पर सेना के जवानों ने सैन्य परंपरा के अनुसार हवलदार संजीव कुमार के पार्थिव शरीर को सलामी देकर अंतिम विदाई दी। सैन्य सम्मान के बाद उनके पांच वर्षीय बेटे योगेश राज ने



पिता को मुखाग्नि दी। जिस उम्र में बेटे को पिता का हाथ पकड़कर चलना था, उसी उम्र में उसे पिता की चिता को मुखाग्नि देनी पड़ी। यह मार्मिक दृश्य देखकर श्मशान घाट पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। अंतिम संस्कार के दौरान लोगों ने ह्यशहीद संजीव कुमार अमर रहेंह्व के नारे भी लगाए। सैन्य सम्मान और नारों के बीच हवलदार संजीव कुमार पंचतत्व में विलीन हो गए।

हवलदार संजीव कुमार वर्ष 2004 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। उन्होंने करीब 22 वर्षों तक सेना में सेवा दी। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग ओडिशा के गोपालपुर में थी, जहां वह आर्मी एयर डिफेंस रेजीमेंट में कार्यरत थे। तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें इलाज के लिए लखनऊ के कमान अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

संजीव कुमार अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बेटों को छोड़ गए हैं। बड़ा बेटा योगेश राज पांच वर्ष का है, जबकि छोटा बेटा करीब तीन वर्ष का है। पांच वर्षीय योगेश द्वारा पिता को मुखाग्नि देने का दृश्य बेहद भावुक कर देने वाला था। अंतिम संस्कार के दौरान पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल था। पति का पार्थिव शरीर देखकर वह बार-बार बेसुध हो रही थीं।

# धू-धू कर जली स्कॉर्पियो, लोगों ने कूद कर बचाई जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** हाईवे पर तेज रफ्तार से दौड़ रही स्कॉर्पियो के बोनट से अचानक धुआं उठने लगा। कुछ ही पल में धुआं आग की लपटों में बदल गया। खतरा भांपते ही चालक ने बिना देर किए गाड़ी सड़क किनारे रोक दी। चालक समेत तीनों सवार बाहर निकले ही थे कि स्कॉर्पियो धू-धू कर जलने लगी। मंगलवार को एनएच-28 पर हुई इस घटना में चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।

स्थानीय निवासी प्रकाश ने बताया कि स्कॉर्पियो काफी तेज गति से कांटी की ओर जा रही थी। इसी दौरान गाड़ी के अगले हिस्से यानी बोनट से अचानक तेज धुआं निकलने लगा। चालक की नजर जैसे ही धुएं पर पड़ी, उसने तत्काल खतरे को भांप लिया।

चालक ने बिना समय गंवाए स्कॉर्पियो को सड़क किनारे रोक दिया। गाड़ी रुकते ही चालक समेत उसमें सवार तीनों लोग तुरंत बाहर निकल गए। उनके बाहर निकलने के कुछ ही क्षण बाद वाहन में तेज आग लग गई। देखते ही देखते पूरी स्कार्पियो आग की ऊंची लपटों से घिर गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि यदि चालक ने समय रहते गाड़ी नहीं रोकी होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि चालक की तत्परता के कारण तीनों लोग सुरक्षित बाहर निकल गए। घटना के बाद मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा।

स्कार्पियो में आग लगने के बाद एनएच-28 पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। राहगीर और स्थानीय लोग भी मौके पर जुट गए। आग की लपटों के कारण कुछ समय तक हाईवे पर परिचालन पूरी तरह बाधित रहा। कांटी थानाध्यक्ष ने बताया कि स्कार्पियो में आग लगने की सूचना मिली थी।

# बीडीसी की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा

## आवास योजना में बिचौलियों की शिकायत पर जांच की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह के संचालन में पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही पंचायत स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को लेकर सदस्यों ने अधिकारियों के समक्ष कई मुद्दे उठाए। धर्मपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य ने प्रधानमंत्री आवास योजना में कथित रूप से बिचौलियों की भूमिका होने की शिकायत सदन के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष रखी। उन्होंने मामले की जांच कराकर वास्तविक लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने तथा दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आग्रह किया।

पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि सरकार की आवास योजना का उद्देश्य जरूरतमंद एवं गरीब परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। ऐसे में यदि योजना के लाभुकों से किसी प्रकार की अवैध राशि की मांग की जाती है या बिचौलियों के माध्यम से योजना का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाता है, तो इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। इस मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी से सदन के माध्यम से जांच कराने का निवेदन किया गया।

बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, आपूर्ति सहित अन्य विभागों से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई। पंचायत प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। अधिकारियों ने सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई का



भरोसा दिलाया।

बैठक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामजन्म सिंह, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नूरजहां, पीएससी प्रभारी सुमित कुमार, पीएचसी स्वास्थ्य प्रबंधक अमानुल्लाह, बिजली विभाग के जेई आकाश वर्मा, विकास कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे इसके अलावा मुखिया नटवर कुमार राय, संजीव कुमार पासवान, पंचायत समिति सदस्य मनोज कुमार सिंह, गुंजन कुमार सिंह, प्रखंड उपप्रमुख पूनम देवी, अमेरिका देवी, सीताराम यादव, अशर्फी साहनी, शंभू बैठा, मोहन झा सहित कई पंचायत प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया।

बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू किया जाना चाहिए, ताकि योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके। प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार सिंह एवं बीडीओ वीरेंद्र कुमार सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## यात्री सुविधा की मांग पर डटे अरविंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** तिलैया-राजगीर रेलखंड पर ओड़ो रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार और एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर 'एंटी क्राइम ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन काउंसिल' के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया अरविंद मिश्रा का नंगे पैर आंदोलन लगातार जारी है। 14 अप्रैल 2026 से शुरू हुआ उनका आंदोलन 120वें दिन में प्रवेश कर चुका है। इतने लंबे समय बाद भी रेल प्रशासन की ओर से मांगों पर ठोस पहल नहीं होने से आंदोलनकारी में नाराजगी है।

नंगे पैर आंदोलन कर रहे अरविंद मिश्रा ने कहा कि उनके पैरों में पड़े छाले केवल शारीरिक घाव नहीं हैं, बल्कि आम जनता की पीड़ा, दर्द और उपेक्षा की गवाही दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इतने दिनों से आंदोलन जारी रहने के बावजूद रेलवे के जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की ओर से अपेक्षित पहल नहीं की गई है।

# स्ट्रेचर के अभाव में बुजुर्ग मरीज को बेटे ने गोद में ढोया

## व्यवस्था पर उठे सवाल, वीडियो वायरल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के दावों के बीच जमुई सदर अस्पताल की एक तस्वीर व्यवस्था की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े कर रही है। यहां 75 वर्षीय बुजुर्ग मरीज को सीटी स्कैन कराने के लिए जब स्ट्रेचर नहीं मिला तो मजबूर होकर उसके बेटे ने पिता को गोद में उठा लिया। अस्पताल परिसर में बुजुर्ग पिता को गोद में उठाकर ले जाते बेटे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद अस्पताल की व्यवस्था और मरीजों को मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

जानकारी के अनुसार, सोनो प्रखंड के चुरहैत निवासी सदानंद सिंह अपने पिता रंजय सिंह (75) को बुखार और निमोनिया की शिकायत पर इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल लेकर पहुंचे थे। चिकित्सक ने जांच के बाद बुजुर्ग का सीटी स्कैन कराने की सलाह दी।

इसके बाद स्वजन उन्हें जांच के लिए ले जाने को स्ट्रेचर की तलाश करने लगे, लेकिन काफी देर तक स्ट्रेचर उपलब्ध नहीं हो सका।

सदानंद सिंह के अनुसार, उन्होंने अस्पताल में मौजूद कर्मियों से स्ट्रेचर के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि एक स्ट्रेचर उपलब्ध था, लेकिन उस पर पहले से एक शव रखा हुआ था। ऐसे में शव वाले स्ट्रेचर पर पिता को ले जाना संभव नहीं था। दूसरे स्ट्रेचर के लिए भी उन्होंने काफी प्रयास किया, लेकिन तत्काल कोई व्यवस्था नहीं हो सकी। समय बीतता देख आखिरकार बेटे ने अपने 75 वर्षीय पिता को गोद में उठाया और अस्पताल के भीतर चिकित्सक के पास पहुंचा। इसी दौरान किसी ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। घटना ने अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं पर सवाल खड़ा कर दिया है। सवाल यह भी है कि यदि अस्पताल में पर्याप्त संख्या में स्ट्रेचर उपलब्ध थे तो जरूरत के समय वे मरीज तक क्यों नहीं पहुंच सके। वहीं, यदि स्ट्रेचर की कमी थी तो अस्पताल प्रबंधन की ओर से वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई।

### स्वास्थ्य सेवा खुद बीमार?

मरीज के स्वजन का कहना है कि एक बुजुर्ग मरीज को अस्पताल के अंदर गोद में उठाकर ले जाना उनके लिए मजबूरी थी। लोगों ने वायरल वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए अस्पताल प्रबंधन से व्यवस्था में सुधार और जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। घटना सोमवार दोपहर की बताई जा रही है।

# घर के बाहर सो रहे किसान पर जानलेवा हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** धोबहा थाना क्षेत्र के भदेया गांव में घर के बाहर चौकी पर सो रहे एक किसान पर बदमाश ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। नींद खुलने पर किसान ने हमलावर का हाथ पकड़ लिया, जिसके बाद दोनों के बीच हाथापाई हुई। हाथापाई के दौरान बदमाश मौके पर हंसुआ और अपनी चप्पल छोड़कर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल किसान को स्वजन इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज चल रहा है।घायल किसान 70 वर्षीय सदानंद सिंह हैं। वे धोबहा थाना क्षेत्र के भदेया गांव के वार्ड नंबर दो निवासी स्व. सरयू सिंह के पुत्र और पेशे से किसान हैं।

घटना की सूचना मिलते ही धोबहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से वारदात में प्रयुक्त हंसुआ और हमलावर की चप्पल जब्त की है। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस हमलावर की पहचान करने में जुटी है।

पुलिस की ओर से हमलावर की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और अन्य बिंदुओं की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में अभी तक किसी तरह की रंजिश या विवाद की बात सामने नहीं आई है। घायल सदानंद सिंह ने पुलिस को बताया कि सोमवार की रात खाना खाने के बाद वे रोज की तरह घर के बाहर चौकी पर सो गए थे।

रात करीब एक बजे एक बदमाश धारदार हंसुआ लेकर वहां पहुंचा और उन पर हमला कर दिया। इसी दौरान उनकी नींद खुल गई और उन्होंने हमलावर का हाथ पकड़ लिया।

हाथापाई के बाद बदमाश हंसुआ और चप्पल वहीं छोड़कर मौके से भाग निकला। किसान के शोर मचाने पर स्वजन घर से बाहर आए। इसके बाद उन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल, आरा ले जाया गया।

## महिला चिकित्सक से चेन की छिनतई

**लखीसराय।** शहर में दिनदहाड़े महिला चिकित्सक से सोने की चेन छिनतई की घटना ने अपराधियों के एक संगठित गिरोह के शहर में प्रवेश की आशंका को बल दिया है। पुलिस को आशंका है कि बेगूसराय जिले के बरौनी का चर्चित तिवारी गैंग लखीसराय में सक्रिय हो सकता है। हालांकि, पुलिस इस बिंदु की गहनता से जांच कर रही है और अभी गिरोह की संलिप्तता की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लगातार सामने आ रही चेन छिनतई की घटनाओं और घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे संदिग्धों की समानता ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी है। मामले की शुरूआत शहर के व्यस्त विद्यापीठ चौक स्थित पर दिनदहाड़े महिला चिकित्सक सोमा के गले से सोने की चेन छीनने की घटना से हुई। बाइक पर सवार दो अपराधियों ने मौका पाकर महिला चिकित्सक को निशाना बनाया और चेन छीनकर तेज गति से फरार हो गए। व्यस्त सड़क और दिन के समय हुई इस वारदात ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए।

# वज्रपात से तीन मजदूरों की गयी जानें

## धान की रोपनी कर रहे थे मृतक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा जिले के रजौली प्रखंड की अमावां पश्चिमी पंचायत के वार्ड संख्या पांच स्थित दरियापुर गांव में मंगलवार की शाम दर्दनाक हादसा हो गया। धान की रोपनी कर रहे मजदूरों पर ठनका गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक मजदूर घायल हो गया। घटना शाम करीब पांच बजे की बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, सीतामढ़ी जिले के सोनवर्षा प्रखंड अंतर्गत मधेशरा गांव से 12 मजदूर धान रोपने के लिए रजौली आए थे।इनमें आठ मजदूर राजाबिगहा गांव में, जबकि चार मजदूर दरियापुर गांव में मनोज यादव के खेत में धान की रोपनी कर रहे थे। मंगलवार शाम अचानक बादल गरजने के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू होने के बाद मजदूर खेत से बाहर निकलने लगे। इसी दौरान तेज आवाज के साथ ठनका गिरा और चार मजदूर इसकी चपेट में आ गए।

इनमें तीन मजदूरों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे में एक मजदूर घायल हो गया, जिसे बाद में इलाज के लिए ले जाया गया।

ठनका गिरने से मधेशरा गांव निवासी 60 वर्षीय मणि मांझी की मौत हो गई। इसके अलावा इंदल मांझी के 18 वर्षीय पुत्र इंद्रजीत मांझी और रामप्रीत मांझी के 20 वर्षीय पुत्र राजेंद्र मांझी ने भी जान गंवाई। वहीं अशोक मांझी के



पुत्र रघुवर कुमार हादसे में बाल-बाल बच गए।

घटना के बाद रघुवर कुमार ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले तीनों मजदूर उनके चाचा और चचेरे भाई थे। घटना की सूचना मिलते ही रजौली से दो एंबुलेंस और एएसआई संजय कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाई है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। हादसे के बाद मृतकों के स्वजन में चीख-पुकार मची है। अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत की सूचना मिली है। आपदा प्रबंधन के तहत मृतकों के परिजनों को सरकारी मुआवजा दिया जाएगा। प्रशासन की ओर से नियमानुसार आगे की प्रक्रिया की जा रही है।

# जिले के 30 गांवों के 25 हजार परिवारों की छिन गई पहचान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** कटिहार में गंगा और महानंदा की धाराएं हर साल सिर्फ जमीन नहीं काटतीं, बल्कि लोगों की पीढ़ियों की मेहनत, सपने और पहचान भी बहा ले जाती हैं। जिले में अब तक करीब 30 गांव और टोले नदी के गर्भ में समा चुके हैं।

इसके साथ ही 25 हजार से अधिक परिवार अपनी पुश्तैनी जमीन, घर और रोजी-रोटी से बेदखल होकर विस्थापन का दर्द झेल रहे हैं। इन सबसे के बीच बड़ा सवाल यह बना है कि आखिर इन परिवारों का कसूर क्या था? उनका अपराध सिर्फ इतना था कि वे नदी किनारे बसे थे।

वर्षों से कटाव रोकने और स्थायी पुनर्वास के दावे होते रहे, लेकिन हालात नहीं बदले। सरकारी फाइलों में योजनाएं दौड़ती रहीं, जबकि हकीकत में हजारों लोग आज भी तटबंधों, सरकारी जमीनों और सड़क किनारे टीन की झोपड़ियों में जिंदगी काट रहे हैं।

एक समय जिन किसानों की पहचान सैकड़ों कट्ठा उपजाऊ जमीन से थी, वे आज मजदूरी कर परिवार पालने को मजबूर हैं। खेत गंगा में समा गए, मकान मिट्टी में मिल गए और संपन्न परिवार विपन्नता की ऐसी खाई में धकेल दिए गए, जहां से निकलना आसान नहीं है।

ऐसे में कटाव प्रभावित बरारी के बबलू सिंह, पंकज सिंह, छोटलाल साह, अशोक महलदार व अमदाबाद के विस्थापित भोला भंडल, बूटन मंडल, शंकर मंडल, राम अवतार सिंह, खुशी लाल दास, मो जमशेद, मोतीउर रहमान समेत अन्य सवाल पूछ रहे हैं कि आखिर कब तक घर उजड़ते रहेंगे? कब मिलेगा स्थायी पुनर्वास? कब बनेगा ऐसा तटबंध जो गांवों को बचा सके?

बहरहाल, इसका जवाब जिम्मेदार ही जाने लेकिन कटिहार में बाढ़ और कटाव अब सिर्फ प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि मानवीय त्रासदी बन चुका है। नदी नया भूगोल लिख रही है।

## सोना-सोबरन योजना में धीमी प्रगति को ले

# डीसी ने एमओ को लगायी फटकार

### पात्र आवेदकों को नया राशन कार्ड जारी करने का निर्देश

### प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन का दिया आदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक की।

इस दौरान एनएफएसए, जेएसएफएसएस, राशन कार्ड, धान अधिप्राप्ति, फजमा, चना-दाल वितरण एवं सोना-सोबरन धोती-साड़ी-लूंगी योजना की प्रगति की समीक्षा की गयी।

उपायुक्त शेखावत ने निर्देश दिया कि अयोग्य राशन कार्ड हटाए जाने के अनुरूप नए राशन कार्ड के लिए प्राप्त पात्र आवेदनों का सत्यापन कर नियमानुसार शीघ्र नया राशन कार्ड जारी किया जाए, ताकि कोई पात्र व्यक्ति राशन की सुविधा से वंचित न रहे।

सोना-सोबरन धोती-साड़ी-लूंगी योजना की समीक्षा में मेदिनीनगर के मार्केटिंग ऑफिसर द्वारा अब तक 80 प्रतिशत वितरण किए जाने पर डीसी ने नाराजगी जताते हुए फटकार लगायी।

उन्होंने शेष पात्र लाभुकों के बीच शीघ्र वितरण कर शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने खाद्यान्न वितरण एवं डोर स्टेप डिलीवरी की नियमित मॉनिटरिंग करने, चना-दाल का समय पर वितरण एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण करने को कहा। धान अधिप्राप्ति एवं उटफजमा में तेजी लाने तथा राइस मिलों से समय पर उटफजमा करने का भी निर्देश दिया।

गोदाम व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने जहां जन सेवक गोदाम का प्रभार संभाल रहे हैं, वहां संबंधित एमओ को एजीएम का अतिरिक्त प्रभार देने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद कुमार एजीएम सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बताया जाता है कि डीसी के सख्त रवैये से अधिकारियों एवं कर्मियों में हड़कम्प व्याप्त है।

# शो रूम के सामने स्कूटी में युवक ने लगायी आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** सरायढेला कोला कुसुमा के समीप उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक युवक ने ओला शोरूम के सामने ही अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी में आग लगा दी। देखते ही देखते स्कूटी धू-धूकर जलने लगी और सड़क पर धुएं का गुबार उठने लगा।

घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। चंदन सिंह नामक युवक अपनी ओला स्कूटी में लगातार आ रही तकनीकी खराबी और सर्विसिंग की समस्या से परेशान थे। सोमवार दोपहर वह स्कूटी लेकर कोला कुसुमा स्थित शोरूम के पास पहुंचे। शोरूम कर्मियों से कुछ बात हुई जिसके बाद समस्याओं से नाराज होकर उन्होंने शोरूम के सामने ही स्कूटी में पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

यह घटना ने ओला की सर्विस पर सवालिया निशान लगा दिया है। उधर, ओला स्कूटी में आग लगते ही आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर जुट गए। कुछ ही देर में स्कूटी पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के कारण सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

घटना को लेकर आसपास के इलाके में काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। चंदन सिंह का कहना था कि कंपनी ने स्कूटी बेचने के दौरान जो वादा किया था। उसे पूरा नहीं कर रहा है। वह खुद कैंसर पीड़ित है और उन्हें लगातार दौड़ाया जा रहा था। आपको बता दें कि ओला की स्कूटी व बाइक सर्विस को लेकर धनबाद में सैकड़ों लोग काफी समय से परेशान हैं।

भुईफोड़ के समीप भी ओला शोरूम के सामने सैकड़ों स्कूटी मरम्मत व सर्विस नहीं होने के चलते बेकार पड़ी हैं। कई बार ग्राहकों ने इसकी शिकायत भी की है, लेकिन कभी पार्ट्स नहीं मिलने तो कभी अन्य खराबी का बहाना कर मामले को रफा दफा कर दिया जाता है।

## अपहृत किशोरी बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के एक गांव से अपहृत किशोरी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और मोबाइल लोकेशन के आधार पर किशोरी को बेगूसराय बस स्टैंड से बरामद किया।

प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वजीत कुमार ने बताया कि किशोरी के अपहरण को लेकर उसकी मां ने सोमवार को नावकोठी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में अज्ञात व्यक्ति को आरोपित किया गया था। मामला दर्ज होते ही पुलिस पदाधिकारियों ने कार्रवाई शुरू कर दी। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्य एवं मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस को किशोरी के बेगूसराय में होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बेगूसराय बस स्टैंड से उसे सकुशल बरामद कर लिया।बरामद अपहृता को न्यायालय में 183 के तहत बयान दर्ज कराने के लिए भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई में एसआई पूनम कुमारी साहा सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# मालगाड़ी के बेपटरी होने से थमी कई ट्रेनों की रफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल के सीआइसी सेक्शन में मंगलवार सुबह हुए मालगाड़ी हादसे के बाद ट्रेन संख्या 18612 बनारस-रांची एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। मंगलवार को ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग सोननगर-गढ़वा रोड-बरकाकाना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग सोननगर-गया-गोमो-मुरी होकर रांची पहुंचेगी।

पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड-सिंगसिंगी रिवर्सिबल लाइन के अंतर्गत मालगाड़ी के डिरेलमेंट के कारण रेल परिचालन प्रभावित हुआ है। मंगलवार सुबह करीब 10:45 बजे अंतिम सीमा क्षेत्र स्थित सबौना गांव के समीप खलारी से सोननगर की ओर रिवर्सल लाइन से जा रहे कोयला लदी मालगाड़ी के 11 वैगन बेपटरी हो गए।

इनमें दो वैगन डाउन लाइन पर गिर गए। इसके कारण मुगलसराय से धनबाद रेल मंडल की ओर जाने वाला रेल परिचालन प्रभावित हो गया। हादसे के करीब दो घंटे बाद तक सुरक्षा कारणों से अप लाइन पर भी रेल परिचालन शुरू नहीं किया जा सका था।

दुर्घटना में मालगाड़ी का पूरा रैक दो हिस्सों में बंट गया। इंजन की ओर के चार कोयला लदे वैगन एवं गार्ड वैन की ओर के सात वैगन पटरी से उतर गए। हादसे में रिवर्सल लाइन की पटरी भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

घटना की सूचना मिलते ही बरवाडीह, चोपन और मुगलसराय से एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन तथा रेलवे क्रेन को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। राहत दल के पहुंचने के बाद क्षतिग्रस्त वैगनों को हटाने और क्षतिग्रस्त रेल पटरी की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, हादसे से रेलवे को बड़े नुकसान का अनुमान है। मालगाड़ी के बेपटरी होने के कारण यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ। रेल प्रशासन ने क्षतिग्रस्त वैगनों को हटाने और पटरी की मरम्मत का काम तेज कर दिया है, ताकि रेल परिचालन को जल्द से जल्द सामान्य किया जा सके।

# पिछले 15 दिनों से बंद है नल-जल योजना

### जल्द आपूर्ति बहाल करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** पहसारा पश्चिम पंचायत के वार्ड संख्या पांच में पिछले 15 दिनों से नल-जल योजना ठप रहने के कारण करीब दो हजार लोगों के सामने पेयजल संकट गहरा गया है। तकनीकी खराबी के कारण जलापूर्ति पूरी तरह बंद है। लगातार कई दिनों से पानी नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। स्थानीय उपभोक्ताओं ललित पासवान, राजेश झा, चमरू पासवान, सरबण कुमार, रामबदन साह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि नल-जल योजना बंद होने की शिकायत संबंधित विभागीय अधिकारियों से कई बार की जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक तकनीकी खराबी को दूर कर जलापूर्ति बहाल नहीं की गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि योजना के तहत घरों तक पानी पहुंचने की सुविधा पर निर्भर परिवारों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है।

पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामनाथ सिंह उर्फ बुदुल सिंह ने बताया कि नल-जल योजना में आई तकनीकी खराबी की जानकारी विभागीय अधिकारियों को कई बार दी गई है। समस्या से अवगत कराने के बावजूद अब तक मरम्मत की दिशा में ठोस पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए नल-जल योजना की तकनीकी खराबी को शीघ्र दूर कराने तथा नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के मौसम में लंबे समय तक जलापूर्ति बाधित रहना लोगों के लिए गंभीर समस्या है। यदि जल्द आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ सकती है।

# कैग की रिपोर्ट में जल जीवन मिशन योजनाओं की खुली पोल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य में जल जीवन मिशन की योजनाओं का काम कई ऐसे ठेकेदारों को मिला जो निविदा यानि टेंडर की शर्तों के लिए अयोग्य थे। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने सालाना आडिट रिपोर्ट में ये तथ्य उजागर किए हैं।मंगलवार को जारी की गई रिपोर्ट के मुताबिक सैंपल के तौर पर 39 निविदाएं ली गईं। इनमें सात निविदाएं एक ही संवेदक या ठेकेदार को आवंटित की गईं। 54.05 करोड़ की मूल्य वाली निविदा में एजेंसी के पांच वित्तीय वर्ष का खाता देने की शर्त थी।

इसी के आधार पर उसके सिविल कार्यों के टर्नओवर का निर्धारण होना था। जबकि ठेकेदार ने केवल दो साल का लेखाजोखा दिया। बाकी के तीन सालों का अधूरा कागज देकर काम अपने नाम करा लिया। इसके अलावा काम पूरा करने के लिए इंजीनियर, ड्रील मशीन की जो शर्त रखी गई थी वह भी एजेंसी द्वारा सभी सात कामों के लिए एक ही लिस्ट देकर ले ली गई।

भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि है कई योजनाओं के आवंटन में पारदर्शिता का अभाव रहा। पेयजल स्वच्छता के दो प्रमंडलों में पांच निविदाओं में केवल दो ठेकेदारों ने हिस्सा लिया। इनमें तीन निविदा एक को जबकि बाकी दो निविदा दूसरे संवेदक को दी गई।

जबकि गढ़वा और जमशेदपुर प्रमंडल में इसी तरह की निविदा इन्हीं दोनों संवेदकों या ठेकेदारों को ज्वाइंट वेंचर में दे दी गईं। सीएजी ने इन निविदाओं के आवंटन में मिलीभगत की आशंका जाहिर की है।

इसके अलावा डिमांड ड्राफ्ट की खरीद में भी मिलीभगत कर बोली लगाने की संभावना जताई गई है। कई योजनाओं में संवेदकों को 85 प्रतिशत की जगह 100 प्रतिशत भुगतान कर दिया गया।

## ऑपरेशन विधि पालक बालक अभियान जागरूकता कार्यक्रम

**बीहट।** बरौनी प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय असुरारी में सोमवार को ऑपरेशन विधि पालक बालक अभियान के तहत सामाजिक कुरीतियों और बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस दीदी (अभ्यास बी ग्रेड टीम), बरौनी थाना एवं महिला थाना के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को समाज में पनप रही कुरीतियों और खतरों के प्रति सचेत करना था। पुलिस टीम द्वारा छात्रों को निम्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। स्कूल की प्रधानाध्यापिका रेनू झा कुमारी के भरपूर सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर थाना की पुलिस दीदी सब-इंस्पेक्टर साक्षी, महिला सिपाही पूजा और महिला सिपाही रेनू कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। पुलिस टीम ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के शोषण या अनहोनी की स्थिति में डरें नहीं, बल्कि तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों या पुलिस की हेल्पलाइन सेवाओं से संपर्क करें।

# रेलवे फ्लाईओवर के एक्सपेंशन जॉइंट में आयी खराबी से आवागमन प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोईलवर।** कुल्हड़िया रेलवे फ्लाई ओवर के एक्सपेंशन जॉइंट में खराबी सामने आने से पुल से गुजरने वाले वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जॉइंट में खराबी के कारण वाहन चालकों को उस स्थान पर अपनी रफ्तार कम करनी पड़ती है। खासकर भारी और लोडेड वाहनों को यहां से गुजरने में अधिक कठिनाई हो रही है। वाहन चालकों के अनुसार फ्लाईओवर के एक्सपेंशन जॉइंट में जगह-जगह खराबी दिखाई दे रही है। वाहनों के गुजरने के दौरान जॉइंट पर जोरदार झटका महसूस होता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लगातार भारी वाहनों के आवागमन के कारण स्थिति और गंभीर होने की संभावना है। छपरा जिले के ट्रक चालक सुमित कुमार ने बताया कि फ्लाई ओवर के एक्सपेंशन जॉइंट में खराबी के कारण वाहन की गति काफी कम करनी पड़ती है। ट्रकों को जॉइंट पार करने में विशेष परेशानी होती है। अचानक झटका लगने से वाहन पर लदा सामान प्रभावित होने के साथ-साथ वाहन के पुर्जों पर भी असर पड़ने की आशंका रहती है।

लोगों और वाहन चालकों का कहना है कि फ्लाई ओवर के एक्सपेंशन जॉइंट की खराबी को जल्द ठीक किया जाना जरूरी है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते मरम्मत नहीं होने पर यह पुल की संरचनात्मक मजबूती और सुरक्षा के लिए भी गंभीर समस्या बन सकती है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा का निरस्तीकरण**

सहायक मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर-I, पूर्व रेलवे, हावड़ा द्वारा पूर्व प्रकाशित ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई-सीसीटीवी-आरपीएच-एनआई-एलसी-एचडब्ल्यूएच, जिसे दिनांक 21.07.2026 को अपलोड किया गया था, एतद्द्वारा उक्त निविदा को तकनीकी कारण से निरस्त किया जाता है।

HWH-267/2026-27

हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/41, दिनांक: 10.08.2026, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। तालिका-क: क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि निम्नानुसार हैं: (1) 10252348बी; डब्ल्यूएपी7 के लिए बस कपलर (3-फेज); रु.1,36,530; निविदा खुलने की तिथि और समय : 25.08.2026, 13.30 बजे; (2) 22261306; इंज. इंसुलिन ग्लार्गिन आई.पी. 300 आईयू/मिली., कार्ट्रिज 1.5 मिली (450 आईयू) (मोनो कम्पोनेंट इंसुलिन ग्लार्गिन आर-डीएनए ओरिजिन) सबक्यटेनिअस इंजेक्शन के लिए सॉल्यूशन, (एक पेन और 20 नीडल मुफ्त प्रति 10 कार्ट्रिज), आइटम कोड नं. एम150416, क्रम सं. 610 एआई/2026/27 के तहत; रु.2,12,270; निविदा खुलने की तिथि और समय : 03.09.2026, 13.30 बजे; (3) 15245096बी; मैग्नेटिक पार्टिकल इंस्पेक्शन इक्विपमेंट; रु.1,91,160; निविदा खुलने की तिथि और समय : 09.09.2026, 13.30 बजे; (4) 01261015बी; विनाइल कोटेड अपहोल्सटरी फैब्रिक आर्टिफिशियल लेदर आदि का क्रय; रु.4,27,680; निविदा खुलने की तिथि और समय : 02.09.2026, 13.30 बजे; (5) 20261068; कॉन्टैक्ट शील्ड के साथ मॉडिफाइड टॉप कॉन्टैक्ट का सेट; रु.1,78,600; निविदा खुलने की तिथि और समय : 04.09.2026, 13.30 बजे; (6) 15265089; संलग्न स्पेसिफिकेशन के अनुसार सीएनसी वर्टिकल टर्रेट लेद की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ; रु.5,43,290; निविदा खुलने की तिथि और समय : 08.09.2026, 13.30 बजे; (7) 21261393; नॉन-एस्बेस्टस एल टाइप कम्पोजिट ब्रेक ब्लॉक का क्रय; रु.3,88,630; निविदा खुलने की तिथि और समय : 16.09.2026, 13.30 बजे; (8) 20261144; 25 केवी एसी ईएमयू एवं एमईएमयू के लिए एनर्जी-कम-स्पीड मॉनिटरिंग यूनिट (ईएसएमओएन); रु.8,24,260; निविदा खुलने की तिथि और समय : 02.09.2026, 13.30 बजे; (9) 20261133; एसी ईएमयू मोटर कोच के लिए सॉलिड गियर व्हील 91 टीथ; रु.2,43,560; निविदा खुलने की तिथि और समय : 08.09.2026, 13.30 बजे; (10) 20263124; मेसर्स मेधा प्रस्तुतकारक ट्रैक्शन मोटर का रोटर वेंटिलेटर फैन; रु.4,95,510; निविदा खुलने की तिथि और समय : 01.09.2026, 13.30 बजे; (11) 20262182; ईएमयू कोचों के एयर स्प्रिंग सस्पेंशन के लिए लेवलिंग वाल्व;रु. 4,74,550; निविदा खुलने की तिथि और समय : 10.09.2026, 13.30 बजे; (12) 20262124; सेंटर पिवॉट के लिए बॉटम बुश; रु.2,44,760; निविदा खुलने की तिथि और समय : 17.08.2026, 13.30 बजे; (13) 20261089;07 मदों से संलग्न पिन्स (इलेक्ट्रोप्लेटेड) का सेट; रु.4,84,800; निविदा खुलने की तिथि और समय : 03.09.2026, 13.30 बजे; (14) 20265005; ईएमयू के लिए इलेक्ट्रो-न्यूमैटिक ब्रेक यूनिट संपूर्ण; रु.2,34,160; निविदा खुलने की तिथि और समय : 15.09.2026, 13.30 बजे; (15) 20261093; ईएमयू कोचों के एयर सस्पेंशन सिस्टम के लिए इंस्टॉलेशन लिवर;रु.2,86,720; निविदा खुलने की तिथि और समय : 09.09.2026, 13.30 बजे; (16) 20262119; मेल ईएमयू के टीएम आर्मेचर टाइप 4601 एजेड के लिए कम्यूटेटर असेंबली; रु. 2,95,080; निविदा खुलने की तिथि और समय : 01.09.2026, 13.30 बजे; (17) 01261433; डेंसिफाइड थर्मल बॉण्डेड पॉलिएस्टर ब्लॉक आदि का क्रय; रु.1,04,890; निविदा खुलने की तिथि और समय : 31.08.2026, 13.30 बजे; (18) 11261149; एक्सल बॉक्स पिवॉट बुश; रु.12,73,880; निविदा खुलने की तिथि और समय : 02.09.2026, 13.30 बजे; (19) 14261036; रिले, प्लग-इन-टाइप, स्टाइल "एसी-एलईडी" ऑल एस्पेक्ट्स, एसी लैंप प्रूविंग रिले यूनिट, इन-बिल्ट करेंट ट्रांसफॉर्मर टाइप के साथ, स्लो रिलीज न्यूट्रल लाइन रिले, 4एफ, 4बी कॉन्टैक्ट, फ्रंट एवं बैक कॉन्टैक्ट, कार्बन में मेटल का क्रय, जो आरडीएसओ स्पेसि. नं. एसटीएस/ई/रिलेज/एसी लिट एलईडी सिग्नल/09-2002, संसोधन. 1 बीआरएस:941ए, आईआरएस:एस-34 और आरआरएस: एस-23 (जैसा लागू हो) के समरूप 15 वाट पर रेटेड 110 वोल्ट एसी, एलईडी सिग्नल लैंप के साथ सीरीज में कार्य के लिए उपयुक्त होगा। इस यूनिट के लिए इंटरलॉकिंग कोड एबीडीएचके होगा आदि;रु.1,94,530; निविदा खुलने की तिथि और समय : 27.08.2026, 13.30 बजे; (20) 21261509; रिक्त लोड बॉक्स के लिए संपूर्ण सेट; रु.1,01,490; निविदा खुलने की तिथि और समय : 28.08.2026, 13.30 बजे; (21) 21261278; ब्रेक शू की आदि;रु. 1,21,700; निविदा खुलने की तिथि और समय : 27.08.2026, 13.30 बजे; (22) 21265029; एलसीसीएफ बोगियों के सीटीआरबी क्लास 'ई' (6"X11") के लिए चौड़े जॉ एडाप्टर का क्रय आदि ; रु.2,12,620; निविदा खुलने की तिथि और समय : 01.09.2026, 13.30 बजे; (23) 01261511; फ्लेक्सिबल पॉली विनाइल क्लोराइड (पीवीसी) फ्लोरिंग शीट आदि का क्रय; रु.4,40,980; निविदा खुलने की तिथि और समय : 14.09.2026, 13.30 बजे; (24) 14265032ए; आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन नं. आरडीएसओ/एसपीएन/211/2022 वर्शन. 1.0 के अनुसार फेल-सेफ नेटवर्क मल्टीप्लेक्सर (एफएन-एमयूएक्स) की आपूर्ति, परिवहन, स्थापना, परीक्षण एवं आरंभ का क्रय, ताकि सिंगल/डबल डिस्टेंट सिग्नलिंग में डबल लाइन सेक्शन में इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नलिंग परिचालन की विशेष ज़रूरतों को पूरा किया जा सके। विवरण साथ में दिए गए अनेक्सर में हैं; रु.14,30,180; निविदा खुलने की तिथि और समय : 31.08.2026, 13.30 बजे; (25) 14261095; रिले, एसी इम्यून, प्लग-इन-टाइप, स्टाइल "क्यूटीए2" आदि का क्रय; रु.1,79,610; निविदा खुलने की तिथि और समय : 07.09.2026, 13.30 बजे; (26) 14261173; सिंगल सेक्शन डिजिटल टाइप एक्सल काउंटर आदि के लिए डीसी-डीसी कंवर्टर कार्ड का क्रय; रु.1,52,930; निविदा खुलने की तिथि और समय : 31.08.2026, 13.30 बजे; (27) 11261813; कोच के लिए संसोधित आईआरएस साइड बफर केसिंग आदि का क्रय; रु. 2,07,150; (28) 11261010; साइड बेयरर के लिए बेयरिंग पीस आदि; रु.2,39,670; निविदा खुलने की तिथि और समय : 01.09.2026, 13.30 बजे क्रम सं. 27 और 28 प्रत्येक हेतु; (29) 1226-एचवीएन_10228; आरडीएसओ ड्रॉ. नं. (टी-10228 ऑल्ट.1) के तहत एंड कट हाई विस्कस नाइलन (एचवीएन-66) इंसुलेटिंग लाइनर के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए चालू ठेका; रु.1,21,240; निविदा खुलने की तिथि और समय : 11.08.2026, 13.30 बजे; (30) 1226-एचवीएन_10225; आरडीएसओ ड्रॉ. नं. (टी-10225 ऑल्ट.1) के तहत एंड कट हाई विस्कस नाइलन (एचवीएन-66) इंसुलेटिंग लाइनर के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए चालू ठेका;रु. 1,18,130; निविदा खुलने की तिथि और समय : 19.08.2026, 13.30 बजे; (31) 1226_ईएनडी_सीयूटी_एचवीएन; विभिन्न एंड कट कॉम्बिनेशन हाई विस्कस नाइलन (एचवीएन-66) इंसुलेटिंग लाइनर के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए चालू ठेका; रु. 5,77,050; निविदा खुलने की तिथि और समय : 28.08.2026, 13.30 बजे; (32) 1226-ग्लूड_2572; आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-2572 के अनुरूप 60 केजी ग्लूड इंसुलेटेड रेल जॉइंट्स (जी-3) (एल) टाइप के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए चालू ठेका; रु.50,00,000; निविदा खुलने की तिथि और समय : 03.09.2026, 13.30 बजे; (33) 12261012; आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-8822 के अनुसार थिक वेब स्विच एक्सपैंशन जॉइंट (टीडब्ल्यूएसईजे) के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए 1 वर्ष की आरजीसी; रु.20,00,000; निविदा खुलने की तिथि और समय : 28.08.2026, 13.30 बजे; (34) 12261069; आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-1899 के उपयुक्त ऑल्ट.1 में 60 केजी के लिए फिश बोल्ट एवं नट; रु. 10,85,480; निविदा खुलने की तिथि और समय : 14.08.2026, 13.30 बजे; (35) 22261376; इंज. बेनरैलिजुमैब 30 मिग्रा/1 मिली(उत्पाद, निर्माणकारी फर्म की रेलवे बोर्ड द्वारा अनुमोदित उत्पाद सूची में उपलब्ध होना चाहिए); रु.2,23,930; निविदा खुलने की तिथि और समय : 25.08.2026, 13.30 बजे, निविदा मूल्य : रु.0 क्रम सं.1 से 35 प्रत्येक हेतु।

तालिका-ख: क्रम सं.; निविदा सं. ; संक्षिप्त विवरण और निविदा की अनुमानित लागत निम्नानुसार हैं: (1) 52257677बी; वंदे भारत के सीट कुशन की अपहोल्टरी फैब्रिक की आपूर्ति एवं फिटमेंट; रु.1,94,70,000.00; (2) 52266667; कोचों के एक्सटीरियर के लिए एंटी ग्रैफिटी क्लीयर कोटिंग की आपूर्ति एवं अनुप्रयोग; रु.1,15,96,497.00; निविदा की अंतिम तिथि और समय : 24.08.2026, 13.30 बजे क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु। टिप्पणी: उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं व अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण हेतु, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट देखें।

STORES-28/2026-27

Tender Notice is also available at websites : www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in

Follow us at : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# दोहरे हत्याकांड के अभियुक्त को आर्म्स एक्ट में तीन साल की सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**समस्तीपुर।** सिंघिया बुजुर्ग पंचायत के पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद सिंह और उनके सहयोगी सत्यनारायण महतो की दिनदहाड़े हुई हत्या से जुड़े मामले में आरोपित कुख्यात रंजीत कुमार उर्फ डब्ल्यू झा उर्फ सुमन उर्फ बबलू को आर्म्स एक्ट के मामले में अदालत ने तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने उस पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। सजा 10 अगस्त 2026 को सुनाई गई। जानकारी के अनुसार 20 फरवरी 2023 को विभूतिपुर थाना क्षेत्र के मरडीहा महना टोला में पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद सिंह और उनके सहयोगी सत्यनारायण महतो की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दोहरे हत्याकांड के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। इसी आपराधिक घटनाक्रम से जुड़े रंजीत कुमार उर्फ डब्ल्यू झा के खिलाफ मुसरीघरारी थाना कांड संख्या 80/23 दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार डब्ल्यू झा मूल रूप से मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के सलेमपुर इलाके का रहने वाला है और उसके खिलाफ समस्तीपुर समेत अन्य जिलों में हत्या, रंगदारी और अन्य गंभीर आपराधिक मामलों में संलिप्तता के मामले रहे हैं। समस्तीपुर पुलिस की ओर से जारी जानकारी के अनुसार मुसरीघरारी थाना कांड संख्या 80/23 में न्यायालय में चल रहे विचारण के दौरान पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य, दाखिल चार्जशीट और अभियोजन पक्ष की गवाही के आधार पर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, समस्तीपुर की अदालत ने रंजीत कुमार उर्फ डब्ल्यू झा को शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1-बी)ए एवं 26 के तहत दोषी माना। अदालत ने दोनों धाराओं के तहत उसे तीन वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये के जुमार्ने से दंडित किया।

## दो सौ केवीए ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** पहसारा पश्चिम पंचायत में शहीद हरेराम सिंह द्वार के समीप बांध पर लगा 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर इन दिनों ओवरलोड की समस्या से जूझ रहा है। क्षमता से अधिक विद्युत भार के कारण आए दिन फेज उड़ने और बिजली आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बताया जाता है कि उक्त ट्रांसफॉर्मर से वार्ड संख्या 13 और 14 के अलावा वार्ड संख्या 10, 11 और 12 के उपभोक्ताओं को भी बिजली आपूर्ति की जाती है। इसके साथ ही ट्रांसफॉर्मर पर दो नल-जल योजनाओं, दो पानी टंकियों और एक आटा चक्की का भी विद्युत भार है। पांच वार्डों के घरेलू उपभोक्ताओं के अतिरिक्त इन संस्थानों और व्यवसायिक प्रतिष्ठान का लोड होने से ट्रांसफॉर्मर पर क्षमता से अधिक दबाव पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि ओवरलोड के कारण आए दिन फेज उड़ जाता है और बिजली आपूर्ति घंटों प्रभावित रहती है। बार-बार बिजली बाधित होने से घरेलू कार्यों के साथ बच्चों की पढ़ाई और छोटे कारोबार भी प्रभावित हो रहे हैं।

# सरपंच के घर पिस्तौल के बल पर डकैती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड अंतर्गत चंडी थाना क्षेत्र के अकैड़ गांव में हथियारबंद बदमाशों ने कछियावां पंचायत की सरपंच खुशबू कुमारी के घर धावा बोल दिया। बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर घर के सदस्यों को बंधक बना लिया और करीब 10 हजार रुपये नकद समेत आभूषण लूटकर फरार हो गए।घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पीड़ित परिवार की सूचना पर चंडी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली।बताया जाता है कि देर रात बदमाश घर में घुसे और हथियार का भय दिखाकर परिवार के सदस्यों को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद घर में रखे नकद रुपये और आभूषण लेकर फरार हो गए।पुलिस बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए घटना के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है।

## खेग्रामस का सत्याग्रह 13 से

**बेगूसराय नगर।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) के राष्ट्रीय आह्वान पर 13-14 अगस्त को प्रस्तावित सत्याग्रह आंदोलन की सफलता को लेकर जिले के विभिन्न गांवों में बैठकें आयोजित की गईं। कुशमहौत, नीमा, चांदपुरा, अझौड़, रजौड़ा, लाखो, दमदमा आदि गांवों में आयोजित बैठकों में ग्रामीणों को सत्याग्रह में शामिल होने की अपील की गई। इस दौरान खेग्रामस जिला सचिव चन्द्रदेव वर्मा, भाकपा माले नगर सचिव राजेश श्रीवास्तव, खेग्रामस जिलाध्यक्ष मोहम्मद इस्राफील, मांटो पासवान ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार गरीब विरोधी नीतियां अपना रही है।

# चोरी के आरोप में युवक को पेड़ से बांधकर पीटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में चोरी के आरोप में एक युवक को पेड़ से बांधकर बेरहमी से पीटे जाने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। घटना के दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और पूरा तमाशा देखते रहे। प्रसारित वीडियो बिदुपुर थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गांव का बताया जा रहा है। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि दैनिक जागरण नहीं करती है। वीडियो में देखा जा सकता है कि दो युवक को रस्सी से पेड़ से बांधा गया है। उसके सामने एक महिला नीले और गुलाबी सूट में डंडा लेकर खड़ी है और बार-बार उस पर वार कर रही है। युवक हाथ जोड़कर माफी मांगता नजर आ रहा है। भीड़ में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

कुछ लोग वीडियो बना रहे हैं तो कुछ बीच-बचाव करने की कोशिश कर रहे हैं। एक अन्य महिला लाल साड़ी में भी आक्रोशित होकर युवक की तरफ बढ़ती दिख रही है। माहौल काफी तनावपूर्ण है। आसपास पेड़ और घर दिखाई दे रहे हैं, जिससे लगता है कि घटना गांव की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक पर चोरी का आरोप है। इसी गुस्से में ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पेड़ से बांध दिया और सजा देनी शुरू कर दी। वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस हरकत में आई है।

वैशाली पुलिस ने कहा है कि मामले की जानकारी मिली है और जांच की जा रही है। कानून को हाथ में लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी मामले में कानून अपने हाथ में न लें। संदेह होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। फिलहाल पीड़ित युवक की पहचान और घटना के पीछे की पूरी वजह की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो पाएगी।

## देवघर स्थित पथ प्रदर्शक के शिविर में

# कांवरियों की सेवा में जुटी साबिया

### पेश कर रही हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** बाबा बैद्यनाथ धाम में चल रहे श्रावणी मेला के दौरान औरंगाबाद की स्वयंसेवी संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा लगाए गए निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर में साबिया परवीन सेवा और सद्भाव की मिसाल पेश कर रही हैं। पिछले 13 दिनों से साबिया दिन-रात कांवरिया श्रद्धालुओं की सेवा में जुटी हैं।

साबिया शिविर में कांवरियों को प्राथमिक चिकित्सा, पैरों की मसाज सहित विभिन्न सेवाएं दे रही हैं। उनकी सेवा भावना न केवल श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित कर रही है, बल्कि हिन्दू-मुस्लिम एकता और सामाजिक सद्भाव का भी संदेश दे रही है।

साबिया का कहना है कि सभी मानव पहले इंसान हैं, उसके बाद जाति और धर्म आता है। जरूरतमंद की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। कांवरिया श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति को देखकर साबिया इतनी प्रभावित हुईं कि उन्होंने अगले वर्ष सावन में सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर कांवर यात्रा करने और बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करने का संकल्प लिया है।




औरंगाबाद के टिकरी रोड की रहने वाली साबिया बताती हैं कि कांवरियों की सेवा कर-के उन्हें आत्मिक खुशी मिल रही है। दूर-दूर से पैदल चलकर बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

पथ प्रदर्शक के संस्थापक सह सचिव बमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि साबिया पूरे उत्साह और समर्पण के साथ कांवरियों की सेवा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पथ प्रदर्शक का यह पहला निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर है, जिसे अब प्रत्येक वर्ष श्रावणी मेला के दौरान आयोजित कर कांवरिया श्रद्धालुओं की सेवा की जाएगी।

# कृषि क्षेत्र में हो रहे अनुसंधान एवं नवाचारों का लाभ आमजनों तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता

## शोध के साथ बाजार की उपलब्धता भी जरूरी : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हैदराबाद/पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बिहार में कृषि क्षेत्र को नई तकनीक, वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार से जोड़ने के लिये प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल, कृषि निदेशक मुकेश कुमार लाल एवं निदेशक, उद्यान-सह-प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य बागवानी मिशन/बिहार फल एवं सब्जी विकास निगम अभिषेक कुमार के साथ हैदराबाद के पटनचेरु स्थित अंतर्राष्ट्रीय अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय फसल अनुसंधान संस्थान का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने आइसीआरआइएसएटी के वैज्ञानिकों



एवं विशेषज्ञों के साथ बिहार में कृषि विकास की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की तथा बिहार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर मिलेट्स वैल्यू चेन परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। आइसीआरआइएसएटी जीनबैंक के प्रमुख डॉ. कुलदीप सिंह ने परियोजना के अंतर्गत अब तक हुई प्रगति तथा बिहार में मिलेट्स आधारित मूल्य श्रृंखला के विकास एवं सुदृढ़ीकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि बिहार में कृषि की नई संभावनाओं को किसानों की समृद्धि से जोड़ना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। आधुनिक अनुसंधान, उन्नत तकनीक और वैज्ञानिक शोध को खेतों तक पहुंचाकर कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के साथ किसानों की आय और आजीविका को और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आइसीआरआइएसएटी जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ तकनीकी एवं वैज्ञानिक सहयोग बिहार में कृषि के क्षेत्र में नए अवसर पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार में श्री अन्न (मिलेट्स) का उत्पादन हो रहा है, लेकिन किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य तभी मिल सकेगा जब मिलेट्स के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध हो, मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण को बढ़ावा मिले तथा उत्पाद को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए प्रभावी बाजार व्यवस्था विकसित की जाए। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बिहार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर मिलेट्स वैल्यू चेन परियोजना के अंतर्गत हुई प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि किसानों के बीच श्री अन्न (मिलेट्स) के लाभों के संबंध में व्यापक जागरूकता आवश्यक है। किसानों को पारंपरिक फसल प्रणालियों की तुलना में मिलेट्स के पोषण एवं कृषि संबंधी लाभों की जानकारी उपलब्ध कराकर इसके उत्पादन एवं उपयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

# सचिवालय पर तिरंगा फहराने के प्रयास में शहीद सात छात्रों को श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की ओर से उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव ने आज वर्ष 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान सचिवालय पर तिरंगा फहराने के प्रयास में शहीद हुए सात छात्रों की सप्तमूर्ति स्थित आदमकद प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद नरेंद्र नारायण यादव ने बिहार विधान सभा परिसर स्थित 'अमर जवान ज्योति' पर भी माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात बिहार विधान सभा के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी 'अमर जवान ज्योति' पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वर्ष 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में बिहार के इन सात छात्रों ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध अदम्य साहस का परिचय देते हुए सचिवालय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का प्रयास किया था और इस दौरान शहीद हो गए थे। उनकी शहादत बिहार के स्वतंत्रता संघर्ष के इतिहास में गौरवपूर्ण अध्याय है।

# तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देशभर में आयोजित की जा रही तिरंगा यात्राओं के अवसर पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि तिरंगा केवल तीन रंगों से बना राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता, संप्रभुता, त्याग, शौर्य और गौरव का प्रतीक है। देश के कोने-कोने में तिरंगा यात्राओं का आयोजन राष्ट्र के प्रति सम्मान और नागरिकों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करने वाला है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से युवा शक्ति और आम नागरिकों को राष्ट्र प्रथम की भावना से जुड़ने का अवसर मिलता है। तिरंगे का केसरिया रंग साहस और त्याग, श्वेत रंग सत्य एवं शांति तथा हरा रंग समृद्धि और विकास का प्रतीक है। ध्वज के मध्य स्थित अशोक चक्र निरंतर कर्म, प्रगति और आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारत की स्वतंत्रता असंख्य वीरों, स्वतंत्रता सेनानियों और देशभक्तों के त्याग एवं बलिदान का परिणाम है। महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सरदार पटेल, डॉ. राजेंद्र प्रसाद सहित अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों ने राष्ट्र की स्वतंत्रता और सम्मान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। तिरंगा यात्राओं के माध्यम से देश उनके प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त कर रहा है। बिहार विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय एकता और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और मजबूत करती है। उन्होंने युवाओं से तिरंगा यात्रा के संदेश को जीवन में उतारने का आह्वान करते हुए कहा कि संविधान का सम्मान, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, शिक्षा, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के प्रति जिम्मेदारी निभाना ही सच्ची राष्ट्रभक्ति है। उन्होंने देशवासियों से उत्साह और अनुशासन के साथ तिरंगा यात्राओं में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत करने का संकल्प लेने की अपील की।

# बी.डी. कॉलेज, पटना एवं उत्कर्ष एक पहल के बीच वॉलंटियरशिप एवं इंटर्नशिप हेतु एमओयू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना एवं उत्कर्ष एक पहल, पटना (एनजीओ) के बीच वॉलंटियरशिप, इंटर्नशिप एवं शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव, कौशल विकास, फील्ड आधारित प्रशिक्षण एवं सामुदायिक सहभागिता के अवसर प्रदान करना है। इस सहयोग के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न इंटर्नशिप एवं स्वयंसेवी गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता, व्यावसायिक कौशल एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास होगा।

कॉलेज प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व एवं करियर विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

# बिहार की विरासत बनेगी विकास और रोजगार की नई ताकत : डॉ. संतोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने बिहार में पर्यटन विकास को गति देने की राज्य सरकार की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि गया-बोधगया और नालंदा-राजगीर के समग्र विकास के लिए तैयार 2,130 करोड़ रुपये की प्रस्तावित योजना बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देने वाली है। इसमें गया-बोधगया के लिए 1,080 करोड़ रुपये तथा नालंदा-राजगीर के लिए 1,050 करोड़ रुपये की योजना शामिल है। राज्य सरकार ने इन योजनाओं के लिए केंद्र से शीघ्र सैद्धांतिक मंजूरी देने का अनुरोध किया है। डॉ. सुमन ने कहा कि भगवान बुद्ध की ज्ञानभूमि बोधगया और प्राचीन नालंदा की विश्वविख्यात ज्ञान परंपरा बिहार की अमूल्य धरोहर है।

# डॉ. प्रेम कुमार ने कालीघाट मंदिर में की पूजा-अर्चना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आज कोलकाता स्थित प्रसिद्ध कालीघाट मंदिर में सपरिवार विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने माता काली से देश एवं बिहार की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि कालीघाट शक्तिपीठ देश की समृद्ध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां माता काली के दर्शन और पूजा-अर्चना उनके लिए श्रद्धा तथा आध्यात्मिक अनुभूति का अवसर है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में शक्ति की उपासना का विशेष महत्व है। मां काली को शक्ति, साहस तथा अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने बिहारवासियों सहित देश के सभी नागरिकों के सुख, स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि की मंगलकामना की। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कालीघाट मंदिर की धार्मिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की विविध आध्यात्मिक परंपराएं देश की सांस्कृतिक एकता और समृद्ध विरासत को मजबूत करती हैं।

# युवा देश की ऊर्जा और प्रगति के असली संवाहक : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर देश के समस्त युवाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि युवा देश की ऊर्जा और प्रगति के असली संवाहक हैं। युवाओं की प्रतिभा, क्षमता और सकारात्मक सोच राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का मुख्य उद्देश्य युवाओं की समस्याओं, उनकी आवाज और उनके अधिकारों को वैश्विक स्तर पर उजागर करना तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1999 में 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में घोषित किया था। पहली बार 12 अगस्त 2000 को पूरी दुनिया में यह दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 की आधिकारिक विषय-वस्तु 'विभिन्न संदर्भ, समान आकांक्षाएं' है। यह विषय रेखांकित करता है कि युवाओं की जीवन परिस्थितियां और स्थानीय वास्तविकताएं भले ही अलग-अलग हों, लेकिन बेहतर भविष्य, गरिमा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसरों की उनकी आकांक्षाएं समान हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का उपयोग रचनात्मक कार्यों में करते हुए राष्ट्र के विकास और सामाजिक परिवर्तन में सक्रिय योगदान देना चाहिए।

## शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने में सबका सहयोग अपेक्षित : मिथिलेश तिवारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि स्कूल से निकलने के बावजूद स्कूल के प्रति पूर्ववर्ती छात्रों की जिम्मेवारी कम नहीं है। बिहार में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में सभी को मिलकर काम करना होगा। पूर्ववर्ती छात्र स्कूल के अध्यापन कार्य में भी अपना सहयोग दें। शिक्षा मंत्री पटना कॉलेजिएट स्कूल एलुमनाई एसोसिएशन के मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पटना कॉलेजिएट स्कूल एलुमनाई एसोसिएशन से जुड़े पूर्ववर्ती छात्रों द्वारा संगठन से जुड़े सदस्यों के दुर्घटना बीमा, सदस्यों के दुख-सुख में शामिल होने, स्कूल और छात्रों के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि एसोसिएशन का यह प्रयास अनुकरणीय है।

# जन्दाहा में तकनीकी शिक्षा का भरोसेमंद केंद्र बनकर उभरा कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जन्दाहा (वैशाली)।** तेजी से बदलते डिजिटल दौर में विद्यार्थियों एवं युवाओं को आधुनिक और रोजगारपरक तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 20 वर्षों के अनुभव के साथ संस्थान ने क्षेत्र में कम्प्यूटर शिक्षा एवं कौशल विकास के एक भरोसेमंद केंद्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है। आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित संस्थान द्वारा डिजिटल युग की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप विभिन्न रोजगारपरक एवं करियर-उन्मुख पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई), डिजिटल



मार्केटिंग, टैली प्राइम वीथ जीएसटी, डी.सी.ए, ए.डी.सी.ए, ए.डी.आई.टी तथा कौशल युवा कार्यक्रम प्रमुख हैं। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक डिजिटल ज्ञान के साथ-साथ रोजगार एवं करियर निर्माण के लिए आवश्यक व्यावहारिक एवं तकनीकी कौशल प्रदान करना है। इस अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल पारंपरिक शिक्षा पर्याप्त नहीं है। तकनीकी एवं डिजिटल कौशल अब करियर विकास का अनिवार्य हिस्सा बन चुके हैं। एकेडमी ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उनके घर के नजदीक गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक कम्प्यूटर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संस्थान तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहुंच को और व्यापक बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। इसी क्रम में कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी की नई शाखा खोलने के इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थान एकेडमी से संपर्क कर सकते हैं। शाखा विस्तार से संबंधित विज्ञापन विभिन्न समाचार पत्रों में भी प्रकाशित किए जा रहे हैं।

# राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस पर बिजनेस अचीवर्स अवॉर्ड समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** व्यापारियों के हित में कार्य कर रही सामाजिक संस्था ग्लोबल मैन्युफैक्चरर्स एंड ट्रेडर्स फाऊंडेशन 30 अगस्त 2026 को राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस पर दिल्ली में व्यापार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों को बिजनेस अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित करेगी। समारोह में राजनेता, ब्यूरोक्रेट्स, मीडियाकर्मी एवं व्यापारी (मैन्युफैक्चरर्स एंड ट्रेडर्स) शामिल होंगे। ग्लोबल मैन्युफैक्चरर्स एंड ट्रेडर्स फाऊंडेशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय महामंत्री दिल्ली में वरिष्ठ पत्रकार सुशील श्रीवास्तव ने बिजनेस अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित होने वाले सभी उद्यमियों को अग्रिम बधाई देते हुए कहा व्यापारी छोटा हो या बड़ा दोनों एक सामान्य है, कड़ी मेहनत के बाद अपना उद्योग चलाते हैं, अपना तथा अपने सहकर्मियों का पेट पालते हैं, अपने सहकर्मियों को रोजगार देते हैं जो बहुत बड़ा धर्म है और सरकार को सभी प्रकार का टेक्स भी देते हैं। ग्लोबल मैन्युफैक्चरर्स एंड ट्रेडर्स फाऊंडेशन सभी व्यापारियों का सम्मान करती हैं। सुशील श्रीवास्तव ने कहा व्यापारी वर्ग के समक्ष जितनी अड़चनें और उलझनें है संभवतः उतनी किसी अन्य के पास नहीं, कोई भी कारोबार छोटा हो या बड़ा मुनाफे से ज्यादा खर्च पहले नजर आता है।

# सावन महोत्सव में बिखरे कला, संस्कृति और प्रतिभा के रंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सावन की हरियाली, बिहार की समृद्ध लोक-संस्कृति, कला, संगीत और प्रतिभा को समर्पित 'सावन महोत्सव 2026' का भव्य आयोजन हुनर के तत्वावधान में किंग्स रिसोर्ट, जगनपुरा, पटना में किया गया। कार्यक्रम में कला, संस्कृति, फिल्म एवं मनोरंजन जगत से जुड़ी कई प्रतिष्ठित हस्तियों की मौजूदगी ने आयोजन को खास बना दिया। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता के रूप में कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा से जुड़े वरुण सिंह, कला संस्कृति के प्रदेश अध्यक्ष, अमर शौर्य एवं रंजन सिंह सहित फिल्म जगत से जुड़े कलाकारों एवं फिल्म निर्माताओं ने भी कार्यक्रम में शिरकत



की और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में रवि शंकर चौधरी एवं उनकी पत्नी पूजा चौधरी की विशेष उपस्थिति रही। दोनों ने हुनर की डायरेक्टर मनीषा मिश्रा द्वारा तैयार किए गए हाथ से निर्मित मिथिला कला से सजे कुर्ता एवं साड़ी पहनकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। पारंपरिक परिधान के माध्यम से बिहार की कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने का यह प्रयास कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। साथ ही बॉलीवुड एक्टर रवि सुधा चौधरी को हुनर का ब्रैंड एम्बेसडर बनाया गया। प्रसिद्ध फ्लूट आर्टिस्ट पलक जैन ने अपनी मनमोहक बांसुरी प्रस्तुति से पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। उनकी प्रस्तुति पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। वहीं मुन्ना सिंह की उपस्थिति ने कार्यक्रम की रौनक बढ़ाई। प्रसिद्ध एंकर एवं कॉमेडियन राज सोनी ने अपनी शानदार एंकरिंग, हास्य अंदाज और मंच संचालन से पूरे कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा।

# बंधन म्यूचुअल फंड ने की बंधन कॉन्ट्रा फंड के लांच की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बंधन म्यूचुअल फंड ने आज बंधन कॉन्ट्रा फंड के लांच की घोषणा की। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना है जो विपरीत (कॉन्ट्रेरियन) निवेश रणनीति का अनुसरण करती है। इस फंड का उद्देश्य ऐसे मूलभूत रूप से मजबूत व्यवसायों की पहचान करना है जो सेक्टर-स्तरीय चिंताओं, चक्रीय चुनौतियों, व्यापक आर्थिक अनिश्चितताओं या मौजूदा बाजार धारणा के कारण अस्थायी रूप से निवेशकों की पसंद से बाहर हों, लेकिन समय के साथ धारणा और मूलभूत कारकों में सुधार होने पर जिनके पुनर्मूल्यांकन (री-रेटिंग) की संभावना हो। न्यू फंड ऑफर सोमवार, 10 अगस्त को खुलेगा और सोमवार, 24 अगस्त को बंद होगा। बंधन कॉन्ट्रा फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों, ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म तथा सीधे वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है। बन्धन कॉन्ट्रा फंड के बारे में बात करते हुए बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने कहा बंधन कॉन्ट्रा फंड ऐसे समय में लॉन्च किया गया है जब विभिन्न सेक्टरों के वैल्यूएशन में अंतर काफी बढ़ गया है जिससे चुनिंदा कॉन्ट्रेरियन निवेश के अवसर पैदा हुए हैं। कई सेक्टर और कंपनियां मजबूत कारोबारी मॉडल, आय में सुधार की बेहतर संभावनाओं और सुदृढ़ बैलेंस शीट के बावजूद अभी भी अपनी दीर्घकालिक क्षमता से कम मूल्यांकन पर कारोबार कर रही है।

# नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ए.एन. कॉलेज, पटना की एन.एस.एस. इकाई की ओर से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रमों पोथी-पतरी फाउंडेशन के सहयोग से मेंस्ट्रूअल कप अवेयरनेस प्रोग्राम एवम भारत सरकार के 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में '10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान' का आयोजन किया गया। मेंस्ट्रूअल कप जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. पद्मिनी कुमारी ने विद्यार्थियों को महिला स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म स्वच्छता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। पोथी-पतरी फाउंडेशन की रिचा सिंह राजपूत ने





महिला स्वास्थ्य एवं जागरूकता के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखते हुए छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत '10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान' के आयोजन में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करता, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी कमजोर करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. शैलेश कुमार सिंह, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से आए सुबोध एवं बीना ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार एवं डॉ. शिरीन मसरूर ने दोनों जागरूकता कार्यक्रमों में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

# संग्रहालयों को ज्ञान, शोध और अध्ययन के स्थान बनाए जाएं : मंत्री

## कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने किया वाचनालय का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और जनसेवा के मूल्यों को समर्पित रहा। उनके जीवन और विचारों से जुड़ा कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का केंद्र रहा है। अब यहां शुरू हुए वाचनालय से विद्यार्थी और शोधार्थी कर्पूरी ठाकुर के जीवन, विचारों के साथ बिहार के सामाजिक और राजनीतिक इतिहास को बेहतर तरीके से समझ सकेंगे। यह बातें कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने मंगलवार को पटना में 01 देशरत्न मार्ग स्थित भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में



वाचनालय (रीडिंग रूम) के उद्घाटन के दौरान कही। मंत्री ने कहा कि कला एवं संस्कृति विभाग का प्रयास है कि राज्य के संग्रहालयों को केवल देखने की जगह तक सीमित न रखा जाए। बल्कि उन्हें ज्ञान, अध्ययन और शोध के केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में वाचनालय की शुरुआत इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद 18 अप्रैल 2026 को इस संग्रहालय का भ्रमण किया था। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए बेहतर अध्ययन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाचनालय स्थापित करने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद संग्रहालय में वाचनालय तैयार किया गया जिसका विभागीय मंत्री के द्वारा मंगलवार को उद्घाटन किया गया। उद्घाटन से पहले मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने संग्रहालय परिसर में कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने संग्रहालय की विभिन्न दीर्घाओं का भ्रमण किया। उन्होंने कर्पूरी ठाकुर के व्यक्तिगत उपयोग की वस्तुओं जैसे वस्त्र, चश्मा और अन्य सामान को देखा। साथ ही उनके कक्षों का निरीक्षण कर उनसे जुड़ी स्मृतियों की जानकारी ली।

**युवाओं से बातचीत कर सुविधाओं की ली जानकारी**

वाचनालय में अध्ययन कर रहे युवाओं और विद्यार्थियों से भी मंत्री ने बातचीत की। उन्होंने उनकी पढ़ाई, रुचियों और वाचनालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मंत्री ने युवाओं से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि वाचनालय में विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए अध्ययन का आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे संग्रहालय में आने वाले लोगों को बिहार के इतिहास, कला, संस्कृति और सामाजिक विरासत से जुड़े विषयों को पढ़ने और समझने का अवसर मिलेगा।

# गांधी मैदान में दिखेगी मां मुंडेश्वरी धाम की भव्य झांकी, बिहार की धार्मिक और प्राकृतिक विरासत का होगा दीदार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** इस बार स्वतंत्रता दिवस के राजकीय समारोह में गांधी मैदान सिर्फ देशभक्ति के रंग में ही नहीं रंगेगा, बल्कि बिहार की समृद्ध धार्मिक, प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत की झलक भी यहां दिखेगी। समारोह में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से कैमूर के प्रसिद्ध मां मुंडेश्वरी धाम पर आधारित भव्य झांकी प्रस्तुत की जाएगी। इको टूरिज्म की थीम पर तैयार की जा रही यह झांकी लोगों को बिहार के प्राचीन धार्मिक स्थलों के साथ-साथ राज्य की प्राकृतिक खूबसूरती से भी रूबरू कराएगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर विभाग ने झांकी निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई है। झांकी में कैमूर की पंवरा पहाड़ी पर करीब 600 फुट की ऊंचाई पर स्थित ऐतिहासिक मुंडेश्वरी मंदिर को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। प्राचीन धार्मिक स्थल के रूप में अपनी पहचान रखने वाला यह मंदिर बिहार के महत्वपूर्ण धार्मिक पर्यटन केंद्रों में भी शुमार है। इस विशेष झांकी की खासियत सिर्फ मुंडेश्वरी धाम तक सीमित नहीं रहेगी। इसके माध्यम से बिहार के अलग-अलग हिस्सों में फैली प्राकृतिक संपदा को भी एक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। मुंगेर स्थित भीमबांध वन्यजीव अभ्यारण्य की प्राकृतिक छटा भी झांकी में देखने को मिलेगी। यहां के घने साल वन और गर्म जलस्रोतों को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा। इससे लोगों को बिहार के वन और वन्यजीव पर्यटन की संभावनाओं की जानकारी मिलेगी। इसके अलावा वाल्मीकि टाइगर रिजर्व की अद्भुत प्राकृतिक छटा को भी दर्शाया जाएगा। जंगल, वन्यजीव और प्राकृतिक वातावरण के माध्यम से राज्य के प्रमुख इको टूरिज्म स्थलों की विशेषताओं को सामने लाने की कोशिश की जाएगी। विभाग का उद्देश्य झांकी के माध्यम से लोगों को बिहार की प्राकृतिक विरासत से जोड़ने के साथ ही पर्यटन की संभावनाओं के प्रति जागरूक करना है।

CMYK

# संपादकीय

## कब बनेगी दिल्ली जल-भराव मुक्त? हर स्तर पर जवाबदेही तय करनी होगी

दिल्ली में जल-भराव की समस्या से निपटने के मुद्दे पर काम कम और सियासत ज्यादा होती है। हमेशा की तरह इस दफा भी यही देखने-सुनने को मिल रहा है। राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते यह उम्मीद की जाती है कि दिल्ली में अन्य शहरों के मुकाबले हर मोर्चे पर व्यवस्था बेहतर होगी। मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि यहां बरसात से जुड़ी समस्याएं वर्षों से जस की तस बनी हुई हैं। गर्मी के मौसम में यहां कई इलाकों में लोग पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस जाते हैं, तो बरसात में पानी घरों और सड़कों को ही डुबो देता है।दिल्ली में सत्ता भले ही बदलती रहती है, लेकिन व्यवस्था में कोई बदलाव या सुधार नजर नहीं आता है। यहां नई सरकार के कमान संभालने के बाद दावे किए जा रहे थे कि शहर को जल-भराव मुक्त बनाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी, लेकिन बीते दो-तीन दिनों में दिल्ली में बारिश ने सरकार के इन दावों पर ही पानी फेर दिया है।भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, वर्ष 2011 के बाद अगस्त के पहले सप्ताह में शुक्रवार को यहां सबसे अधिक 127 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। जाहिर है कि जब एक घंटे की तेज बारिश में ही दिल्ली पानी-पानी हो जाती है, तो दिन भर की बरसात में क्या हाल होगा, इसके दृश्य इन दिनों कई जगह देखने को मिल रहे हैं।राष्ट्रीय राजधानी में भारी बारिश से एक बार फिर जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई प्रमुख सड़कें तालाब बन गईं, जिससे वाहनों की रफ्तार थम गई। महरौली-बदरपुर रोड से लेकर महिपालपुर, आइटीओ, शकरपुर और छतरपुर तक की सड़कें पानी में डूब गईं। खानपुर से ओखला मोड़ के बीच कई किलोमीटर तक गाड़ियां रेंगती नजर आईं।इस दौरान यात्री घंटों जाम में फंसे रहे। इसके अलावा कई इलाकों में घरों में पानी भर जाने से लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ीं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि सरकार की ओर से जो दावे किए जा रहे थे, उनका आधार क्या था? अगर जल-भराव की समस्या को खत्म करने के लिए प्रयास किए गए, तो उनका नतीजा जमीन पर क्यों नहीं दिख रहा है? आखिर क्या वजह है कि बारिश के पानी की निकासी से जुड़ी योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है!गौरतलब है कि सरकार की ओर से हर साल बरसात शुरू होने से पहले सीवेज की नालियों और बड़े नालों की सफाई का जोर-शोर से अभियान शुरू किया जाता है। सवाल है कि क्या यह अभियान सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहता है? इसे कारगर तरीके से धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? शहर में बारिश के पानी की निकासी के माकूल बंदोबस्त क्यों नहीं हो पा रहे हैं?इसका एक कारण यह भी है कि दिल्ली में जल-भराव की समस्या से निपटने के मुद्दे पर काम कम और सियासत ज्यादा होती है।

# गजब है रुस से भारत तक ट्रेन चलाने का प्रस्ताव, मोदी-पुतीन की रणनीति के कायल हो जाएंगे

(नीरज कुमार दुबे)

देखा जाये तो यह प्रस्ताव केवल रेलवे लाइन बिछाने की सामान्य योजना नहीं है। इसके पीछे बदलती वैश्विक भू-राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार मार्गों की विश्वसनीयता और रूस-भारत के बीच लंबे समय से चली आ रही रणनीतिक दोस्ती का बड़ा आयाम छिपा है।पश्चिम एशिया में जारी अस्थिरता और समुद्री व्यापार मार्गों पर बढ़ते जोखिम के बीच रूस ने भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को एक नई दिशा देने वाला बड़ा प्रस्ताव सामने रखा है। रूस के उप प्रधानमंत्री मरात खुसनुलिन ने मॉस्को से हिंद महासागर तक सीधे रेल संपर्क की संभावनाएं तलाशने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि बोस्फोरस और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे रणनीतिक समुद्री मार्गों पर बढ़ते जोखिमों को देखते हुए रूस और भारत के बीच वैकल्पिक जमीनी संपर्क विकसित करना जरूरी हो गया है। रूसी समाचार एजेंसी के हवाले से खुसनुलिन ने कहा कि तुर्कमेनिस्तान, ईरान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के रास्ते भारत तक पहुंचने वाले विकल्पों पर विचार किया जा सकता है और भारत तक पहुंच उपलब्ध कराने वाला कोई भी विकल्प स्वीकार्य होगा। देखा जाये तो यह प्रस्ताव केवल रेलवे लाइन बिछाने की सामान्य योजना नहीं है। इसके पीछे बदलती वैश्विक भू-राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार मार्गों की विश्वसनीयता और रूस-भारत के बीच लंबे समय से चली आ रही रणनीतिक दोस्ती का बड़ा आयाम छिपा है। खास तौर पर ऐसे समय में जब पश्चिम एशिया के संघर्ष ने दुनिया को यह दिखा दिया है कि किसी एक समुद्री चोकपॉइंट पर अत्यधिक निर्भरता वैश्विक व्यापार के लिए कितनी बड़ी कमजोरी बन सकती है।

**होर्मुज संकट ने बढ़ाई वैकल्पिक रास्ते की जरूरत** – रूस के इस प्रस्ताव को समझने के लिए मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों को देखना जरूरी है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के बाद पश्चिम एशिया में तनाव तेजी से बढ़ा। ईरान की जवाबी मिसाइल और ड्रोन कार्रवाइयों के बाद फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री यातायात पर गंभीर असर पड़ा। रिपोर्टों के मुताबिक होर्मुज से होकर गुजरने वाला वैश्विक तेल व्यापार का करीब पांचवां हिस्सा प्रभावित हुआ। हम आपको बता दें कि होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ता है और यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में शामिल है। इसी तरह तुर्किये के नियंत्रण वाला बोस्फोरस जलडमरूमध्य काला सागर को मरमारा सागर से जोड़ता है। ऐसे समुद्री 'चोकपॉइंट' किसी भी संकट की स्थिति में अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकते हैं। यही वजह है कि मॉस्को अब समुद्री मार्गों के साथ-साथ वैकल्पिक स्थलीय व्यापार नेटवर्क विकसित करने पर जोर दे रहा है।

**भारत इस योजना के केंद्र में क्यों?** – इस प्रस्ताव का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि रूस ने संभावित रेल मार्ग के अंतिम गंतव्य के रूप में भारत को विशेष महत्व दिया है। यह संयोग नहीं है। भारत और रूस पहले से ही इंटरनेशनल नार्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कारीडोर (आईएनएसटीसी) के प्रमुख साझेदार हैं। लगभग 7200 किलोमीटर लंबा यह बहु-माध्यमीय कॉरिडोर रूस को ईरान और भारत से जोड़ने की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इसमें रेल, सड़क और समुद्री परिवहन का संयोजन शामिल है। मौजूदा व्यवस्था में रूस से आने वाला माल कजाखस्तान और तुर्कमेनिस्तान होते हुए ईरान पहुंच सकता है। वहां से रेल नेटवर्क के जरिए बंदर अब्बास जैसे बंदरगाहों तक और फिर समुद्री रास्ते से भारत भेजा जा सकता है। पूर्वी शाखा में कजाखस्तान-तुर्कमेनिस्तान-ईरान मार्ग की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस लिहाज से रूसी उप प्रधानमंत्री खुसनुलिन का प्रस्ताव बिल्कुल शून्य से शुरू होने वाली परियोजना नहीं, बल्कि मौजूदा कनेक्टिविटी ढांचे को और आगे बढ़ाने की सोच है। लक्ष्य यह हो सकता है कि आने वाले समय में रूस और भारत के बीच माल ढुलाई को ज्यादा तेज, भरोसेमंद और बहुविकल्पीय बनाया जाए। अभी 'मॉस्को से भारत' सीधी ट्रेन नहीं हालांकि इस खबर ने यात्रियों और रेलवे प्रेमियों की कल्पना को जरूर हवा दी है, लेकिन फिलहाल इसे मॉस्को से दिल्ली या मुंबई तक चलने वाली सीधी यात्री ट्रेन समझना जल्दबाजी होगी। अभी तक रूस या भारत की ओर से इस तरह की यात्री सेवा या पर्यटन केंद्रित ट्रेन की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। रूसी उप प्रधानमंत्री के प्रस्ताव का मूल उद्देश्य फ्रेट, लॉजिस्टिक्स और रणनीतिक कनेक्टिविटी है। वैसे भी यात्री सेवा शुरू करने में कई व्यावहारिक अड़चनें होंगी जैसे कई देशों के वीजा, अलग-अलग रेल गेज, सीमा और सुरक्षा जांच, विभिन्न देशों के रेलवे के बीच समय-सारिणी का तालमेल तथा यात्री सुविधाओं का अभाव। लेकिन भविष्य की संभावना को पूरी तरह खारिज भी नहीं किया जा सकता। यदि कॉरिडोर स्थिर, सुरक्षित और आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनता है तो बाद में यात्री रेल सेवा की संभावना तलाशना संभव होगा। ऐसी ट्रेन यूरेशिया के विशाल भूभाग, मध्य एशिया और ऐतिहासिक सिल्क रूट के शहरों को जोड़ने वाली असाधारण यात्रा बन सकती है। भारत के लिए बड़ा रणनीतिक लाभ वैसे रूस के इस प्रस्ताव का सबसे बड़ा फायदा भारत को कनेक्टिविटी की रणनीतिक विविधता के रूप में मिल सकता है। भारत की विदेश और आर्थिक नीति लंबे समय से यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि उसकी व्यापारिक आपूर्ति किसी एक मार्ग या एक देश पर निर्भर न रहे। इसलिए रूस से भारत तक मजबूत स्थलीय नेटवर्क बनने पर भारतीय कारोबारियों को रूसी बाजार तक पहुंच का एक वैकल्पिक रास्ता मिलेगा। इससे मशीनरी, ऊर्जा संसाधन, उर्वरक, धातु, कृषि उत्पाद और अन्य वस्तुओं की आवाजाही अधिक लचीली हो सकती है। दूसरा बड़ा लाभ समय और लागत का हो सकता है। आईएनएसटीसी का मूल उद्देश्य भी पारंपरिक समुद्री मार्गों की तुलना में माल परिवहन को तेज और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना है। पूर्ण रूप से विकसित नेटवर्क भारत-रूस व्यापार को नई गति दे सकता है। एक और सबसे महत्वपूर्ण लाभ ऊर्जा सुरक्षा है। होर्मुज जैसी किसी एक संवेदनशील समुद्री पट्टी पर निर्भरता कम होने से भारत वैश्विक संकटों के दौरान अपनी आपूर्ति श्रृंखला को ज्यादा प्रभावी ढंग से संभाल सकता है।




**पाकिस्तान वाला रास्ता सबसे कठिन कड़ी** – हालांकि प्रस्तावित मार्ग में पाकिस्तान का नाम आना इसे रणनीतिक रूप से बेहद दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण बनाता है। रूस ने संभावित विकल्पों में तुर्कमेनिस्तान, ईरान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान का उल्लेख किया है। लेकिन भारत-पाकिस्तान संबंधों की मौजूदा जटिलताओं को देखते हुए इस रास्ते को तत्काल व्यवहार्य मानना कठिन होगा। यही कारण है कि भारत के लिए ईरान और मध्य एशिया के रास्ते विकसित होने वाले वैकल्पिक नेटवर्क अधिक व्यावहारिक महत्व रखते हैं।

**चीन के लिए भी बदलता समीकरण** – इस परियोजना का एक व्यापक भू-राजनीतिक प्रभाव चीन पर भी पड़ सकता है। चीन ने वर्षों से बेल्ट एण्ड रोड इनटेविट के जरिए यूरेशिया में अपनी परिवहन और आर्थिक पहुंच बढ़ाई है। इसके मुकाबले भारत-रूस समर्थित आईएनएसटीसी और उससे जुड़े नए रेल नेटवर्क यूरेशिया में एक वैकल्पिक आर्थिक गलियारा मजबूत कर सकते हैं। भारत को इससे यह अवसर मिलेगा कि वह चीन केंद्रित कनेक्टिविटी मॉडल के समानांतर अपना प्रभाव क्षेत्र विकसित करे। मध्य एशिया, ईरान और रूस के साथ भारत के आर्थिक संबंधों को भी इससे मजबूती मिल सकती है। रूस-भारत की दोस्ती का नया आर्थिक अध्याय सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह प्रस्ताव भारत और रूस के रिश्तों को केवल रक्षा और ऊर्जा सहयोग तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उन्हें कनेक्टिविटी और व्यापार की नई धुरी पर ले जाता है। रूस के लिए भारत हिंद महासागर तक पहुंच का महत्वपूर्ण द्वार है, जबकि भारत के लिए रूस यूरेशिया के विशाल बाजार तक पहुंच का प्रमुख साझेदार है। इसलिए दोनों देशों के हित इस परियोजना में स्वाभाविक रूप से एक-दूसरे से जुड़ते हैं। देखा जाये तो बदलती दुनिया में समुद्री रास्तों पर जोखिम बढ़ रहे हैं और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं लगातार नए झटकों का सामना कर रही हैं। ऐसे में रूस का मॉस्को से हिंद महासागर तक रेल संपर्क का विचार भले ही अभी शुरुआती चरण में हो, लेकिन इसकी रणनीतिक दिशा बेहद स्पष्ट है। यानि व्यापार के लिए सिर्फ एक रास्ते पर निर्भर मत रहिए, विकल्पों का ऐसा नेटवर्क तैयार कीजिए जिसे संकट भी आसानी से बाधित न कर सके। बहरहाल, भारत के लिए यह सिर्फ रूस तक पहुंचने वाली रेल लाइन नहीं होगी। यह यूरेशिया से हिंद महासागर तक भारत की रणनीतिक पहुंच, ऊर्जा सुरक्षा, व्यापारिक स्वायत्तता और वैश्विक कनेक्टिविटी को मजबूत करने वाला संभावित नया गलियारा बन सकती है। और अगर भारत-रूस की पुरानी मित्रता इस परियोजना को राजनीतिक इच्छाशक्ति और आर्थिक निवेश का आधार देती है, तो आने वाले वर्षों में यह कॉरिडोर एशिया की बदलती भू-आर्थिक तस्वीर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकता है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# क्या 'इस्लामिक नाटो' से भारत की कूटनीतिक चुनौतियां बढ़ेंगी? ˙अमेरिका व चीन की कोई परोक्ष चाल तो नहीं?

(कमलेश पांडे )

पाकिस्तान को नया रणनीतिक ऑक्सीजन मिल सकता है ~ पाकिस्तान के पास परमाणु क्षमता, तुर्किये के पास मजबूत रक्षा उद्योग/सैन्य क्षमता और सऊदी अरब के पास वित्तीय व ऊर्जा शक्ति है। इन तीनों का संयोजन पाकिस्तान को भारत के मुकाबले कूटनीतिक और सैन्य दबाव बनाने के नए साधन दे सकता है। एशिया में ईरान और रूस के दांवपेंच से निपटने के लिए या फिर अमेरिका और चीन की शह पर पहले पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच और अब तुर्किये के साथ भी मक्का में जो रक्षा समझौते हुए हैं, उसके दृष्टिगत भारतवासियों के दिलोदिमाग में बस एक ही सवाल कौंध रहा है कि क्या कथित 'इस्लामिक नाटो' से भारत की कूटनीतिक चुनौतियां बढ़ेंगी? क्या इससे निपटने में रूस-ईरान से रक्षा सम्बन्धों को और मजबूती दी जानी चाहिए? या फिर अमेरिका या चीन या फिर दोनों के इशारे पर हुए इस गठबंधन के पीछे कोई परोक्ष चाल तो नहीं है? तो जवाब होगा कि हाँ–भारत की कूटनीतिक चुनौतियाँ बढ़ सकती हैं, लेकिन इसे अभी सीधे-सीधे 'इस्लामिक नाटो' कहना जल्दबाजी होगी। दरअसल, गत 7 अगस्त 2026 को मक्का में सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान ने एक संयुक्त रक्षा समझौता किया है, जिसमें एक पर सशस्त्र हमला तीनों पर हमला माना जाएगा। यह पहले के सऊदी-पाकिस्तान रक्षा समझौते का विस्तार है। लिहाजा भारत के लिए असली चिंता यह है कि- पहली, पाकिस्तान को नया रणनीतिक ऑक्सीजन मिल सकता है ~ पाकिस्तान के पास परमाणु क्षमता, तुर्किये के पास मजबूत रक्षा उद्योग/सैन्य क्षमता और सऊदी अरब के पास वित्तीय व ऊर्जा शक्ति है। इन तीनों का संयोजन पाकिस्तान को भारत के मुकाबले कूटनीतिक और सैन्य दबाव बनाने के नए साधन दे सकता है। दूसरा, तुर्किये का शामिल होना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है ~ भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान तुर्किये ने कई बार इस्लामाबाद के पक्ष में राजनीतिक रुख अपनाया है। अब यदि वह किसी औपचारिक सामूहिक रक्षा व्यवस्था का हिस्सा है, तो भविष्य के भारत-पाकिस्तान संकट में उसका वजन और बढ़ सकता है। तीसरा, सऊदी अरब को पाकिस्तान का स्थायी सैन्य सहयोगी मान लेना भी गलत होगा ~ रियाद के भारत के साथ बड़े आर्थिक, ऊर्जा और रणनीतिक हित हैं। इसलिए सऊदी नेतृत्व के लिए पाकिस्तान के साथ रक्षा सहयोग और भारत के साथ रणनीतिक संबंध–दोनों को साथ लेकर चलना संभवतः अधिक उपयोगी है।

**क्या इसके पीछे रूस विरोधी अमेरिका की चाल हो सकती है?** – जवाब ~ संभावना को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन अभी इसका प्रमाण नहीं है। दिलचस्प बात यह है कि जनवरी 2026 में ही रणनीतिक विश्लेषण में यह कहा जा रहा था कि तुर्किये इस तरह के गठबंधन का इस्तेमाल नाटो के भीतर अपनी बार्गिंग पावर बढ़ाने और हेडजिंग के लिए कर सकता है। चूंकि अमेरिका के लिए ऐसा ढांचा कुछ परिस्थितियों में उपयोगी भी हो सकता है, क्योंकि ईरान के विरुद्ध क्षेत्रीय ड्रिटिरेशन बढ़ाना, पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य बोझ कम करना, सऊदी सुरक्षा को वैकल्पिक रूप से मजबूत करना, तुर्किये को पश्चिमी सुरक्षा ढांचे से पूरी तरह दूर जाने से रोकना और पाकिस्तान को चीन के पूर्ण प्रभाव में जाने से रोकना उसका असली मकसद है। इसलिए इसे अमेरिका के खिलाफ गठबंधन मानना उतना ही गलत होगा जितना इसे निश्चित रूप से अमेरिकी परियोजना मान लेना। सुलगता सवाल ~ और जहाँ तक चीन की बात है? यहाँ मामला और दिलचस्प है। जवाब ~ चीन के पाकिस्तान के साथ अत्यंत गहरे रक्षा संबंध हैं और सऊदी अरब के साथ उसके आर्थिक संबंध लगातार बढ़े हैं। यदि यह त्रिकोण आगे चलकर विस्तृत होता है, तो बीजिंग को पश्चिम एशियाङ्कपाकिस्तान हिंद महासागर के बीच अपना प्रभाव बढ़ाने का अवसर मिल सकता है। लेकिन चीन के लिए भी समस्या है ~ सऊदी अरब अमेरिका से पूरी तरह अलग नहीं होना चाहता और तुर्किये नाटो का सदस्य है। इसलिए इसे अभी चीन-नेतृत्व वाला गठबंधन कहना वास्तविकता से आगे निकलना होगा।

**आखिर भारत को किस बात से सबसे ज्यादा सावधान रहना चाहिए?** – मेरे आकलन में 'इस्लामिक नाटो' शब्द से ज्यादा महत्वपूर्ण इसके संभावित नेटवर्क प्रभाव हैं। यदि भविष्य में इसमें कतर, अजरबैजान, मिस्र या अन्य मुस्लिम-बहुल देश किसी रूप में जुड़ते हैं, तो तस्वीर बदल सकती है। मई में पाकिस्तान की ओर से तुर्किये और कतर के संभावित जुड़ाव की बात भी सामने आई थी। तब भारत को तीन मोर्चों पर चुनौती मिल सकती है ~ पश्चिम एशिया पाकिस्तान ? तुर्किये, यानी पाकिस्तान को पहली बार भारत के विरुद्ध केवल द्विपक्षीय नहीं बल्कि बहु-देशीय कूटनीतिक समर्थन तंत्र बनाने का अवसर मिल सकता है।

लेकिन भारत की स्थिति भी कमजोर नहीं है, क्योंकि भारत को प्रतिक्रिया में किसी एंटी इस्लामिक ब्लाक में जाने की जरूरत नहीं है।

# पराया धन नहीं, परिवार का आधार- बेटियों को लेकर कैसे बदल रही है भारत की सोच?

**आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। खेल के मैदान से लेकर अंतरिक्ष तक, कारपोरेट के बोर्डरूम से लेकर सीमा की सुरक्षा तक हर जगह बेटियों ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। ओलंपिक पदकों से लेकर सिविल सेवाओं तक, जब माता-पिता हर जगह बेटियों का परचम लहराते देखते हैं, तो उनका गर्व से सिर ऊंचा हो जाता है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि अवसर मिले, तो बेटियां आसमान छू सकती हैं। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि अवसर मिलने पर वे किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं हैं।**

(रचना सिद्धा)

नागौर में बेटी का 'पाग दस्तूर' और कारा रिपोर्ट में गोद लेने की 8त्र बढ़ोतरी बदलती सामाजिक सोच का प्रमाण है। बेटियां अब बोझ नहीं, हर क्षेत्र में सफलता और बुढ़ापे का सहारा बनकर देश का मान बढ़ा रही हैं। कुछ समय पहले राजस्थान के नागौर जिले के सुरियास गांव में पहली बार एक बेटी का 'पाग दस्तूर' किया गया। राजस्थान की पारंपरिक सामाजिक व्यवस्था में पिता के निधन के बाद परिवार के बड़े बेटे को परिवार का उत्तराधिकारी घोषित किया जाता है। इसी को 'पाग दस्तूर' कहते हैं। अगर परिवार में पुत्र नहीं होता, तो कई परिवार दत्तक पुत्र लेकर यह रस्म निभाते हैं।पंद्रह जुलाई को सुरियास गांव के कान सिंह राठौड़ का बीमारी से निधन हो गया। उनके परिवार में एकमात्र संतान उनकी दस वर्षीय बेटी है। बारहवें की रस्म के बाद किसी निकट संबंधी को दत्तक लेकर 'पाग दस्तूर' कराने की चर्चा चल रही थी। मगर कान सिंह की माता और पत्नी ने साफ शब्दों में कहा कि क्योंकि उनकी एकमात्र संतान पुत्री है, इसलिए उसका ही 'पाग दस्तूर' किया जाएगा।

इस बदलाव से परिवार ने पुरानी परंपरा को नया स्वरूप देते हुए मजबूत संदेश दिया है कि परिवार की पहचान और सम्मान केवल बेटे से नहीं, बल्कि बेटी से भी आगे बढ़ सकता है। गांव के लोगों का भी कहना है कि इस निर्णय ने वर्षों की सामाजिक सोच में बदलाव ला दिया है जो बेटियों को बराबरी का अधिकार और सम्मान देने का संदेश देता है।पिछले कुछ वर्षों में लड़कियों को गोद लेने का चलन बढ़ा है।

इस बात की पुष्टि करती हाल ही में जारी 'सेंट्रल अडाप्शन रिसोर्स अथारिटी' की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले वर्ष के मुकाबले वर्ष 2025-26 में लड़कियों को गोद लेने वालों की संख्या में आठ फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वह समय बीत गया, जब बेटियों को बोझ माना जाता था और बेटों को परिवार का सम्मान।

तब बेटियां पराया धन मानी जाती थी और बेटे को वंश को आगे बढ़ाने वाला और बुढ़ापे का सहारा बनने वाला कहा जाता था। यहां तक कि अंतिम संस्कार बेटों के हाथों से होने पर मुक्ति मिलने की सोच हमारी मानसिकता पर हावी थी। इसी मानसिकता के प्रभाव में हमने सदियों तक लड़कियों को दोयम दर्जे का नागरिक बना कर रखा।

सदियों से भारतीय समाज में पुत्र मोह एक कड़वी सच्चाई बन कर हमारे साथ रहा है। मगर आज हवा का रुख बदल रहा है। आधुनिक भारत में यह एक नया और सुखद बदलाव दिखाई दे रहा है। न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में समाज की सोच में तेजी से बदलाव आ रहा है। पहले जहां बेटों को प्राथमिकता दी जाती थी वहीं अब बेटियों के प्रति झुकाव बढ़ रहा है।

एक विश्लेषण के मुताबिक 1980 से अब तक करीब पांच करोड़ बेटियां जन्म से पहले ही खत्म कर दी गईं। यह आंकड़ा अब तेजी से घट रहा है। विश्लेषण के मुताबिक 2001 से अब तक 70 लाख बेटियां बचाई गई हैं। चीन, भारत और दक्षिण कोरिया जैसे देशों में लिंगानुपात तेजी से सामान्य होता जा रहा है। माता पिता अब बेटियों को ज्यादा समझदार, संवेदनशील और कम चुनौतीपूर्ण मानने लगे हैं।

कई देशों में अब यह धारणा भी जोर पकड़ती जा रही है कि बेटियां बुजुर्ग माता-पिता की बेहतर देखभाल करती हैं। यह सोच भारत में भी तेजी से बढ़ रही है और शायद यही कारण है कि अब एक संतान बेटी हो जाने के बाद भी दंपति लड़के के लिए दूसरी संतान के बारे में नहीं सोचते। यह समाज की सोच में आया एक सकारात्मक बदलाव नहीं, बल्कि सोच की उस संकीर्णता पर भी करारी चोट है जिसने लंबे समय तक बेटियों को 'पराया धन' मान कर हाशिये पर रखा। इस सकारात्मक बदलाव के पीछे कई अहम कारण हैं, जिसने लोगों की मानसिकता को बदलने में बड़ी भूमिका निभाई है।

आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। खेल के मैदान से लेकर अंतरिक्ष तक, कारपोरेट के बोर्डरूम से लेकर सीमा की सुरक्षा तक हर जगह बेटियों ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। ओलंपिक पदकों से लेकर सिविल सेवाओं तक, जब माता-पिता हर जगह बेटियों का परचम लहराते देखते हैं, तो उनका गर्व से सिर ऊंचा हो जाता है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि अवसर मिले, तो बेटियां आसमान छू सकती हैं। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि अवसर मिलने पर वे किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं हैं। उनकी सफलता ने समाज की पुरानी धारणाओं को तोड़ते हुए बेटियों के प्रति सम्मान और भरोसे को मजबूत किया है।

अक्सर देखा जाता है कि बेटियां शादी के बाद भी अपने माता-पिता के प्रति उतनी ही संवेदनशील और जिम्मेदार रहती हैं, जितना कि शादी से पहले थीं। बुढ़ापे में माता-पिता की देखभाल करने और उनका भावनात्मक सहारा बनने में बेटियां किसी से कम साबित नहीं हो रही हैं। समाज में अब यह बात गहराई से महसूस की जाने लगी है कि बेटा केवल एक कुल का नाम आगे बढ़ाता है, लेकिन बेटी दो-दो परिवारों को रोशन करती है।

साक्षरता दर में वृद्धि और कानून के प्रति बढ़ती जागरूकता ने भी इस बदलाव की नींव रखी है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे सरकारी अभियानों, कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ सख्त कानून और संपत्ति में बेटियों के समान अधिकार जैसे विधायी कदमों ने लोगों को यह सोचने पर मजबूर किया है कि बेटा और बेटी दोनों बराबर हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं ने भी इस बदलाव में अहम भूमिका निभाई है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान ने कन्या भ्रूण हत्या रोकने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने का कार्य किया है। कई राज्यों में कन्या जन्म पर आर्थिक सहायता, छात्रवृत्ति, निशुल्क शिक्षा तथा उच्च शिक्षा के लिए विशेष प्रोत्साहन जैसी योजनाओं ने परिवारों को बेटियों के भविष्य के प्रति आश्वस्त किया है।

आजकल के छोटे या एकल परिवारों में माता-पिता लिंग भेद से परे जाकर केवल एक या दो बच्चों की परवरिश पर ध्यान दे रहे हैं। अब लोग इस बात से पूरी तरह बेफिक्र हैं कि उनका इकलौता बच्चा बेटा है या बेटी। वे बेटी की परवरिश भी उसी लाड़-प्यार, शिक्षा और संसाधनों के साथ कर रहे हैं जो कभी सिर्फ बेटों का हक समझा जाता था।

इस यात्रा को पूरा होने में अभी कुछ वक्त लगेगा। न केवल शहरी बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेटियों को लेकर जो स्वीकार्यता और ललक बढ़ी है, वह उम्मीद जगाने वाली है। हालांकि देश के दूरदराज इलाकों में आज भी कुछ कुरीतियां और भेदभाव के अंश बाकी हैं।

कुछ क्षेत्रों में अब भी लैंगिक भेदभाव, बाल विवाह और शिक्षा से वंचित कर दिए जाने जैसी समस्याएं मौजूद हैं। बदलाव के लिए जो हमारी गति है, उससे मंजिल बहुत दूर नहीं लगती। जब समाज बेटियों को बोझ नहीं, बल्कि एक वरदान के रूप में देखने लगता है, तब केवल एक परिवार और समाज का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का उत्थान होता है। इसलिए बेटियों को सुरक्षित वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्रदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। बेटियों की बढ़ती चाह एक समृद्ध, समतावादी और संवेदनशील भारत के निर्माण का सबसे सशक्त प्रतीक है।

# स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा : डीएम

## इस बार मुख्य समारोह राजेंद्र स्टेडियम के स्थान पर महेश्वरी एकेडमी के मैदान में होगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** विकास भवन के सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी के अध्यक्षता में 79 वां स्वतंत्रता दिवस15 अगस्त 2026 समारोह को लेकर सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कतिपय कारणों से राजेंद्र स्टेडियम,कटिहार में मुख्य समारोह का आयोजन नहीं किया जा सकेगा। इसके लिए नया स्थल महेश्वरी एकेडमी का मैदान होगा। जहां सभी तैयारियों को चरणबद्ध तरीके से स-समय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर पूर्व वर्ष में की तैयारी के संबंध में सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया।संबंधित पदाधिकारियों के द्वारा दिये गये फीडबैक के आधार पर इस वर्ष की तैयारियों को प्रारंभ करने का निर्देश जिला पदाधिकारी ने दिया।जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि पूर्व के वर्षों की भांति स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाएगा ।उक्त अवसर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में माननीय, वरीष्ठ नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं वरीय पदाधिकारियों के साथ आम नागरिक को आमंत्रित किया जाएगा । पूर्व की भांति आकर्षक परेड विभिन्न पुलिस की टुकडियों एवं एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा किया जाएगा। महेश्वरी एकैडमी के मैदान में सभी प्रकार की आवश्यक तैयारियां के तहत मैदान की साफ-सफाई,भवन एवं गेट का रंग रोगन,भाषण मंच, विशिष्ट , महानुभावों एवं सम्मानित व्यक्तियों के बैठने के लिए स्थान पर बेरिकेडिंग कर घेराबंदी इत्यादि की व्यवस्था एवं सभी प्रकार की आवश्यक तैयारी स-समय स्वतंत्रता दिवस के पूर्व ही पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस समारोह पर आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारित सोशल मीडिया, फेसबुक, वेबकास्ट, केबल टीवी आदि के माध्यम से भी किया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां स-समय पूरा करते हुए निर्देशित किया गया।ताकि आमजन अपने घर पर रहकर भी स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को देख सकें। स्वतंत्रता दिवस की



तैयारी को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा स-समय तैयारियों को पूरा करने का भी आदेश दिया गया। बैठक में नगर आयुक्त संतोष कुमार, अपर समाहर्ता आपदा फिरोज अख्तर, अपर समाहर्ता डॉ. बिनोद कुमार, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अमित कुमार, अनुमंडल अधिकारी प्रद्युम्न सिंह यादव कटिहार सदर, पुलिस उपाधीक्षक जिला मुख्यालय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, प्रभारी पदाधिकारी राजस्व प्रशाखा, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य प्रशाखा, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय प्रशाखा निदेशक डीआरडीए, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, समादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी कटिहार के एवं अन्य वरीय जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

# खाद की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त, 487 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी

**8 उर्वरक लाइसेंस रद्द, 7 निलंबित**

**किसानों को निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** खरीफ मौसम में किसानों को खाद की पर्याप्त उपलब्धता और निर्धारित दर पर बिक्री सुनिश्चित करने को लेकर जिला प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। मंगलवार को जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक हुई। बैठक में किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर अधिकारियों व विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए। जिला कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि जिले में वर्तमान समय में किसी भी उर्वरक की कमी नहीं है। उपलब्ध स्टॉक में 11,049.986 मीट्रिक टन यूरिया, 4,494.90 मीट्रिक टन डीएपी, 2,654.455 मीट्रिक टन एमओपी, 9,484.83 मीट्रिक टन एनपीके और 1,921.40 मीट्रिक टन एसएसपी शामिल है। बैठक में स्पष्ट किया गया कि उर्वरक की बिक्री एमआरपी से अधिक कीमत पर नहीं की जाएगी। किसानों की इच्छा के विरुद्ध किसी अन्य कृषि उत्पाद की खरीद के लिए बाध्य करना भी नियम विरुद्ध माना जाएगा। उर्वरक के साथ कीटनाशी, जैव उत्पाद या अन्य कृषि सामग्री की अनिवार्य टैगिंग पर भी रोक रहेगी। शारदीय खरीफ मौसम में अब तक 487 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई। अनियमितता मिलने पर एक प्रतिष्ठान के विरुद्ध प्राथमिकी, 8 लाइसेंस रद्द, 7लाइसेंस निलंबित किए गए हैं, जबकि 6 प्रतिष्ठानों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्रशासन ने अधिकारियों और विक्रेताओं को किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पारदर्शी, सुचारु और नियमसम्मत उर्वरक वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।



## संक्षिप्त समाचार

### राजकीय डिग्री महाविद्यालय कोढ़ा में चार संविदात्मक सहायक प्राध्यापकों ने किया योगदान

**कोढा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्णिया विश्वविद्यालय के नियुक्ति आदेश के आलोक में मंगलवार को राजकीय डिग्री महाविद्यालय कोढ़ा में संविदात्मक सहायक प्राध्यापक के पद पर चार नवनियुक्त प्राध्यापकों ने अपने-अपने पद पर योगदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. सीके मिश्रा ने नवनियुक्त प्राध्यापकों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया गया। नियुक्ति-पत्र प्रदान किए जाने के समय महाविद्यालय के अर्थपाल प्रो. हरिओम प्रसाद उपस्थित रहे। नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों में सत्यम संदीप ने अंग्रेजी विभाग, प्रीतम कुमार सिंह ने हिंदी विभाग तथा रश्मि झा एवं स्वाति सिंह ने अर्थशास्त्र विभाग में अपने-अपने पद पर कार्यभार ग्रहण किया। प्राचार्य प्रो.सी. के. मिश्रा ने सभी नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों का महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त प्राध्यापकों के योगदान से महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ता एवं गति मिलेगी।इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने भी नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों का स्वागत किया तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की।



### महापौर ने वार्ड संख्या 28 में विकास कार्यों का किया स्थल निरीक्षण

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने को लेकर महापौर ऊषा देवी अग्रवाल ने वार्ड संख्या 28 के बड़ा बाजार एवं शिव मंदिर चौक क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने मौके पर चल रहे कार्यों की प्रगति, निर्माण की गुणवत्ता एवं कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को विकास कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने तथा कार्यों में अनावश्यक विलंब नहीं करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान महापौर ने स्थानीय नागरिकों से भी संवाद किया और क्षेत्र की समस्याओं, आवश्यकताओं एवं उनके सुझावों की जानकारी ली। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि नगर निगम क्षेत्र में जनसुविधाओं के विस्तार एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है। महापौर ऊषा देवी अग्रवाल ने कहा कि जनता की सुविधा और गुणवत्तापूर्ण विकास नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वार्डों में चल रहे विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर आम नागरिकों तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ कार्यों की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



### मकान में फंदे से लटका शव मिलने से सनसनी

**कदवा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कदवा थाना क्षेत्र के कुम्हड़ी पंचायत अंतर्गत हलधरपुर चौक के पास किराए के एक मकान में मंगलवार को किशोरी का फंदे से लटका शव मिलने से क्षेत्र में जहां सनसनी फैल गया ।उत्तर प्रदेश राज्य के रहने वाली एक किशोरी की फंदे से लटका मिला शव। घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में भय का माहौल देखा जा रहा है। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि कुम्हड़ी पंचायत के हलधरपुर के समीप किराए के मकान में एक 17 वर्षीय किशोरी ने सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर लिया घटना की जानकारी पर आसपास के लोगों में होहल्ला होने लगा तभी घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा कदवा थानाध्यक्ष कुंदन कुमार दिया सूचना मिलते हीं कदवा थानाध्यक्ष कुंदन कुमार बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए घटना की जांच के लिए एफएसएल टीम को सूचना दिया घटना की सूचना पर एफएसएल की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर रूम का दरवाजा को खोल कर फंदे से लटका मृतका किशोरी के शव को उतार कर जांच में जुट गई। घटना के बाद मकान मालिक ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने कटिहार जिले के मुफसिल थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 13 स्थित नया टोला कटिहार निवासी स्व० सुरेश सिंह के पुत्र विक्रम कुमार सिंह को आनंद कुमार मंडल के कहने पर किराए में दिया था और अचानक मंगलवार को सुबह रूम में एक किशोरी के शव बरामद हुआ। मृतका की पहचान उत्तर प्रदेश राज्य के कोशीनगर जिला अंतर्गत, थाना - कप्तानगंज निवासी असगर अली के 17 वर्षीय पुत्री के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। मामले की जांच जारी है।

### बिजली, सड़क व पुल की समस्याओं को लेकर विधायक ने विभागों को लिखा पत्र

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अमदाबाद प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बिजली, सड़क और पुल से जुड़ी समस्याओं को लेकर मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंताओं को पत्र भेजकर शीघ्र समाधान की मांग की है। विधायक ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से मिली शिकायतों को पत्र के माध्यम से विभाग के समक्ष रखा है। बिजली समस्या को लेकर ऊर्जा विभाग को भेजे पत्र में जंगलाटाल पंचायत के पठान टोला, महादलित टोला, नीमा पंचायत के वार्ड संख्या नौ के बंगाली टोला, खरवार टोला व शेख टोला में वोल्टेज की समस्या का उल्लेख किया गया है। विधायक ने वार्ड नौ में ट्रांसफॉर्मर लगाने के साथ बैरिया पंचायत के विभिन्न स्थानों पर नए ट्रांसफॉर्मर लगाने और नीचे लटक रहे बिजली तारों को दुरुस्त कराने की मांग की है। किसानों के लिए बिजली पोल लगाने में कथित मनमानी की जांच का भी आग्रह किया गया है। वहीं पूर्वी करीमुल्लापुर पंचायत के बलुआ गांव से दुगार्पुर पंचायत के मध्य विद्यालय नव रसिया तक करीब तीन वर्षों से लंबित सड़क निर्माण कराने की मांग की गई है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने वृद्ध महिला को कुचला, मौके पर मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** बरारी थाना क्षेत्र के कालिकापुर बाजार स्थित जियो ऑफिस के समीप मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध जताया और मृतका के परिजनों को उचित मुआवजा देने तथा तेज रफ्तार वाहनों पर रोक लगाने की मांग की।मृतका की पहचान जगदीशपुर पंचायत के कुम्हार टोली निवासी स्वर्गीय छट्ठु मंडल की पत्नी उमीर्ला देवी (75) के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब 7:45 बजे उमीर्ला देवी कालीकापुर बाजार से पैदल अपने घर की ओर जा रही थी।इसी दौरान बरारी की ओर से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने कालीकापुर जियो ऑफिस के समीप उन्हें जोरदार धक्का मार दिया।दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल वृद्ध महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जुट गए।हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर विरोध जताते हुए कुछ समय के लिए आवागमन बाधित कर दिया।सड़क जाम होने से दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।घटना की सूचना मिलने पर बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा।पुलिस पदाधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया और सड़क से जाम हटवाकर यातायात बहाल कराया। इसके बाद पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया।पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



# सफाई कर्मियों की हड़ताल से मनिहारी नगर में जगह-जगह कूड़े का अंबार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** नगर पंचायत में सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। शहर के कई हिस्सों में जगह-जगह कूड़े का ढेर जमा हो गया है। गंदगी और कचरे के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर कूड़ा सड़ने से दुर्गंध फैल रही है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। सफाई कर्मचारी सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी भुगतान करने की मांग को लेकर विगत तीन दिनों से हडताल पर हैं। सफाई कर्मी शहर की स्वच्छता व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे प्रतिदिन गंदगी के बीच काम कर शहर को स्वच्छ रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। सफाई कर्मियों की मांगों और उचित वेतन से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से विचार किए जाने की जरूरत है। नगर पंचायत के स्वच्छता पदाधिकारी आरुष कुमार ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए जल्द पहल की जा रही है। सफाई कर्मियों को वार्ता के लिए बुलाया गया है। साथ ही संवेदक को भी समस्या के शीघ्र निदान की दिशा में प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। शहर की सफाई व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के संचालन को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी, मनिहारी को पत्र भेजकर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति का अनुरोध भी किया गया है।

# टोटो चालक गोलू हत्याकांड का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार) ।** बीते दिनों फलका थाना क्षेत्र के सोहथा उत्तरी पंचायत स्थित वार्ड संख्या-11गोपालपट्टी गांव निवासी टोटो चालक प्रीतम कुमार उर्फ गोलू कुमार की हुई निर्मम हत्याकांड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है।पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।वहीं पुलिस ने घटना में उपयोग किये गए दो मोबाइल फोन भी बरामद किया है। मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-टू सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि 7 अगस्त 2026 को गोपालपट्टी निवासी नीलम देवी ने फलका थाना को सूचना दी कि उनका पुत्र प्रीतम कुमार टोटो चालक देर रात तक घर वापस नहीं लौटा है।सूचना मिलते ही पुलिस ने खोजबीन शुरू की।इस दौरान पहले पुलिस को मंगेनपट्टी जाने वाली पक्की सड़क के किनारे से टोटो बरामद हुआ।सघन तलाशी के दौरान बभनी गांव के दौदा बहीयार स्थित एक धान के खेत से प्रीतम कुमार का शव बरामद हुआ,जिसके हाथ-पैर बंधे हुए थे।जिसके बाद मृतक की मां के आवेदन पर फलका थाना में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया।इस टीम ने एफएसएल , डॉग स्क्वायड और तकनीकी सेल की मदद से जांच करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।आगे उन्होंने बताया कि पूछताछ में आरोपी दिलीप कुमार, दीपक कुमार दोनों सगे भाई एवं साजन कुमार तीनों सोहथा गांव निवासी ने स्वीकार किया कि पूर्व के पैसे के लेन-देन को लेकर उनका विवाद चल रहा था। इसी विवाद के कारण अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर प्रीतम की हत्या कर दी और साक्ष्य छुपाने की नीयत से शव को धान के खेत में फेंक दिया था।डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दिलीप कुमार का पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है। जिसके विरुद्ध फलका थाना में पूर्व से भी मामला दर्ज है। पुलिस इस घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जगह -जगह छापेमारी कर रही है।



# 13.69 ग्राम स्मैक के साथ तीन गिरफ्तार, दो विधि-विरुद्ध बालक निरुद्ध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** वरीय पुलिस पदाधिकारी के दिशा निर्देश के आलोक मे मनिहारी पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाये जा रहे हैं। मनिहारी थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा के नेतृत्व में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत मनिहारी पुलिस ने एसएफसी गोदाम के समीप छापेमारी कर 13.69 ग्राम स्मैक के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। वहीं, मामले में दो विधि-विरुद्ध बालकों को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने मौके से छह लाइटर भी बरामद किये हैं।पुलिस के अनुसार थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एसएफसी गोदाम के पास पांच व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही पांचों भागने लगे, जिन्हें पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान कुल 13.69 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। पुलिस ने तीनों आरोपितों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो विधि-विरुद्ध बालकों को निरुद्ध किया गया। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।




# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** हर घर तिरंगा अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर नगर निगम सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की तैयारियों, कार्ययोजना एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अभियान को व्यापक रूप से सफल बनाने तथा आम लोगों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में कनीय अभियंता अजय कुमार सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी मो. नूर अली खान ,नगर प्रबंधक ज्योति कृष्णमुर्ति एवं सहायक अभियंता सुश्री विनीता, प्रधान सहायक परवेज सलीम सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी व अभिषेक कुमार सिंह उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से आम नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को और मजबूत करना रहा।



# समेली की जीविका दीदियों के हाथों बन रहा तिरंगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में ह्यहर घर तिरंगाह्ण अभियान को सफल बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसी कड़ी में प्रतिष्ठा जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, समेली के अंतर्गत चकला पंचायत स्थित स्टिचिंग सेंटर में जीविका दीदियों द्वारा अपने हाथों से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा तैयार किया जा रहा है।जीविका दीदियां पूरे उत्साह और समर्पण के साथ तिरंगा निर्माण में जुटी हैं। उनके हाथों से तैयार हो रहा प्रत्येक तिरंगा न केवल देशभक्ति की भावना का प्रतीक है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तीकरण की तस्वीर भी पेश कर रहा है। इस संबंध में प्रखंड परियोजना प्रबंधक प्रकाश सिंह ने बताया कि ह्यहर घर तिरंगाह्ण अभियान के तहत समेली प्रखंड की सभी पंचायतों में घर-घर राष्ट्रीय ध्वज पहुंचाने के उद्देश्य से जीविका दीदियों द्वारा करीब 4,000 तिरंगों का निर्माण किया जाना है।उन्होंने बताया कि तैयार किए गए तिरंगों को प्रखंड कार्यालय में उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद प्रखंड क्षेत्र की सभी पंचायतों में तिरंगों का वितरण कर उन्हें घर-घर पहुंचाने की योजना है, ताकि अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाया जा सके।



# एनएफ रेलवे के महाप्रबंधक ने किया एनजेपी वर्ल्ड क्लास स्टेशन का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** एनएफ रेलवे मालीगांव गौहाटी के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने न्यू जलपाईगुड़ी वर्ल्ड क्लास स्टेशन का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन के पुनर्विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया गया तथा यात्री सुविधाओं और स्टेशन के समग्र विकास से संबंधित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान एनएफ रेलवे मुख्यालय के पीसीई एन. ब्रह्म एवं पीसीओएम बीबी गुप्ता तथा कटिहार मंडल रेल प्रबंधक किरेन्द्र नरह,एडीआरएम एनजेपी अजय कुमार सिंह, सीनीयर डीसीएम अनुप कुमार सिंह, सीनियर डीएनसी प्रभात रंजन सहित विभिन्न विभागों के शाखाधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों ने महाप्रबंधक के साथ स्टेशन का निरीक्षण किया। अधिकारियों द्वारा एनजेपी वर्ल्ड क्लास स्टेशन के निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता तथा यात्री सुविधाओं से जुड़े कार्यों का गंभीरता से अवलोकन किया गया।इस अवसर पर एनजेपी स्टेशन के बैक साइड स्थित सेकंड एंट्री गेट के निकट नवनिर्मित सोलर पार्किंग का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बुकिंग काउंटर का भी शुभारंभ किया गया। महाप्रबंधक द्वारा प्लेटफॉर्म संख्या 4 पर एसी वेटिंग हॉल का उद्घाटन भी किया गया। इसके अलावा प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर यात्रियों के लिए विकसित एक्सपीरियंस जोन ऐसी वेटिंग एरिया का भी उद्घाटन किया गया। इन सुविधाओं के शुरू होने से यात्रियों को बेहतर, आधुनिक एवं सुविधाजनक स्टेशन अनुभव प्राप्त होगा।महाप्रबंधक ने एनजेपी वर्ल्ड क्लास स्टेशन के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने तथा स्टेशन पर यात्रियों को आधुनिक एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।



संक्षिप्त समाचार

## कोटक कॉन्ट्रा फंड के 21 साल पूरे

**मुंबई, एजेंसी।** आप म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं तो आपको हम एक फंड के बारे में बता रहे हैं। यह है कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी का कोटक कॉन्ट्रा फंड। इस म्यूचुअल फंड ने 21 साल पूरे कर लिए हैं। जब से यह फंड शुरू हुआ है, तब से अब तक इसका 16% से ज्यादा रहा है। इस फंड का टियर-1 बेंचमार्क निफ्टी 500 है। फंड ने 13% के टियर-1 बेंचमार्क परफॉर्मेंस को पीछे छोड़ा है, जिससे शुरू से अब तक 3% से ज्यादा का अल्फा (एक्स्ट्रा रिटर्न) बना है। फंड ने पिछले एक साल में 3.6% से ज्यादा रिटर्न दिया है, जबकि बेंचमार्क रिटर्न 0.83% था। फंड का 10-साल, 5-साल और 3-साल का परफॉर्मेंस क्रमशः 17.13%, 16.83% और 17.68% रहा है। फंड ने 1-साल, 3-साल, 5-साल और 10-साल के सभी टाइमफ्रेम में बेंचमार्क से बेहतर परफॉर्मेंस किया है। कोटक कॉन्ट्रा फंड का एसेट अंडर मैनेजमेंट या रू5,331 करोड़ रुपये का है (30 जून, 2026 तक)। इसे शिबानी कुरियन मैनेज करती हैं। फंड हाउस का कहना है कि यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो कॉन्ट्रेरियन इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजी को अपनाती है। यह फंड कॉन्ट्रेरियन स्ट्रैटेजी – यानी हवा के विपरीत चलने – को अपनाता है। फंड बिजनेस-मैनेजमेंट और वैल्यूएशन अप्रोच का इस्तेमाल करके अच्छी क्वालिटी वाली कंपनियों के स्टॉक चुनता है। यह फंड ऐसे मजबूत फंडामेंटल वाले अंडरवैल्यूड स्टॉक चुनता है जिनकी असली लॉन्ग-टर्म क्षमता को मार्केट नहीं पहचान पाता है। फंड हाउस द्वारा शेयर किए गए एक कैलकुलेशन के मुताबिक किसी निवेशक ने यदि 13 साल पहले यदि 10,000 रुपये का एसआईपी शुरू किया होगा तो आज उनका कोर्पस 56,89 लाख रुपये का हो गया होगा। इस दौरान नवेशक का कुल निवेशक 16.3 लाख रुपये हुआ। मतलब कि उन्हें 16.98 फीसदी का सीएजीआर रिटर्न मिला है।




## 140 रुपये का शेयर और लिस्टिंग पर 15% फायदे का संकेत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पैकेज्ड फूड कंपनी मिल्की मिस्ट डेयरी फूड का 1,553 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। इस बुक-बिल्ट इश्यू में 1,428 करोड़ रुपये मूल्य के 10.20 करोड़ शेयरों का फ्रेश इश्यू और 125 करोड़ रुपये मूल्य के 0.89 करोड़ शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है। इस पर 13 अगस्त तक बोली लगाई जा सकती है। इस इश्यू का प्राइस बैंड 133-140 प्रति शेयर है और लॉट साइज 107 शेयरों का है। प्राइस बैंड के ऊपरी स्तर पर रिटेल निवेशकों को एक लॉट के लिए बोली लगाने के लिए कम से कम 14,980 का निवेश करना होगा। अलॉटमेंट का आधार 14 अगस्त को तय होने की उम्मीद है, जबकि शेयरों की लिस्टिंग दोनों पर 18 अगस्त को होने की संभावना है। आईपीओ से पहले कंपनी ने एंकर निवेशकों से 465.29 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसका ग्रे मार्केट प्रीमियम अभी 140 रुपये प्रति शेयर के ऊपरी प्राइस बैंड से लगभग 15% ऊपर चल रहा है। अगर यह ट्रेंड जारी रहता है, तो मजबूत स्टॉक के लिए अच्छी लिस्टिंग की संभावना का संकेत दे सकता है। हालांकि, सिर्फ अच्छा ही एकमात्र ऐसी चीज नहीं है।

# डायरेक्ट प्लान वर्सेज रेगुलर प्लान, कम फीस के चक्कर में बड़ा मुनाफा तो नहीं गंवा रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** म्यूचुअल फंड निवेशकों को 2013 में एक तरह की आजादी मिली। इसी साल डायरेक्ट प्लान की शुरुआत हुई। इससे निवेशक बिना किसी एजेंट या डिस्ट्रीब्यूटर के सीधे फंड हाउस से स्कीम खरीद सकते थे। इसमें कोई कमीशन नहीं देना होता, इसलिए ये प्लान सस्ते होते हैं। खुद से निवेश करने वाले लोगों को यह काफी पसंद आया। आज कुल निवेश का 30% हिस्सा डायरेक्ट प्लान में ही है। लेकिन दिक्कत ये है कि डायरेक्ट निवेशक पैसा तो बचाते हैं, लेकिन छोटी सी मुश्किल आते ही निवेश से बाहर भी जल्दी निकल जाते हैं। म्यूचुअल फंड संस्था रू्लद्ध के मुताबिक, डायरेक्ट प्लान में निवेश करने




वाले 41% लोग एक साल के अंदर ही अपना पैसा निकाल लेते हैं। जबकि सिर्फ 20% लोग ही 3 साल से ज्यादा टिक पाते हैं।

### क्या है दिक्कत

इकॉनमिक टाइम्स के मुताबिक, गणित के हिसाब से तो डायरेक्ट प्लान ही बेहतर दिखता है। लेकिन यह गणित तभी काम करता है जब निवेशक हर हाल में टिका रहे। असल में, औसत निवेशक बाजार की चमक-धमक या डर के पीछे भागता है। जब बाजार गिरता है, तो वह घबराकर पैसा निकाल लेता है। अगर दो साल रिटर्न न मिले।


### रिटर्न का अंतर

औसतन देखें तो किसी इक्विटी स्कीम के डायरेक्ट प्लान का सालाना खर्च (एक्सपेंस रेशियो) करीब 1.12% होता है, जबकि रेगुलर प्लान का 2.07%। यह करीब 1% का फर्क सुनने में छोटा लग सकता है, लेकिन लंबे समय में यह बड़ा अंतर पैदा करता है। 10 सालों में एक औसत इक्विटी फंड की मंथली एसआइपी ने डायरेक्ट प्लान में 15.93% और रेगुलर में 14.78% का रिटर्न दिया।

# बिजनेस में बड़ी उपलब्धियां कभी अकेले एक व्यक्ति के प्रयास से हासिल नहीं होतीं, टीमवर्क बेहद जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टीव जॉब्स दुनिया के सबसे प्रभावशाली टेक उद्यमियों में से एक थे। उन्होंने सह-स्थापना की और पर्सनल कंप्यूटर, मोबाइल फोन, म्यूजिक और एनिमेशन फिल्म जैसे कई क्षेत्रों में बड़ा बदलाव किया। उनकी पहचान शानदार प्रोडक्ट डिजाइन और दमदार प्रेजेंटेशन के लिए भी थी। स्टीव जॉब्स का जन्म 24 फरवरी 1955 को अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में हुआ था। उन्हें पॉल और क्लारा जॉब्स ने गोद लिया था। उनका पालन-पोषण कैलिफोर्निया के सिलिकॉन वैली इलाके में हुआ, जहां बचपन से ही उनकी दिलचस्पी इलेक्ट्रॉनिक्स और तकनीक में बढ़ने लगी।

गैराज से शुरू हुई एप्पल की कहानी साल 1976 में स्टीव जॉब्स और उनके दोस्त स्टीव वॉजनिएक ने जॉब्स के परिवार के गैराज में कंप्यूटर बनाया। इसके बाद 1977 में एप्पल कम्प्यूटर कंपनी की स्थापना हुई और ने कंपनी को बड़ी सफलता दिलाई। कंपनी के



अंदर मतभेदों के बाद 1985 में स्टीव जॉब्स को एप्पल के ऑपरेशनल कामकाज से हटा दिया गया। इसके बाद उन्होंने नाम की कंपनी शुरू की, जो हाई-एंड कंप्यूटर वर्कस्टेशन बनाती थी। साल 1996 में एप्पल ने खरीद लिया। इस सौदे के साथ स्टीव जॉब्स की एप्पल में वापसी हुई और 1997 में वे कंपनी के सीईओ बने।

स्टीव जॉब्स को साल 2003 में एक दुर्लभ प्रकार के पैंक्रियाटिक कैंसर का पता चला था। लंबे समय तक बीमारी से जूझने के बाद उन्होंने अगस्त 2011 में एप्पल के सीईओ पद से इस्तीफा दे दिया।

मुझे पूरा विश्वास है कि सफल और असफल उद्यमियों के बीच अंतर पैदा करने वाली करीब आधी वजह सिर्फ लगातार प्रयास करते रहने की क्षमता है।

आप ग्राहकों से सिर्फ यह नहीं पूछ सकते कि वे क्या चाहते हैं और फिर वही देने की कोशिश करें। जब तक आप उसे बनाकर तैयार करेंगे, तब तक वे कुछ नया चाहने लगेंगे। लोग सोचते हैं कि फोकस का मतलब उस एक चीज को 'हां' कहना है, जिस पर आपको ध्यान देना है। लेकिन असल में फोकस का मतलब उन सैकड़ों अच्छी चीजों को 'ना' कहना है, जो आपके सामने मौजूद हैं। आपको बहुत सोच-समझकर चुनना होता है। कभी-कभी नई चीजें बनाते समय गलतियां हो जाती हैं। ऐसी स्थिति में अपनी गलती को जल्दी स्वीकार करना और बाकी नए कामों को बेहतर बनाने पर आगे बढ़ना सबसे अच्छा होता है। भूखे रहो, जुनूनी बने रहो और नए विचारों, नए अनुभवों और नए रोमांच की तलाश कभी मत छोड़ो। बिजनेस में बड़ी उपलब्धियां कभी अकेले एक व्यक्ति के प्रयास से हासिल नहीं होतीं। इन्हें लोगों की एक बेहतरीन टीम मिलकर हासिल करती है। सबसे बेहतरीन इनोवेशन कभी-कभी कोई नया प्रोडक्ट नहीं, बल्कि कंपनी को चलाने और व्यवस्थित करने का नया तरीका होता है। आपके अंदर किसी विचार, समस्या या गलत चीज को सही करने का ऐसा जुनून होना चाहिए, जो आपको अंदर से प्रेरित करे। अगर शुरुआत से ही आप उस काम को लेकर जुनूनी नहीं हैं, तो मुश्किल समय में टिके रहना आपके लिए बहुत कठिन होगा। हर चीज महत्वपूर्ण है।

# कभी फीस के लिए नहीं थे पैसे, पिता ने उधार लेकर पढ़ाया

## आज 31200 करोड़ की कंपनी के मालिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सॉफ्टवेयर कंपनी फ्रेशवर्क्स के फाउंडर और सीईओ गिरीश मातृभूतम की सफलता की कहानी संघर्ष और मेहनत की मिसाल है। कभी उनके पास की पढ़ाई के लिए भी पैसे नहीं थे। उन्होंने पढ़ाई पूरी करने के लिए लोन लिया था। आज उनकी कंपनी की वैल्यू करीब 31,200 करोड़ रुपये है।

**मिडिल क्लास परिवार में हुआ जन्म:** गिरीश का जन्म तमिलनाडु के त्रिची में एक मिडिल क्लास परिवार में हुआ। स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए चेन्नई चले गए। साल 1992 में उन्होंने एमबीए करने का फैसला किया। उनके पिता सरकारी कर्मचारी थे और पढ़ाई का खर्च उठाना आसान नहीं था। उन्होंने एक रिश्तेदार से पैसे उधार लेकर गिरीश की पढ़ाई पूरी कराई। गिरीश का बचपन भी आसान नहीं रहा। जब वह सिर्फ 7 साल के थे, तब उनके माता-पिता का तलाक हो गया। गिरीश का मानना है कि इस घटना ने उन्हें कम उम्र में ही जिम्मेदार और आत्मनिर्भर




बनना सिखाया। वैल्यूएशन में आई गिरावट फ्रेशवर्क्स ने करीब 8 साल में शून्य से 100 मिलियन डॉलर का रेवेन्यू हासिल किया। इसके बाद कंपनी ने सिर्फ डेढ़ साल में 200 मिलियन डॉलर का आंकड़ा भी पार कर लिया। कंपनी का मुख्यालय अमेरिका के कैलिफोर्निया में है। इसके भारत, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और जर्मनी समेत कई देशों में ऑफिस हैं। फ्रेशवर्क्स के 50000 से ज्यादा ग्राहक हैं। साल 2021 में जब कंपनी का आईपीओ आया था, उस समय इसकी वैल्यूएशन करीब 1.30 लाख करोड़ रुपये थी।

### कई कंपनियों में किया काम

एमबीए के बाद गिरीश ने अमेरिका में जैसी कंपनियों में काम किया। उन्होंने अपना बिजनेस शुरू करने से पहले कई तरह के अनुभव हासिल किए। इस दौरान उन्हें असफलताओं का भी सामना करना पड़ा और उनके कुछ स्टार्टअप सफल नहीं हो सके। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और साल 2010 में चेन्नई से की शुरुआत की। कंपनी को साल 2011 में पहली फंडिंग मिली और इसी साल पहला ग्राहक भी मिला। फ्रेशवर्क्स ने कुछ ही वर्षों में तेजी से ग्रोथ की। कंपनी ने इस्तेमाल में आसान और तैयार सॉफ्टवेयर तैयार किए, जिनका इस्तेमाल कंपनियां सेल्स, कस्टमर सर्विस और सीआरएम जैसे कामों के लिए करती हैं। साल 2021 में फ्रेशवर्क्स ने न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज पर शानदार लॉन्च किया।

**रेलवे ने ऐसी की कार्रवाई कि याद रखेगा**

# हावड़ा स्टेशन पर कुली ने यात्री से वसूल लिया 4700

**कोलकाता, एजेंसी।** देश के बड़े और व्यस्त रेलवे स्टेशन पर रेलवे के कुली की मनमानी से शायद आप भी वाकिफ हों। आपका ज्यादा सामान नहीं हुआ कि वे मनमाना चार्ज वसूलने की कोशिश में रहते हैं। ऐसा ही एक वाकया पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के हावड़ा स्टेशन पर सामने आया है। वहां कुलियों के एक गैंग ने एक यात्री से 7 ट्रॉली बैग और 4 हैंड लगेज के लिए 4,700 रुपये झटक लिए। यह रेलवे के तय किए गए चार्ज से कई गुना अधिक है। एक बड़ी कंस्ट्रक्शन कंपनी में इंजीनियर हैं अरुणाभ मुखर्जी। वह पश्चिम बंगाल के कूच बिहार से मुंबई जा रहे थे। उनके साथ पत्नी, चार महीने की बेटी, बूढ़ी मां और उनकी सहायिका भी थी। वह कूच बिहार से एक ट्रेन के




जरिए हावड़ा शुक्रवार की सुबह 5 बजे पहुंचे। वहां से थोड़ी देर बाद ही दूसरी ट्रेन में सवार होकर उन्हें मुंबई जाना था। कूच विहार से आने वाली उनकी ट्रेन जब हावड़ा स्टेशन पर पहुंची, उस समय भारी बारिश हो रही थी। वह अपना सामान ट्रेन से उतारे और क्या करें, यह सोचने लगे। तभी वहांकुलियों का एक समूह आया और मदद के लिए ऑफर किया। चार्ज पूछे जाने पर उन्होंने कुछ नहीं बताया। सिर्फ यह बोला कि कम में ही काम हो जाएगा। रेलवे के पब्लिसिटी इंस्पेक्टर उत्पल दत्ता ने टीओआई को बताया कि उन्होंने यात्री से पेमेंट का स्क्रीनशॉट लिया, जिससे कुली को पहचानने में मदद मिली। उन्होंने बताया 'हमने मुख्य पोर्टर मुन्ना यादव को ट्रैक किया और उन्हें आरपीएफ के सुपुर्द कर दिया।

### मुंबई में कुली ने कितना लिया

उस ट्रेन से वह शनिवार को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल पहुंचे। वहां उतने ही सामान को स्टेशन से बाहर निकालने के लिए जब कुली की सेवा ली तो उसके लिए 800 रुपये चार्ज किया गया। तब जा कर अरुणाभ मुखर्जी को हावड़ा के कुलियों के ओवरचार्जिंग का अहसास हुआ। इसके बाद मुखर्जी ने इस घटना के बारे में विस्तार से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर पोस्ट किया। उसमें उन्होंने कुछ फोटोग्राफ भी लगाया। उन्होंने पूर्व रेलवे प्रशासन से निवेदन किया कि इस मामले की जांच करें और दोषी कुलियों पर कार्रवाई करें। रेलवे चाहे तो सीसीटीवी फुटेज से भी दोषी की पहचान कर सकता है। हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार इस पोस्ट के वायरल होने के बाद पूर्व रेलवे एक्टिव हुआ। वहां की पब्लिसिटी टीम ने मुखर्जी से संपर्क किया। फिर आरपीएफ की सहायता से दोषी कुली की पहचान के लिए अभियान चलाया।

### फिर दिखाया असली रंग

कुली ने बड़ी ट्रॉली पर सारा सामान लाद लिया और दूसरे प्लेटफॉर्म की तरफ जाने लगे। इस बीच कुली ने कहा कि 6,000 रुपये लगेंगे। मुखर्जी ने कहा, इतने पैसे तो कुली का कहना था इतने ही लगते हैं। उन्होंने प्रतिरोध किया तो कुली ने धमकी दी 'यदि इतने पैसे नहीं दिए तो सारा सामान (पटरी पर) फेंक देंगे।' कुली ने फोन कर और कुछ साथी कुलियों को बुला लिया। मुखर्जी के साथ छोटी बेटी और बूढ़ी मां थी। उनकी ट्रेन कुछ ही देर में हावड़ा से रवाना होने वाली थी। वहां भारी बारिश भी हो रही थी। इसलिए उनके पास ज्यादा ऑप्शन नहीं थे। तब उन्होंने कुली से मोल-भाव किया तो कुलियों ने 55,00 रुपये मांगा। आखिर कर 47,00 रुपये में बात बनी। उनके पास ज्यादा नकदी नहीं थी तो 1,700 रुपये कैश और 3,000 रुपये यूपीआई से चुकाए। फिर दूसरी ट्रेन में चढ़ गए।

# डीजल में इथेनॉल का प्रयोग हुआ फेल

## सुरक्षा टेस्ट में सामने आई खामी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डीजल में इथेनॉल मिलाने का प्रयोग सुरक्षा मानकों पर खरा नहीं उतर पाया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने सोमवार को




संसद में बताया कि डीजल में इथेनॉल मिलाने से ईंधन का फ्लैश पॉइंट काफी कम हो गया, जिसके कारण यह तय सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं कर सका।

सुरेश गोपी ने संसद में लिखित जवाब में बताया कि सरकारी तेल कंपनियों ने अपने रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटरों के जरिए डीजल में इथेनॉल ब्लेंडिंग का वैज्ञानिक परीक्षण किया। इन परीक्षणों में मान्यता प्राप्त लैब और वाहन बनाने वाली कंपनियों ने भी सहयोग किया। जांच में पाया गया कि इथेनॉल मिलाने के बाद डीजल का फ्लैश पॉइंट तय सीमा से काफी नीचे चला गया। इसलिए इथेनॉल-ब्लेंडेड डीजल जरूरी सुरक्षा मानकों पर खरा नहीं उतरा।

संसद में यह भी पूछा गया कि क्या डीजल में आइसोब्यूटेनॉल मिलाया जा रहा है। इस पर मंत्री ने साफ किया कि फिलहाल डीजल में आइसोब्यूटेनॉल की ब्लेंडिंग नहीं की जा रही है। सरकार ने पेट्रोल में मौजूदा 20% इथेनॉल ब्लेंडिंग लक्ष्य से आगे बढ़ाने का अभी कोई फैसला नहीं किया है। मंत्री के मुताबिक, आगे ब्लेंडिंग बढ़ाने पर विस्तृत वैज्ञानिक और तकनीकी अध्ययन के बाद विचार किया जाएगा। इसमें वाहन कंपनियों, तेल कंपनियों और रिसर्च संस्थानों से सलाह भी ली जाएगी।

### 10.48 अरब लीटर इथेनॉल खरीदेगा ओएमसी

सरकारी तेल कंपनियों ने सितंबर 2025 में 2025-26 के इथेनॉल सप्लाई ईयर के लिए करीब 10.5 अरब लीटर इथेनॉल खरीदने का पहला टेंडर जारी किया था। इसके लिए करीब 17.6 अरब लीटर की पेशकश मिली, जो मांगी गई मात्रा से लगभग 68% अधिक थी। इसके बाद 378 रजिस्टर्ड सप्लायर्स को कुल 10.485 अरब लीटर इथेनॉल आवंटित किया गया।

### खाना पकाने के ईंधन के रूप में भी इथेनॉल पर काम

सरकार इथेनॉल को खाना पकाने के ईंधन के रूप में इस्तेमाल करने की संभावनाओं पर भी काम कर रही है। इससे एलपीजी के आयात पर निर्भरता कम करने और देश में उपलब्ध अतिरिक्त इथेनॉल उत्पादन क्षमता का इस्तेमाल करने में मदद मिल सकती है।

## छोटे टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत देने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि जीरो सर्टिफिकेट के ऑनलाइन एप्लिकेशन के लिए इनकम टैक्स से जुड़े नियम जल्द नोटिफाई कर दिए जाएंगे। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह बात कही। उन्होंने कहा कि इसके लिए मौजूदा वित्त वर्ष के आम बजट में प्रावधान किया गया था और उसे लागू करने के लिए आयकर विभाग नियम तय कर रहा है। नियम जारी होने पर आयकर दाता लोअर या निल टीडीएस सर्टिफिकेट के लिए ऑनलाइन अप्लाई कर सकेंगे। चौधरी ने कहा कि इनकम टैक्स एक्ट 2025 के सेक्शन 395(1) में निल या लोअर रेट्स पर टीडीएस के लिए सर्टिफिकेट जारी होने का प्रावधान है। फाइनैंस एक्ट 2026 के तहत छोटे करदाताओं पर नियमों के पालन का बोझ घटाने के लिए यह विकल्प रखा गया है कि कम या निल डिडक्शन के मामले में सर्टिफिकेट के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। जो भी शर्तें तय की जाएंगी, उनके हिसाब से आवेदन स्वीकार या खारिज किया जा सकता है। निल टीडीएस सर्टिफिकेट के लिए तब आवेदन करता है, जब उसकी असल कर देनदारी कट सकने वाले टीडीएस से कम होने का अनुमान हो। ऐसे आवेदन से करदाता ज्यादा टैक्स डिडक्शन की स्थिति से बच जाता है और उसे बाद में रिफंड क्लेम नहीं करना पड़ता। वित्त वर्ष 2027 के आम बजट में प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, करदाता लोअर टीडीएस सर्टिफिकेट के लिए टैक्स अथॉरिटी के पास इलेक्ट्रॉनिक तरीके से आवेदन कर सकेंगे।

## तीन दिन में 6,600 उछला सोना, चांदी 16,200 महंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने और चांदी की कीमत में आज फिर शुरुआती कारोबार में तेजी देखने को मिली। निवेशक फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों की चाल के बारे में नए संकेतों के लिए अमेरिका के महंगाई के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की कीमत में तेजी के बावजूद सोने और चांदी की कीमत में बढ़ोतरी हुई है। फेड ने जुलाई बैठक में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया था। कम ब्याज दरें आमतौर पर सोने के लिए फायदेमंद होती हैं क्योंकि इस धातु पर कोई ब्याज नहीं मिलता है।

एमसीएक्स पर सितंबर 2026 डिलीवरी के लिए चांदी वायदा शुरुआती कारोबार में 5,132 की तेजी के साथ 2,41,999 प्रति किलो तक गया। इसी तरह अक्टूबर 2026 डिलीवरी के लिए सोना वायदा 2,338 बढ़कर 1,55,437 प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले तीन दिनों में चांदी की कीमत में 16,000 से ज्यादा यानी 7% से अधिक की बढ़ोतरी हुई है जबकि सोने की कीमत में 6,600 या 4% से अधिक तेजी आई है।

सर्राफा बाजार में भी



सोने और चांदी की कीमत में तेजी आई है। गुड रिटर्न्स के मुताबिक 24 कैरेट वाला सोना 3,160 रुपये की तेजी के साथ 1,55,130 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट वाला सोना भी 2,900 रुपये की तेजी के साथ 1,42,200 रुपये पर पहुंच गया जबकि 18 कैरेट वाला सोना 2,370 रुपये ऊपर 1,16,350 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। चांदी भी 10,000 रुपये की तेजी के साथ 2,55,000 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्पॉट गोल्ड 1% बढ़कर .4,432.74 प्रति औंस हो गया, जो 5 जून के बाद का इसका सबसे ऊंचा स्तर है। इसी तरह यूएस गोल्ड फ्यूचर्स 1.7% बढ़कर .4,492.60 हो गया। अन्य कीमती धातुओं में स्पॉट सिल्वर 0.9% बढ़कर .66.30 प्रति औंस हो गया।



# श्रेया कालरा ने बिग 'बॉस 20' के लिए किया मना, अहम वजह

श्रेया कालरा, जो हाल ही में रियलिटी शो 'लॉक अप' की विजेता बनी हैं। वह अभी किसी रियलिटी शो में हिस्सा लेने में दिलचस्पी नहीं रख रही हैं। श्रेया ने अपने इंस्टाग्राम पर साफ किया कि वह अभी कंटेस्टेंट के तौर पर किसी रियलिटी शो का हिस्सा नहीं बनना चाहती हैं। इससे पहले इस बात को लेकर अफवाहें चल रही थीं कि श्रेया कालरा बिग बॉस 20 में दिखेंगी।

श्रेया ने कहा 'दोस्तों, जो मुझसे पूछ रहे हैं कि मैं बिग बॉस जाऊंगी या नहीं, उन्हें बता दूं कि मैं अभी-अभी एक पागलखाने से बाहर आई हूं। मैं अभी कंटेस्टेंट के तौर पर कोई रियलिटी शो करने का प्लान नहीं बना रही हूं। क्योंकि वह मानसिक रूप से बहुत थकाने वाला और मुश्किल था। इसलिए मेरे लिए बिग बॉस नहीं, लेकिन अगर होस्ट करने, मेंटर बनने या गैंग लीडर बनने का मौका मिले, तो मैं जरूर उत्साहित होऊंगी। अगर ऐसा कुछ हुआ तो मजा आ जाएगा। लेकिन कंटेस्टेंट? नहीं भाई, यह सब झेलना बहुत मुश्किल है।'

## श्रेया ने अदा किया शुक्रिया

कुछ दिन पहले ट्रॉफी जीतने के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बात करते हुए, कालरा ने अपनी जीत उन लोगों को समर्पित की जो कॉम्पिटिशन के दौरान उनके साथ खड़े रहे। उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड ऋषभ जायसवाल और साथी कंटेस्टेंट शिल्पा शिंदे और माधुरी ग्रोवर का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि जहां ट्रॉफी उनके सपोर्टर्स की है, वहीं 1 करोड़ रुपये की प्राइज मनी का इस्तेमाल प्रैक्टिकल कामों में किया जाएगा। उनकी जीत पर सवाल उठाने वालों की आलोचना का जवाब देते हुए, कालरा अपनी बात पर अडिग रहीं। उन्होंने कहा 'मुझे पता है कि मैं इसकी हकदार हूं। मैंने शो में जो कुछ भी दिया, वह मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से दिया। मैं इस ट्रॉफी और प्राइज मनी की हकदार हूं। कोई क्या कहता है, इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। आप हर किसी की कहानी में हीरो नहीं हो सकते।



# टाइगर श्रॉफ की अगली फिल्म में हुई पश्मीना रोशन की एंट्री

अभिनेता टाइगर श्रॉफ एक बार फिर जबरदस्त एक्शन से भरपूर फिल्म के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। निर्देशक रेमो डिसूजा की इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की स्टारकास्ट लगातार मजबूत होती जा रही है। नुसरत भरुचा के बाद अब खबर है कि पश्मीना रोशन भी इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं और वह फिल्म में प्रमुख महिला किरदारों में से एक निभाएंगी। टाइगर श्रॉफ के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर करेंगी पश्मीना फिल्म से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, पश्मीना रोशन इस एक्शन एंटरटेनर में टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आएंगी। फिल्म में वह एक अहम किरदार निभाएंगी, जबकि नुसरत भरुचा भी प्रमुख भूमिका में दिखाई देंगी। फिलहाल निर्माताओं ने उनके किरदार की ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है, लेकिन यह प्रोजेक्ट पश्मीना के करियर का एक बड़ा और रोमांचक कदम माना जा रहा है। यह फिल्म टाइगर श्रॉफ और



रेमो डिसूजा की 2016 में रिलीज हुई सुपरहीरो फिल्म 'ए फ्लाइंग जट्ट' के बाद दूसरी फिल्म है। बताया जा रहा है कि यह एक नई एक्शन फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म होगी। इसमें अभिषेक बनर्जी और एल्विश यादव भी नजर आएंगे। यह फिल्म भारतीय निर्माता और उद्यमी विक्की जैन के प्रोडक्शन हाउस वीजे फ्रेम्स के बैनर तले बनने वाली पहली फिल्म भी है। दमदार स्टारकास्ट और रेमो डिसूजा के निर्देशन के साथ इसे बड़े स्तर की एक्शन एंटरटेनर के रूप में तैयार किया जा रहा है।

## इश्क विश्क रिबाउंड' के बाद नया सफर

पश्मीना रोशन ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत रोमांटिक कॉमेडी 'इश्क विश्क रिबाउंड' से की थी। इस फिल्म में उनके साथ रोहित सराफ, जिबरान खान और नायला ग्रेवाल मुख्य भूमिकाओं में थे। फिल्म में आधुनिक रिश्तों, दोस्ती और युवा प्रेम की जटिलताओं को दिखाया गया था। फिल्म में पश्मीना ने रिया का किरदार निभाया था। इसके अलावा कलाकारों में आकर्ष खुराना, शिल्पा विशाल शेट्टी, सुप्रिया पिलगांवकर, शताफ फिगार, अनीता कुलकर्णी समेत कई कलाकार शामिल थे। अब इस नई एक्शन फिल्म के जरिए पश्मीना रोशन रोमांटिक फिल्मों से अलग एक नए अंदाज़ में दर्शकों के सामने आने के लिए तैयार हैं। साथ ही, पहली बार उनकी जोड़ी एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ के साथ बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगी।



# फरहाना भट्ट ने रोहित शेट्टी को बताया मजबूत सपोर्ट

स्टंट आधारित शो 'खतरों के खिलाड़ी' में कंटेस्टेंट्स को शारीरिक ताकत के साथ-साथ मानसिक मजबूती भी दिखानी पड़ती है। ऐसे में होस्ट की भूमिका काफी अहम हो जाती है, क्योंकि उनका हौसला बढ़ाना कई बार कंटेस्टेंट्स को अपने डर पर जीत हासिल करने में मदद करता है। इस कड़ी में अभिनेत्री फरहाना भट्ट ने शो के होस्ट और फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि रोहित खिलाड़ियों में ऐसा आत्मविश्वास भर देते हैं कि वे उन स्टंट को भी करने के लिए तैयार हो जाते हैं, जिनसे वे शुरुआत में डर रहे होते हैं। 'बिग बॉस 19' में नजर आ चुकीं फरहाना भट्ट ने आईएएनएस से खास बातचीत में रोहित शेट्टी के बारे में अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, ''रोहित एक शानदार होस्ट हैं और उनकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह कंटेस्टेंट्स को लगातार प्रेरित करते रहते हैं। कई बार ऐसा होता है कि कोई स्टंट देखकर आपको डर लगने लगता है और आपको लगता है कि शायद आप उसे नहीं कर पाएंगे। लेकिन अगर उसी समय रोहित शेट्टी आपके पास खड़े हों और आपका साथ दे रहे हों, तो आपको अलग ही हिम्मत मिलती है।''

उन्होंने आगे कहा, ''रोहित के सपोर्ट के साथ कोई भी कंटेस्टेंट मौत के कुएं जैसे डरावने स्टंट में भी उतरने का साहस जुटा सकता है।'' शो को लेकर फरहाना ने कहा, ''इस शो में जीतने के लिए सिर्फ ताकत नहीं, बल्कि पूरी ईमानदारी और सौ फीसदी समर्पण की जरूरत होती है।'' फरहाना ने कहा, ''मेरा मानना है कि इस शो में वही आगे बढ़ सकता है, जो हर स्टंट में अपना सौ फीसदी देता है। जब आप बिना डरे पूरी मेहनत के साथ चुनौती का सामना करते हैं, तभी आपका असली प्रदर्शन सामने आता है। दर्शक भी उसी कंटेस्टेंट को पसंद करते हैं, जो हर टास्क में पूरी लगन और हिम्मत दिखाता है। आखिर में दर्शक ही तय करते हैं कि कौन इस शो का असली विजेता बनने के योग्य है।''

हाल ही में अभिनेता गौरव खन्ना ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें स्टंट के दौरान लगी चोटों के निशान दिखाई दे रहे थे। उन्होंने बताया था कि एक टास्क को पूरा करने के दौरान उनकी पीठ पर लेजर से जलने के निशान आ गए थे। 'खतरों के खिलाड़ी 15' का टेलीकास्ट कलर्स टीवी पर होता है।





# हर्षवर्धन राणे और संजीदा शेख का रिलेशनशिप कन्फर्म

बीते कई दिनों से हर्षवर्धन राणे और संजीदा शेख के साथ होने की चर्चाएं जारी हैं। पहले भी कई बार एक्टर्स को साथ देखा जा चुका है। अब उनकी इंस्टाग्राम पोस्ट के बाद एक बार फिर फैंस के मन में कई सवाल खड़े होने लगे हैं। दरअसल हर्षवर्धन राणे और संजीदा शेख ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ दिनों पहले कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। ये तस्वीरें पुणे के विंड्स ओवर वॉटर के केबिन की हैं। दोनों की पोस्ट में कुछ समानताएं नजर आ रही हैं। पोस्ट एक जगह की है, जहां वे शांति भरा समय बिताते नजर आ रहे हैं। खास बात ये है कि दोनों की तस्वीरें एक ही जगह की दिखाई दे रही है। हालांकि दोनों की साथ में कोई तस्वीर नहीं है। अब दोनों की इन तस्वीरों को देखकर फैंस में उनके रिलेशनशिप में होने की चर्चा शुरू हो गई है। फैंस भी उनकी पोस्ट पर साथ होने के कमेंट कर रहे हैं।

## साथ कर चुके हैं फिल्में

हर्षवर्धन राणे और संजीदा शेख दो प्रोजेक्ट्स पर एक साथ काम कर चुके हैं। 2020 की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'तैश' और थ्रिलर फिल्म 'कुन फाया कुन' में दोनों की जोड़ी साथ नजर आई थी।

# क्या आलिया-रणबीर की 'लव एंड वॉर' का हिस्सा होंगी दीपिका पादुकोण

संजय लीला भंसाली की अपकमिंग फिल्म 'लव एंड वॉर' पहले से ही बॉलीवुड की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। अब रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल के साथ दीपिका पादुकोण के भी फिल्म में होने की नई अटकलों ने फैंस को उत्साहित कर दिया है। हालांकि मेकर्स की तरफ से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन 'लव एंड वॉर' के आईएमडीबी पेज ने कास्टिंग की इन अफवाहों को हवा दी है।

## 'लव एंड वॉर' का हिस्सा हो सकती हैं दीपिका

'लव एंड वॉर' के आईएमडीबी पेज के कास्ट सेक्शन में मुख्य कलाकारों के साथ दीपिका पादुकोण का नाम भी देखा जा सकता है। हालांकि उनके रोल के बारे में कोई जानकारी नहीं है, लेकिन इंटरनेट पर लोग सोच रहे हैं कि शायद दीपिका फिल्म में एक स्पेशल अपीयरेंस (छोटी भूमिका) में दिख सकती हैं। मेकर्स ने अभी तक इन अटकलों पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

## इन फिल्मों में नजर आए रणबीर और दीपिका

इसलिए, अगर भंसाली और दीपिका एक बार फिर साथ आते हैं, तो यह दर्शकों के लिए एक तोहफा होगा। रणबीर और दीपिका ने 'बचना ऐ हसीनों', 'ये जवानी है दीवानी' और 'तमाशा' जैसी कई हिट फिल्मों में साथ काम किया है। वे दोनों आज के समय की सबसे मशहूर ऑन-स्क्रीन जोड़ियों में से एक हैं।





# सच बोलने की कोशिश की तो मेरे उन्हीं बयानों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया

**अन्नू कपूर उन कलाकारों में से हैं, जो अपने निर्भय और बिंदास बोल के कारण हमेशा सुर्खियों भी रहते हैं। हाल ही में अपने कुछ बयानों के कारण वे विवादों में आ गए थे। उससे होने वाले खामियाजे के बारे में वे कहते हैं, 'सच कहूं, तो मैंने कभी निर्भय होकर अपनी बात नहीं रखी है। मैंने तो हाल ही में जितना संभव हो सकता था, सच बोलने की कोशिश की है। मेरे उन्हीं बयानों को तोड़-मरोड़ कर बुरा बनाकर पेश किया गया। मेरा निजी तौर पर किसी से कोई बैर नहीं। हाथ जोड़कर विनती करता हूं कि मुझे माफ कर दो। मुझसे मत पूछो मैं नहीं जानता।'**

## तोड़ा-मरोड़ा कंटेंट दिया जाता है

वह आगे कहते हैं कि आज के दौर में सोशल मीडिया पर दिखाई जाने वाली कुछ सेकंड्स की क्लिप्स के लिए भी ऐसा तोड़ा-मरोड़ा हुआ कंटेंट दिया जाता है। वह कहते हैं, 'इस तरह की क्लिप्स में जनता को भी खूब रस आता है। तो इसे दिखाने वाले उसी सनसनीखेज अंदाज में पेश करते हैं। मुझे लगता है इन मामलों में हमारी सामूहिक जिम्मेदारी बनती है।'

## हमारी नाटक कंपनी को नीची निगाह से देखा जाता था

हरफनमौला अन्नू कपूर एक जमाने में आईएएस ऑफिसर बनना चाहते थे। अपने उस दौर का जिक्र करते हुए वह कहते हैं, 'मेरे पिताजी की जो नाटक कंपनी थी। उसके कारण हमें नीची निगाह से देखा जाता था। इसलिए माता जी की इच्छा थी कि हम किसी भी इज्जतदार प्रोफेशन में जाएं। जैसे पुलिस, डॉक्टर, आईपीएस अफसर आदि। मैं पढ़ाई में अच्छा था, तो माता जी को मुझसे ही उम्मीद थी, मगर फिर हालात ऐसे बने कि पढ़ाई छूट गई। मैं भी नाटक कंपनी से जुड़ गया। हम तो टैंटों में रहा करते थे। हम घुमंतू जैसे फोक नाटक कंपनी में काम करते थे, तो बारिश के दिन हमारे लिए बहुत ही कहर बरसाने वाले होते थे। घुमंतू नाटकों में 15 दिन इस गांव में, तो 15 दिन उस गांव में जाना होता था। हर नई जगह जाकर स्टेज तैयार करना होता था। अब अगर बारिश हुई तो हम नाटक ही नहीं कर पाएंगे, क्योंकि सब कुछ ओपन एर में होता था। नाटक नहीं कर पाएंगे, तो पब्लिक नहीं आएगी और पब्लिक नहीं आई, तो पैसा नहीं मिलेगा। तब हमें भूखे भी रहना पड़ेगा। तो हम लोग तो भोंपू लेकर बारिश के रुकने के इंतजार मैं बैठे रहते थे कि कब भोंपू बजाएं और कब लोगों को नाटक के लिए बुलाएं। तब बारह आने हुए एक रुपए का टिकट हुआ करता था।'

## कब्रिस्तान जाकर पढ़ाई करता था

अन्नू कपूर की हालिया रिलीज 'उत्तर दा पुत्तर' में वास्तु के अलावा अंधविश्वास के मुद्दे भी बात की गई। अन्नू कपूर ने बताया कि वह जरा भी अंधविश्वासी नहीं हैं। उन्होंने अपने स्कूल-कॉलेज के दिनों एक एक किस्सा बयान करते हुए कहा, 'मैं जब नीमच-मध्यप्रदेश में जीवाजीराव सिंधिया हॉस्टल में पढ़ा करता था, तब वहां उस जमाने में हमारे हॉस्टल के पास अंग्रेजों के जमाने का क्रिश्चनों का ग्रेवयार्ड था। मेरे मन में बहुत चाह जागती थी कि चांदनी रात में लालटेन लेकर उस कब्रिस्तान में पढ़ूं तो सही। आपको सुन कर अटपटा लगेगा, मगर मैंने जब वहां पढ़ना शुरू किया, तो मेरा मन लगने लगा।'

## हर दिन शुभ, कोई जगह मनहूस नहीं होती

'फिजिक्स केमिस्ट्री का कोई इक्वेशन अगर समझ में नहीं आ रहा है, तो वहां समझ आने लगा। रिजल्ट भी अच्छा आया। मेरी देखा -देखी में मैंने भी अपने दोस्तों को वहां पढ़ने की दावत दी। पहले तो वो थोड़ा झिझके, मगर फिर वो लोग भी जुड़ गए। सालों बाद जब मेरा नीमच जाना हुआ, तो मैं उसी ग्रेवयार्ड को खोज रहा था। तब मेरे साथ के लोग बोले कि अब तो उस पूरे इलाके में बस्तियां बस गई हैं। अब तो उस जगह को आप कब्रिस्तान के रूप में ढूंढ ही नहीं पाएंगे। तो जाहिर है कि अपने कॉलेज के जमाने में भी मैं अंधविश्वासी नहीं था। मेरा मानना कि हर दिन शुभ होता है। कोई भी जगह मनहूस नहीं होती।'

## संक्षिप्त समाचार

### 25 हजार+ रन और 577 विकेट

#### ब्रेट ली ने तेंदुलकर नहीं इस दिग्गज को बताया सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

**नई दिल्ली।** मास्टर ब्लास्ट सचिन तेंदुलकर दुनिया के उन चुनिंदा क्रिकेटरों में से एक हैं, जिन्होंने टेस्ट और वनडे दोनों में 10,000 से ज्यादा रन बनाए हैं। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के महान खिलाड़ी जैक्स कैलिस दुनिया के इकलौते ऐसे क्रिकेटर हैं, जिन्होंने टेस्ट और वनडे में 10,000 से ज्यादा रन बनाने के साथ-साथ दोनों फॉर्मेट में 250 से ज्यादा विकेट भी लिए हैं। तेंदुलकर टेस्ट और वनडे में क्रमश: 15,921 और 18,426 रन स्कोर के साथ सबसे ज्यादा रन



बनाने वाले खिलाड़ी हैं, वहीं कैलिस को दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है। उन्होंने तीनों प्रारूप मिलाकर 25000 से ज्यादा रन बनाए हैं और 277 विकेट लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने बताया है कि वे तेंदुलकर को अब तक का सबसे बेहतरीन बल्लेबाज और कैलिस को अब तक का सबसे बेहतरीन क्रिकेटर मानते हैं।


**सबसे बेहतरीन क्रिकेटर जैक कैलिस**–ली ने यूट्यूब पर पॉडकास्ट 'द रणवीर शो' में बात करते हुए कहा, 'मैंने हमेशा कहा है कि मेरे हिसाब से सचिन तेंदुलकर अब तक के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज रहे हैं, लेकिन मेरी राय में सबसे बेहतरीन क्रिकेटर जैक कैलिस हैं। उनके आंकड़े दुनिया में सबसे अच्छे हैं। अगर आप उनके आंकड़े देखें तो वे कभी झूठ नहीं बोलते। वे सच में कमाल के हैं।'

**कैलिस दबाव में कभी नहीं दिखते थे**– ली ने आईपीएल में कैलिस के साथ बिताए अपने समय के बारे में भी बात की और बताया कि बैटिंग करने जाने से पहले कैलिस दबाव में कभी नहीं दिखते थे।

### KBC में अमिताभ बच्चन ने पूछा सूर्यवंशी से जुड़ा सवाल

#### आमिर खान-सनी देयोल को नहीं पता था जवाब

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति के 18वें सत्र के पहले एपिसोड में दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन ने आमिर खान, प्रीति जिंटा और सनी देओल ने भारतीय के उभरते क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से जुड़ा सवाल पूछा। आमिर खान और सनी देओल को इसकी इसकी जानकारी नहीं थी। पंजाब किंग्स की सह-




मालकिन प्रीति जिंटा ने इसका जवाब दिया, लेकिन वह पूरी तरह से आश्वस्त नहीं थीं। अमिताभ बच्चन ने 1 लाख रुपये के सवाल में पूछा कि इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में ऑरेंज कैप कौन जीता? इसके लिए स्क्रीन पर पर्पल कैप के सामने गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा की फोटो दिखाई गई और पूछा गया कि ऑरेंज कैप के सामने किस खिलाड़ी को फोटो आएगी। इनमें 4 ऑप्शन केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली और वैभव सूर्यवंशी थे।

**मुझे लगता है वैभव सूर्यवंशी**– आमिर खान ने स्क्रीन की ओर देखते हुए प्रीति जिंटा से कहा, 'यार क्रिकेट का आपको पता होना चाहिए।'

# गॉल में भारत का रिकॉर्ड

## 1982 से 2022 के बीच 46 मैच खेले, भारत को 22 में जीत मिली है



**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में भारत का रिकॉर्ड शानदार है। दोनों देशों के बीच 1982 से 2022 के बीच 46 मैच खेले गए। भारत को 22 में जीत मिली है और 7 में हार का सामना करना पड़ा। 17 मैच ड्रॉ रहे हैं। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में भारतीय टीम 11 साल से अजेय है। 2015 में उसे 63 रन से हार मिली थी। यह मैच गॉल में ही खेला गया था, जहां भारत-श्रीलंका के बीच 15 अगस्त से पहला मैच खेला जाएगा। केएल राहुल उस मैच का हिस्सा थे और उनका बल्ला नहीं चला था। पहली पारी में 7 और दूसरी पारी में 4 रन बनाकर आउट हो गए। शिखर धवन और विराट कोहली ने पहली पारी में शतक जड़े थे।

## श्रीलंका से आखिरी बार यहीं टेस्ट गंवाया, केएल राहुल थे हिस्सा




### 2015 गॉल टेस्ट के बाद भारत का दबदबा

इस मैच के बाद से भारत और श्रीलंका के बीच 10 मैच हुए हैं। भारतीय टीम 8 मैच जीती है और 2 मैच ड्रॉ रहे हैं। एक मैच गॉल में भी हुआ है, जिसमें भारत ने 2017 में 304 रनों से जीत दर्ज की थी। भारत ने गॉल में 5 मैच खेले हैं। 2 में जीत मिली है और 3 में हार का सामना करना पड़ा है।

घुटने की चोट के कारण

# सिनसिनाटी ओपन से हटे यानिक सिनर



**नई दिल्ली।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर दाहिने घुटने की चोट के कारण सिनसिनाटी ओपन से हट गए हैं। टूर्नामेंट के आयोजकों ने पुष्टि की है कि इटली का यह स्टार टेनिस खिलाड़ी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएगा। इस महीने होने वाले यूएस ओपन की तैयारियों को देखते हुए इसे यानिक सिनर के लिए बड़ा झटका मानाा जा रहा है। 24 साल के इस खिलाड़ी ने साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम से पहले होने वाले एक और अहम हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट, कैनेडियन ओपन से भी अपना नाम वापस ले लिया था। पिछले महीने विंबलडन में अपना पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद, उन्हें उम्मीद थी कि नॉर्थ अमेरिका का उनका टूर यूएस ओपन में अपने खिताब का बचाव करने से पहले उन्हें मजबूती देगा। सिनर ने एक बयान में कहा, 'अपने डॉक्टरों और अपनी टीम से सलाह लेने के बाद मुझे यह बताना पड़ रहा है कि मुझे सिनसिनाटी में मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट से हटना होगा। मेरे दाहिने घुटने में दिक्कत हो रही है और भले ही मेरी मेडिकल टीम के साथ हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं, लेकिन मुझे यह मानना ??होगा कि मैं अभी खेलने के लिए तैयार नहीं हूं। '

सिनर ने एक और बड़े टूर्नामेंट में हिस्सा न ले पाने पर निराशा जताई, लेकिन साथ ही कहा कि उनका अभी पूरा ध्यान ठीक होने पर है ताकि वे यूएस ओपन के लिए तैयार हो सकें। 'सिनसिनाटी में न खेल पाने से मैं बहुत निराश हूं। मैं अगले साल वापसी करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं और अब मेरा ध्यान यूएस ओपन के लिए तैयार होने पर है। '

उनके हटने से सिनसिनाटी में टेनिस टूर्नामेंट की लाइन-अप और कमजोर हो गई है, क्योंकि यूएस ओपन चैंपियन कार्लोस अल्काराज पहले ही कलाई की चोट के कारण बाहर हो चुके हैं। सिनर के न खेलने का मतलब है कि दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी को इस महीने के आखिर में होने वाले यूएस ओपन से पहले हार्ड कोर्ट पर मुकाबले की तैयारी के लिए बहुत कम मौके मिलेंगे।इसके अलावा, उनका यह फैसला बताता है कि सीजन के मुश्किल शुरुआती हिस्से के बाद घुटने की समस्या से निपटने के लिए सावधानी बरतना जरूरी है। सिनसिनाटी ओपन का मेन ड्रॉ 13 अगस्त से शुरू होगा, जबकि यूएस ओपन का मेन ड्रॉ 30 अगस्त से शुरू होगा। अब सिनर के पास साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम से पहले ठीक होने और पूरी तरह फिट होने के लिए दो हफ्ते से थोड़ा ज्यादा समय होगा।

### रोहित की छुट्टी

## IPL खेल चुके खिलाड़ी को कमान, वनडे में नेपाल का बदला कप्तान

**नई दिल्ली।** नेपाल ने एशियन क्रिकेट काउंसिल के मेंस प्रीमियर कप से पहले वनडे क्रिकेट में कप्तान बदल दिया है। यह 50 ओवर का टूर्नामेंट 2027 एसीसी मेंस एशिया कप के लिए क्वालिफायर के तौर पर काम करता है। नेपाल ने इस टूर्नामेंट से पहले अनुभवी खिलाड़ी संदीप लामिछाने को रोहित पौडेल की जगह कप्तान बना दिया है।

लामिछाने के पास इंडियन प्रीमियर लीग में भी खेलने का अनुभव है। 2018-2019 में दिल्ली डेयरडेविल्स (दिल्ली कैपिटल्स) का हिस्सा थे और 9 मैच खेले थे। उन्होंने 13 विकेट लिए थे। 26 साल के इस लेग स्पिनर ने वनडे में 77 मैच खेले हैं और 154 विकेट लिए हैं।

**पौडेल की कप्तानी में निखरा नेपाल**– 2022 में पौडेल के कप्तानी संभालने से पहले लामिछाने ने 14 वनडे मैचों में नेपाल की कप्तानी की थी। पौडेल ने अपने कार्यकाल में टीम को सफलता दिलाई। उन्होंने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 में नेपाल को 12 में से 11 वनडे मैच जिताने में मदद की, जिससे टीम ने जून 2023 में जिम्बाब्वे में होने वाले वर्ल्ड कप क्वालिफायर में जगह बनाई।

### लामिछाने की उपलब्धियां

पौडेल ने बैटिंग ऑर्डर में एक भरोसेमंद और अहम खिलाड़ी की भूमिका निभाई। लामिछाने के नाम उपलब्धियां दर्ज हैं। वह वनडे में सबसे तेज 150 विकेट लेने वाले नेपाली खिलाड़ी है। वह टी20 इंटरनेशनल में 100 विकेट लेने वाले नेपाल के पहले खिलाड़ी हैं।

# अफगानिस्तान वनडे वर्ल्ड 2027 के लिए क्वालिफाई

- आयरलैंड को तीसरे वनडे में 3 विकेट से हराया, राशिद खान प्लेयर ऑफ द मैच



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान ने तीसरे वनडे में आयरलैंड को 3 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ टीम ने अफगानिस्तान ने 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए सीधे क्वालिफाई कर लिया। बेलफास्ट में सोमवार को अफगानिस्तान ने गेंदबाजी चुनी। उसने आयरलैंड को 46.3 ओवर में 206 रन पर ऑलआउट कर दिया। फिर 44.5 ओवर में 7 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। राशिद खान ने नाबाद 37 रन की पारी खेली। उन्होंने 3 विकेट भी झटके।

### राशिद और यामिन ने जीत दिलाई

अफगानिस्तान ने एक समय 176 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद राशिद खान ने नाबाद 37 रन बनाए। उन्होंने 43 गेंदों की पारी में 4 चौके लगाए। राशिद ने यामिन अहमदजई के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। यामिन अहमदजई 26 गेंदों पर 4 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने अफगानिस्तान को 44.5 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

### अफगानिस्तान कैसे क्वालिफाई हुआ

अफगानिस्तान इस समय वनडे रैंकिंग में 8वें नंबर पर है। उसने आयरलैंड पर लगातार दूसरी जीत हासिल की है। इसके सहारे टीम 30 सितंबर 2026 तक वनडे रैंकिंग में खुद को टॉप-8 में कायम रख सकेगी। जोकि वनडे वर्ल्डकप क्वालिफिकेशन की कटऑफ डेट है।

## UPT20: जुरेल जैसे भारतीय खिलाड़ियों के साथ खेलने से कैसे मिलता है फायदा?

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश टी20 (क्ष्20) लीग का चौथा सीजन इस बार और भी भव्य और रोमांचक होने जा रहा है। गोरखपुर लायंस की टीम ने टूर्नामेंट के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। टीम के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज आर्यन जुयाल



और तेज गेंदबाज विशाल निषाद ने टीम की तैयारियों, रणनीतियों और आगामी सीजन पर मीडिया से विशेष बातचीत की। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि ध्रुव जुरेल जैसे खिलाड़ियों के साथ खेलने से क्या लाभ मिलता है। दोनों खिलाड़ी आईपीएल में चुने जा चुके हैं खिलाड़ियों के अनुसार इस सीजन में प्रतिस्पर्धा का स्तर कहीं अधिक ऊंचा रहने वाला है। टीम प्रबंधन और ओनरशिप ने ऑक्शन से लगभग डेढ़ महीने पहले ही होमवर्क शुरू कर दिया था, जिसके दम पर एक संतुलित और मजबूत टीम कॉम्बिनेशन तैयार किया गया है।


# विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप: बंदरों से निपटने का उपाय

### लंगूर की आवाज निकालने वालों की ली जाएगी सेवा

**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह दिल्ली में शुरू होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के दौरान बंदरों के खलल को रोकने के लिए आयोजकों ने एक अनोखा उपाय अपनाया है। उन्होंने तीन पेशेवर विशेषज्ञों को बुलाया है, जो लंगूर की तरह आवाज निकाल सकते हैं ताकि बंदरों को स्टेडियम से दूर भगाया जा सके।

भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने माना कि यह उपाय सुनने में लोगों को मजाकिया लग सकता है, लेकिन उन्होंने कहा कि इससे यह भी पता चलता है कि भारत इस विश्वस्तरीय आयोजन को सफल बनाने के लिए कितनी गंभीरता से प्रयास कर रहा है।

**इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम का व्यापक कायाकल्प**– 17 वर्षों बाद भारत में लौट रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई)



और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने मिलकर इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम का व्यापक कायाकल्प किया है। इसका उद्देश्य इस वर्ष जनवरी में हुए इंडिया ओपन के दौरान सामने आई अव्यवस्थाओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई आलोचना जैसी स्थिति से बचना है।

- **'रीसस मकाक' प्रजाति के बंदर**– आयोजकों ने तीन प्रशिक्षित 'मंकी व्हिस्परर्स' (बंदरों को नियंत्रित करने वाले विशेषज्ञ) को नियुक्त किया है, जो लंगूर की आवाज निकालकर 'रीसस मकाक' प्रजाति के बंदरों को डराकर भगाएंगे।

### इंडिया ओपन में डाला था खलल

इंदिरा गाधी स्टेडियम में ही 17 से 23 अगस्त तक विश्व चैंपियनशिप आयोजित होगी। यह अनोखा कदम जनवरी में हुए इंडिया ओपन के बाद उठाया गया है। उस टूर्नामेंट के दौरान बंदर दर्शक दीर्घा तक पहुंच गए थे, जिससे कुछ समय के लिए मुकाबलों में व्यवधान पड़ा और इसकी तस्वीरें अंतरराष्ट्रीय मीडिया में सुर्खियां बनी थीं।

### लंगूर से डरते हैं 'रीसस मकाक'

विशेषज्ञों के अनुसार, 'रीसस मकाक' बंदर लंगूर से डरते हैं। लंगूर आकार में उनसे काफी बड़े होते हैं। इसी स्वाभाविक डर का फायदा उठाने के लिए लंगूर की आवाज की नकल का इस्तेमाल किया जा रहा है। गौरतलब है कि ऐसे कार्यों के लिए वास्तविक लंगूरों के इस्तेमाल पर वर्ष 2012 में प्रतिबंध लगा दिया गया था।

# यशपाल शर्मा

## वर्ल्ड कप 1983 के नायक, जिन्होंने मुश्किल हालात में टीम इंडिया को संभाला था

**नई दिल्ली।** वनडे वर्ल्ड कप 1983 की विजेता टीम के अहम सदस्य रहे यशपाल शर्मा ने कठिन परिस्थितियों में देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। वह क्रिकेट प्रेमियों के लिए प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं। 11 अगस्त 1954 को लुधियाना में जन्मे दाएं हाथ के बल्लेबाज यशपाल शर्मा अपने मजबूत डिफेंस से किसी भी अटैक को बेअसर करने में माहिर थे। 1977-78 में दिलीप ट्रॉफी में नॉर्थ जोन की तरफ से खेलते हुए उन्होंने साउथ जोन के खिलाफ 173 रन की पारी खेलकर अपनी पहचान बनाई। अगले सीजन में यशपाल ने पाकिस्तान का दौरा किया, लेकिन टेस्ट टीम में जगह नहीं बना सके। हालांकि, कुछ वक्त बाद टीम में आखिरकार मौका मिल ही गया। करीब दो दशक लंबे प्रथम श्रेणी करियर में यशपाल ने 160 मैच खेले, जिसमें 44.88 की औसत के साथ 8,933 रन बनाए। इस दौरान 21 शतक और 46 अर्धशतक शामिल रहे। यशपाल ने फर्स्ट क्लास करियर में 201 रन की नाबाद पारी भी खेली है। साल 1978 से 1985 के बीच यशपाल ने भारत के लिए 37 टेस्ट और 42 वनडे मैच खेलते हुए मिडिल ऑर्डर को मजबूती दी। इस दौरान उनके बल्ले से टेस्ट फॉर्मेट में 33.45 की औसत के साथ 1,606 रन निकले, जिसमें 2



शतक और 9 अर्धशतक शामिल रहे। वहीं, वनडे फॉर्मेट में इस बल्लेबाज ने 28.48 की औसत के साथ 883 रन बनाए। 1981-82 में यशपाल शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ 140 रन बनाते हुए जीआर विश्वनाथ के साथ 316 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की। यशपाल वनडे वर्ल्ड कप 1983 की विजेता टीम का अहम हिस्सा रहे हैं, जो उस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों के मामले में दूसरे पायदान पर रहे, उन्होंने 8 मुकाबलों में 34.29 की औसत के साथ 240 रन बनाए। यशपाल ने ग्रुप स्टेज में वेस्टइंडीज के खिलाफ 89 रन, जबकि सेमीफाइनल में इंग्लैंड के विरुद्ध 61 रन की पारी खेली थी। रिटायरमेंट के बाद यशपाल कोचिंग, कमेंट्री और क्रिकेट प्रशासन में सक्रिय रहे। उन्होंने दो चरणों (साल 2004-05 और 2008-11) में नेशनल सिलेक्टर के तौर पर काम किया। कई घरेलू मुकाबलों में मैच रेफरी की भूमिका निभा चुके यशपाल शर्मा दिल्ली की क्रिकेट सलाहकार समिति का भी हिस्सा रहे। 13 जुलाई 2021 को दिल का दौरा पड़ने से यशपाल शर्मा का निधन हो गया। इस दिग्गज क्रिकेटर ने अपने करियर में साबित किया है कि बड़े मंच पर दबाव के बावजूद आत्मविश्वास और मेहनत से सफलता हासिल की जा सकती है।

## जीविका दीदियों के हुनर से तैयार हो रहे तिरंगे

**दरभंगा, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के दरभंगा जिले में हर घर तिरंगा अभियान-2026 को सफल बनाने के लिए 18 प्रखंडों की हजारों जीविका दीदियां अपने हुनर और मेहनत से तिरंगा तैयार करने में जुटी हैं। तिरंगा निर्माण जहां इन महिलाओं के लिए अतिरिक्त आमदनी और स्वरोजगार का माध्यम बन रहा है, वहीं वे अपने श्रम के जरिए राष्ट्रसेवा और महिला सशक्तीकरण का संदेश भी दे रही हैं।

जिलाधिकारी कौशल कुमार के दिशा-निर्देश एवं जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) डॉ. ऋचा गार्गी के नेतृत्व में जिले के विभिन्न सिलाई केंद्रों के साथ-साथ जीविका दीदियां अपने घरों में भी तिरंगा तैयार कर रही हैं। जिला प्रशासन की ओर से तिरंगा निर्माण की गुणवत्ता, निर्धारित मानकों और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

# विधायक की पहल जनता की समस्या से रूबरू हुए सीओ

- वासगीत पर्चा मिलने के बाद भी नहीं हुआ म्यूटेशन
- ग्रामीणों ने सीओ से लगाई गुहार



**जमालपुर(मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के इंद्ररुख पश्चिमी पंचायत अंतर्गत हेरूदियरा गांव स्थित काली स्थान में मंगलवार को ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर अधिकारियों ने क्षेत्र का जायजा लिया। जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल के निर्देश पर जमालपुर अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी एवं अंचल कर्मी हेरूदियरा गांव पहुंचे और ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

इस दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि कई लोगों को वासगीत पर्चा मिल चुका है, जबकि बड़ी संख्या में ग्रामीण अभी भी पर्चा मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ग्रामीणों की मुख्य समस्या यह है कि जिन लोगों को वासगीत पर्चा मिल चुका है, अब तक उनके नाम का मोटेशन नहीं हो पाया है। मोटेशन नहीं होने के कारण उन्हें सरकारी योजनाओं एवं अन्य सरकारी लाभ प्राप्त करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने कहा कि वासगीत पर्चा मिलने के बाद भी जमीन से संबंधित प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण वे अपने अधिकारों का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से शीघ्र समाधान की मांग की।मौके पर मौजूद प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मुनीलाल मंडल ने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं को लेकर गंभीर है। जिन लोगों को वासगीत पर्चा मिल चुका है, उनका नियमानुसार मोटेशन कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से ग्रामीणों की समस्या का शीघ्र समाधान कराने की बात कही।वहीं अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि मामले की जांच कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार,उपमुखिया नीरज मंडल, प्रमोद मंडल,विकु कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## हुसैनाबाद में झामुमो किसान मोर्चा ने मनाया सीएम हेमंत सोरेन का जन्मदिन



**हुसैनाबाद, पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड के मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन का जन्मदिन सोमवार को हुसैनाबाद में झामुमो किसान मोर्चा के कार्यालय में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह के नेतृत्व में किया गया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बशिष्ठ कुमार सिंह ने केक काटकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने मुख्यमंत्री के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के विकास और जनकल्याण की दिशा में लगातार कार्य हो रहा है।

# तैलाभिषेक के साथ शुरू होगा शनि देव भगवान का 56वां महोत्सव

- आज धूमधाम से मनेगा शनिदेव का जन्मोत्सव

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रह राज शनि मंदिर, जमालपुर में 12 अगस्त को शनिदेव का 56वां जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। जन्मोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।मंदिर के मुख्य पुजारी बाबूलाल ज्योतिष ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक शनिदेव का विशेष तैलाभिषेक किया जाएगा। इसके बाद शाम 5 बजे से पूजा-पाठ, अर्चना एवं प्रवचन का आयोजन होगा।

रात करीब 11 बजे श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसके उपरांत सांस्कृतिक भजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कलाकार शनिदेव की महिमा से जुड़े भजनों की प्रस्तुति देंगे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर से जुड़े श्रद्धालु एवं आयोजन समिति के सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हैं। आयोजन में जमालपुर नगर परिषद की चेयरमैन पार्वती देवी, थाना प्रभारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों के शामिल होने की संभावना है।मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शनिदेव के जन्मोत्सव में शामिल होने और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की गई है। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

# भाजपा को सींचने वाले माली सुखदेव भगत का निधन, शोक की लहर



**खूंटी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनसंघ, जनता पार्टी के बाद बनी भारतीय जनता पार्टी को प्रारंभ से ही सींचने वाले समर्पित कार्यकर्ता सुखदेव भगत (उम्र 75 वर्ष)ने मंगलवार की सुबह आखिरी सांस ली।

देहावसान की खबर खूंटी एवं आसपास शोक की लहर बन गई। सुखदेव भगत का जीवन बड़ा ही सरल और सामाजिक रहा। इन्होंने स्वर्गीय भोलानंद तिवारी,स्व रतन कुमार घोष,स्व.मदनमोहन गुप्ता, स्व.आदित्य साहू सहित जुड़े कई लोग वर्तमान में सक्रिय हैं के साथ मिलकर खूंटी भाजपा को एक सम्मानित उंचाई पर ले गए।इनका स्वास्थ्य कुछ दिनों से खराब चल रहा था, काफी प्रयासों के बाद भी ईश्वर ने इन्हें अपने शरण में ले लिया।

इनके निधन पर लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा,मंजू देवी, ज्योतिष भगत, काशीनाथ महतो, रंजीत प्रसाद,अधिवक्ता रासबिहारी चौधरी, प्रेमानंद तिवारी, जितेन्द्र पांडे, अरुण भगत, तुलसी प्रजापति, गणपत भगत, सुनील साहू सहित मुरहू से डॉ डीएन तिवारी, महेश चौधरी, सुरेश प्रसाद, अर्जुन साव, रामहरि साव, राधेश्याम भगत, संजय सत्संगी, सूरजमल प्रसाद, सुबोध कुमार,हरिद्वार ठाकुर सहित अन्य ने शोक व्यक्त किया।

# तिरंगे के सम्मान में रेलवे कर्मियों ने निकाला पैदल मार्च

- हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कैरिज एंड वैगन में किया गया पैदल मार्च




**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने और लोगों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान व देशभक्ति की भावना जगाने के उद्देश्य से रेलवे की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को रेलवे कर्मियों ने कैरिज एंड वैगन के साथ न्यू गुड्स शेड से एएन ऑफिस तक पैदल मार्च निकाला। हाथों में तिरंगा लेकर अधिकारी और कर्मचारी पूरे उत्साह के साथ मार्च में शामिल हुए।पैदल मार्च का नेतृत्व रेल अधिकारी भगवान प्रसाद जेना के साथ सीनियर सेक्शन इंजीनियर अमोद कुमार आर्य ने किया। इस दौरान कर्मचारियों ने लोगों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि तिरंगा केवल देश का राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रीय भावना से जोड़ना है।

पैदल मार्च के दौरान रेलवे परिसर में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। अधिकारी और कर्मचारी तिरंगा लेकर निर्धारित मार्ग पर आगे बढ़े। इस दौरान कर्मचारियों ने आम लोगों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने और अभियान को सफल बनाने की अपील की।रेलवे की ओर से बताया गया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत 9 से 17 जुलाई तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के माध्यम से लोगों को राष्ट्रीय पर्व और राष्ट्रध्वज के महत्व की जानकारी दी जा रही है।मौके पर सीनियर सेक्शन इंजीनियर सुभाष यादव, विनय कुमार, अमित कुमार सिंह,राजेश कुमार, सहित बड़ी संख्या में रेलवे अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## 15 अगस्त को मांस मछली और मुर्गे की बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

**रांची, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को राँची नगर निगम क्षेत्र में सभी मांस-मछली की दुकानें बंद रहेंगी। इस दौरान मांस, मछली और मुर्गे सहित संबंधित खाद्य पदार्थों के क्रय-विक्रय पर भी प्रतिबंध रहेगा।राँची नगर निगम की ओर से मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी किया गया। अपर नगर आयुक्त की ओर से जारी आदेश में स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर नगर निगम क्षेत्र में प्रतिबंध का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# उपायुक्त ने जिला निबंधन कार्यालय एवं परिसदन भवन का किया निरीक्षण

### व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

**खूंटी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने आज जिला निबंधन कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालय की कार्यप्रणाली एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय पहुंचे आवेदकों से बातचीत कर उनके आवेदनों एवं निबंधन संबंधी कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने आवेदकों से यह भी जाना कि उन्हें आवेदन जमा करने अथवा निबंधन की प्रक्रिया में किसी प्रकार की समस्या तो नहीं हो रही है।

उपायुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि आवेदकों से आवश्यक दस्तावेज सही एवं पूर्ण रूप से प्राप्त किए जाएं तथा दस्तावेजों की उचित जांच के बाद ही संबंधित मामलों में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी आवेदनों का ससमय निष्पादन करने तथा आवेदकों को अनावश्यक रूप से कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने निबंधन कार्यालय में किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित नियमों एवं प्रक्रिया के अनुरूप पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से किए जाएं। कार्यालय के सभी कर्मियों से उनके कार्य एवं उत्तरदायित्व की जानकारी लेते हुए अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी, तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया।

# 30 अगस्त तक पूरा करें जिला जनगणना हस्तपुस्तिका का काम

- जनगणना 2027 को लेकर बीडीओ ने कर्मचारियों व सुपर वाइजरों के साथ की बैठक
- समय पर रिपोर्ट नहीं देने वालों पर होगी कार्रवाई

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी श्वेता कुमारी की अध्यक्षता में सभी प्रखंड कर्मियों एवं सुपरवाइजरों की बैठक हुई। बैठक में जनगणना की तैयारियों, सर्वे कार्य और डाटा कलेक्शन की प्रगति की समीक्षा की गई।बीडीओ श्वेता कुमारी ने अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला जनगणना हस्तपुस्तिका (डीसीएचबी) तैयार करने का कार्य हर हाल में 30 अगस्त तक पूरा किया जाए। उन्होंने सभी फील्ड अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत और गुणवत्तापूर्ण डाटा संकलन सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। इसकी सफलता के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय और आपसी सहयोग जरूरी है। फील्ड में कार्य कर रहे कर्मी पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ सर्वे एवं डाटा संकलन का कार्य करें, ताकि किसी भी स्तर पर आंकड़ों में त्रुटि की गुंजाइश न रहे।

बीडीओ ने स्पष्ट कहा कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराने वाले कर्मियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्रवार कार्यों की नियमित निगरानी करने और लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान जनगणना को लेकर अब तक किए गए सर्वे,डाटा कलेक्शन तथा आगे की कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

अधिकारियों ने क्षेत्र में सामने आ रही समस्याओं एवं उसके समाधान को लेकर भी जानकारी साझा की।मौके पर प्रखंड के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मचारी, सुपरवाइजर एवं जनगणना कार्य से जुड़े अन्य कर्मी मौजूद थे।बीडीओ ने स्पष्ट किया कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण डाटा उपलब्ध कराना सभी संबंधित कर्मियों की जिम्मेदारी है।

# छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में कल पलामू में झारखंड छात्र न्याय सत्याग्रह

### सूर्या सोनल सिंह एक दिवसीय अनशन पर बैठेंगे, बोले- लाठी का जवाब लोकतंत्र से देंगे



**मेदिनीनगर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रांची में अपने अधिकारों एवं विभिन्न मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई और लाठीचार्ज के विरोध में 12 अगस्त को मेदिनीनगर के कचहरी परिसर में झारखंड छात्र न्याय सत्याग्रह लाठी का जवाब लोकतंत्र सेह्व आयोजित किया जाएगा।

इस सत्याग्रह के दौरान सूर्या सोनल सिंह स्वयं एक दिवसीय शांतिपूर्ण अनशन पर बैठेंगे और काली पट्टी बांधकर छात्रों के साथ हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में अपना प्रतिवाद दर्ज कराएंगे।

कार्यक्रम में छात्रों, युवाओं, अभिभावकों एवं आम नागरिकों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। सत्याग्रह पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित किया जाएगा।

सूर्या सोनल सिंह ने कहा, झारखंड के छात्र अपने अधिकार और अपने भविष्य को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठा रहे हैं। उनकी आवाज सुनने के बजाय उन पर लाठीचार्ज किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हम इस दमन के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज बुलंद करेंगे। लाठी का जवाब लाठी से नहीं, लोकतंत्र से देंगे।उन्होंने कहा कि छात्रों का संघर्ष केवल छात्रों का संघर्ष नहीं है, बल्कि उनके माता-पिता और पूरे समाज के भविष्य से जुड़ा सवाल है। उन्होंने पलामू के छात्रों, युवाओं और अभिभावकों से अपील की कि वे 12 अगस्त को कचहरी परिसर पहुंचकर सत्याग्रह को अपना समर्थन दें।

उन्होंने कहा, मैं स्वयं एक दिन के अनशन पर बैठकर छात्रों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करूंगा। हमारा उद्देश्य किसी प्रकार का टकराव पैदा करना नहीं, बल्कि सरकार और प्रशासन तक छात्रों की आवाज लोकतांत्रिक तरीके से पहुंचाना है।

# बिजली की समस्याओं को लेकर ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक

### जल्द समाधान का निर्देश



**हुसैनाबाद, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू जिले में अनियमित विद्युत आपूर्ति, लो-वोल्टेज, खराब ट्रांसफॉर्मर सहित अन्य बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर मंगलवार, 11 अगस्त को विधानसभा परिसर में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने जिले की विद्युत व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक के दौरान विधायक ने ऊर्जा विभाग के सचिव, जीएम एवं निदेशक के समक्ष पलामू जिले में बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से रखा। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जनता को बिजली की समस्याओं से जल्द राहत दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। साथ ही निर्बाध एवं बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। विधायक ने खराब पड़े ट्रांसफॉर्मरों को शीघ्र बदलने, लो-वोल्टेज की समस्या दूर करने तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने की आवश्यकता बताई।

बैठक में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव, ऊर्जा सचिव सह सीएमडी (जेवीएनएल) के. श्रीनिवासन समेत ऊर्जा विभाग के अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# धनंजय देव पांडेय ने अपर लोक अभियोजक के पद पर संभाला कार्यभार

### सरकार का पक्ष मजबूती से रखने और पीड़ितों को न्याय दिलाने का दिया भरोसा

**मेदिनीनगर/पलामू/नवबिहार टाइम्स सं.।** जिला अभियोजन कार्यालय, पलामू में धनंजय देव पांडेय ने अपर लोक अभियोजक के पद पर योगदान दिया। इससे पूर्व वे गोड्डा जिले में अपर लोक अभियोजक के पद पर पदस्थापित थे। स्थानांतरण के बाद उन्होंने पलामू में नई जिम्मेदारी संभाली है।

योगदान के बाद पलामू के प्रभारी लोक अभियोजक अभय कुमार पांडेय ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान धनंजय देव पांडेय ने कहा कि वे अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। न्यायालय में सरकार का पक्ष मजबूती से रखने के साथ पीड़ितों को न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।उन्होंने कहा कि जिला अभियोजन को और अधिक प्रभावी एवं मजबूत बनाने की दिशा में पूरी कोशिश की जाएगी। अभियोजन पक्ष से जुड़े मामलों में बेहतर समन्वय और प्रभावी पैरवी उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर सहायक लोक अभियोजक उस्मान गनी, जगन्नाथ, शैलेश रंजन, जस्टिन सोरेंग समेत जिला अभियोजन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे और उन्होंने भी श्री पांडेय का स्वागत किया।

# बीसीसीएल की सीएसआर पहल से सहेजी जा रही सोहराई कला, महिलाओं को मिल रहा आत्मनिर्भरता का हुनर

### हीरानगर में अप्रैल से चल रहा प्रशिक्षण, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अनीता देवी ने बताई चित्रकला की बारीकियां



**धनबाद, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आदिवासी संस्कृति की पहचान और पारंपरिक विरासत रही सोहराई चित्रकला को संरक्षित करने के साथ महिलाओं को हुनरमंद बनाकर आत्मनिर्भर बनाने की पहल धनबाद में की जा रही है।

मां प्रेमा फाउंडेशन, पटना की ओर से भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), धनबाद की सीएसआर परियोजना के तहत हीरानगर में अप्रैल से सोहराई पेंटिंग का प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। इसमें 50 छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से स्थानीय महिलाओं को पारंपरिक चित्रकला की तकनीक और बारीकियां सिखाई जा रही हैं, ताकि वे अपनी कला को रोजगार और आय के साधन के रूप में भी विकसित कर सकें।

इसी कड़ी में मंगलवार को हीरानगर में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सोहराई चित्रकार अनीता देवी ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने सोहराई चित्रकला के इतिहास, इसकी विशेषताओं और आदिवासी समाज में इसके सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को पारंपरिक कला को सीखने, संजोने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के दौरान माननीय कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे का संदेश भी पढ़कर सुनाया गया। संदेश में पारंपरिक कला एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा महिलाओं के कौशल विकास और सशक्तीकरण के प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया गया। इस तरह की पहल से स्थानीय स्तर पर प्रतिभाओं को अवसर मिलने के साथ देश की समृद्ध लोक एवं आदिवासी कला को नई पहचान मिल सकती है।

अनीता देवी ने कहा कि सोहराई केवल दीवारों पर आकृतियां उकेरने की कला नहीं है, बल्कि यह आदिवासी समाज के जीवन, प्रकृति और परंपराओं की अभिव्यक्ति है। सोहराई चित्रों में पशु-पक्षियों, पेड़-पौधों और प्राकृतिक आकृतियों के माध्यम से प्रकृति के साथ मानव के संबंध को दशार्या जाता है। आधुनिकता के दौर में ऐसी पारंपरिक कलाओं को संरक्षित करने के लिए प्रशिक्षण और नई पीढ़ी को इससे जोड़ना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को सोहराई पेंटिंग का प्रशिक्षण मिलने से कला संरक्षण के साथ उनके आर्थिक सशक्तीकरण का रास्ता भी खुलेगा। महिलाएं प्रशिक्षण के बाद चित्र तैयार कर उनकी बिक्री के माध्यम से अपनी आमदनी बढ़ा सकती हैं। इससे उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता दोनों बढ़ेंगे।

कार्यक्रम में मां प्रेमा फाउंडेशन की सीईओ ज्योति ने भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य सोहराई जैसी पारंपरिक कला को संरक्षित करने के साथ महिलाओं को कौशल प्रदान करना है। बीसीसीएल की सीएसआर परियोजना के सहयोग से संचालित यह प्रशिक्षण स्थानीय महिलाओं के लिए अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर है। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं की कला को बाजार से जोड़ने और उन्हें व्यापक मंच उपलब्ध कराने की दिशा में भी प्रयास किया जाएगा।

सोहराई पेंटिंग के प्रशिक्षण के जरिए एक ओर आदिवासी कला और संस्कृति को सहेजने का प्रयास हो रहा है, वहीं दूसरी ओर महिलाओं को हुनर और रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कदम बढ़ाया जा रहा है। बीसीसीएल की सीएसआर पहल और मां प्रेमा फाउंडेशन का यह प्रयास स्थानीय कला को संरक्षण देने के साथ महिला सशक्तीकरण का माध्यम बन रहा है।

# बंद का असर: बोकारो में भाजपा का प्रदर्शन, सड़क जाम कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा के झारखंड बंद के आह्वान का असर मंगलवार को बोकारो जिले में भी देखने को मिला। विभिन्न स्थानों पर भाजपा नेता और कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते नजर आए। जिले के जोधाडीह मोड़ के समीप धनबाद-पुरुलिया मुख्य मार्ग को भाजपा कार्यकताओं ने जाम कर दिया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने सड़क पर टायर जलाकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने हाल ही में छात्र आंदोलन के दौरान हुए कथित लाठीचार्ज और आंसू गैस के इस्तेमाल की कड़ी निंदा की। भाजपा नेताओं का कहना है कि अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग किया गया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। भाजपा नेताओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए इसे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने की मांग की। उनका आरोप है कि राज्य सरकार युवाओं और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है तथा नौकरी प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। नेताओं ने कहा कि रोजगार और भर्ती प्रक्रिया को लेकर छात्रों में लंबे समय से असंतोष है, लेकिन सरकार उनकी आवाज सुनने के बजाय दमनात्मक कार्रवाई कर रही है। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एक ओर सरकार के मुखिया अपना जन्मदिन मना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अपने अधिकारों की मांग कर रहे छात्रों पर लाठियां चलवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों के साथ हुई इस कार्रवाई को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा और भाजपा उनके समर्थन में लगातार संघर्ष करती रहेगी। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि छात्रों की मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।

# झारखंड बंद का जैनामोड़ में व्यापक असर, बाजार और सड़कों पर दिखा बंद का प्रभाव



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रांची में छात्रों पर हुए कथित पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा द्वारा आहूत झारखंड बंद का असर मंगलवार को जैनामोड़ क्षेत्र में व्यापक रूप से देखने को मिला। सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ता जैनामोड़ के प्रमुख चौक-चौराहों और बाजार क्षेत्रों में सक्रिय रहे तथा दुकानदारों और आम लोगों से बंद को सफल बनाने की अपील करते नजर आए। बंद के दौरान जैनामोड़ बाजार की अधिकांश दुकानें बंद रहीं, जिससे पूरे क्षेत्र में बंद का स्पष्ट प्रभाव दिखाई दिया। वहीं, प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवाजाही भी सामान्य दिनों की तुलना में कम रही। भाजपा कार्यकताओं ने विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से बंद में सहयोग करने का अनुरोध किया। बंद के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उनका कहना था कि छात्रों की आवाज को दबाने के बजाय सरकार को उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। कार्यकताओं ने छात्रों के सम्मान, अधिकार और न्याय की मांग को लेकर अपना समर्थन व्यक्त किया तथा कहा कि भाजपा युवाओं और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। झारखंड बंद के दौरान जैनामोड़ में विक्रम गोस्वामी, अर्जुन सिंह, मनोज ठाकुर, जय नारायण मरांडी, मनोज सिंह, सुनील स्वर्णकार, कुमार प्रकाश, नंदकिशोर किस्कू, सतीश चंद्र राय, केदार महतो, कमल किशोर सिंह, दिनेश महतो, सुमित जायसवाल, राजेंद्र महतो, सुनील सिंह, मुकेश कुमार, अविनाश सिंह, नीरज साह, मुकेश चौधरी, रेनु सिन्हा, गोपाल हंसदा, कुणाल किशोर, शुभम सिंह, उत्तम मिश्रा, मनोज कुमार एवं वकील कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पेटरवार थाना परिसर में थाना दिवस का किया गया आयोजन

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार बोकारो उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर मंगलवार को पेटरवार थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अंचल प्रशासन और पेटरवार थाना के संयुक्त तत्वावधान में अंचल निरीक्षक अशोक दास तथा थाना प्रभारी राजू कुमार मुंडा के नेतृत्व में किया गया। थाना दिवस में पेटरवार अंचल क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों और राजस्व ग्रामों से बड़ी संख्या में रैयत जमीन संबंधी समस्याओं को लेकर पहुंचे। लोगों ने भूमि विवाद, सीमांकन और अन्य राजस्व मामलों से जुड़ी शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं तथा समाधान की मांग की। कार्यक्रम के दौरान जमीन संबंधी कई मामलों की सुनवाई की गई। मंगल दिवस पर मुख्य रूप से बुंडू पंचायत मुखिया निहारिका सुकृति मुख्य रूप से उपस्थित थी।

### बाल सभा का किया गया आयोजन

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत बुंडू पंचायत स्थित राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय में मंगलवार को बाल सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बुंडू पंचायत की मुखिया निहारिका सुकृति मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। बाल सभा के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों के सर्वांगीण विकास, शिक्षा, स्वच्छता, अनुशासन और स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया गया।मुखिया निहारिका सुकृति ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बाल सभा बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और अभिव्यक्ति की भावना विकसित करने का बेहतर माध्यम है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने की अपील की। वही बाल सभा कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि विद्यालय में खेलकूद की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ शौचालय, भस्मक स्मक की व्यवस्था की मांग की। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिकाए सहित काफी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### पेड़ गिरने से युवक गंभीर रूप से घायल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में भारी बारिश के दौरान बोकारो समाहरणालय के समीप भारी भरकम पेड़ गिर गया, जिसकी चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक कालीचरण किस्कू ने बताया कि उनके साथ कुछ लोग डीसी ऑफिस आए थे। बोकारो उपायुक्त को मांग पत्र सौंपने के बाद जेरॉक्स करने बगल के ही दुकान में गया था। उसी वक्त एक भारी भरकम पेड़ दीवार पर गिरा। दीवार पूरी तरह से ढह गया। इसकी चपेट में आकर कालीचरण किस्कू बुरी तरह से घायल हो गया, जिसको बोकारो सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल ने बताया कि जिला कार्यालय के समीप कई ऐसे पेड़ है जो कभी भी भारी बरसात में गिर सकता है और इससे कई और लोग भी इसकी चपेट में आ सकते हैं जिला प्रशासन को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है उनके द्वारा सदर अस्पताल की व्यवस्था पर भी आरोप लगाया गया जहां देर से इलाज शुरू करने का आरोप लगाया गया ।

### आईआईटी आईएसएम प्रबंधन के खिलाफ सुरक्षा गार्डों का भिक्षाटन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आईआईटी आईएसएम प्रबंधन के खिलाफ सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ ने अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। संघ के बैनर तले पूर्व सुरक्षा गार्डों ने मंगलवार को भिक्षाटन सह पैदल मार्च निकालकर अपना विरोध जताया। प्रदर्शन में करीब 110 सुरक्षा कर्मी शामिल हुए। संघ ने प्रबंधन पर कट मनी, पीएफ, वेतन और बोनस में गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगाए हैं। सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ के महामंत्री प्रभात कुमार सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा कर्मियों ने कब्ळ-कब्ट प्रबंधन के खिलाफ भिक्षाटन सह पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शन में शामिल कर्मियों का कहना है कि वे पिछले 20 से 25 वर्षों से कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर कब्ळ-कब्ट में सुरक्षा गार्ड के रूप में सेवा दे रहे थे। संघ का दावा है कि कोरोना काल के दौरान भी इन कर्मियों ने दिन-रात अपनी सेवाएं दीं, लेकिन अब उन्हें काम से बाहर कर दिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वेतन, बोनस और पीएफ में विसंगतियां हैं और कर्मचारियों के वेतन से कथित तौर पर कटौती की गई है। संघ के महामंत्री प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि जब कर्मचारियों ने अपनी मेहनत की कमाई से कटौती का विरोध किया तो उन्हें काम से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। इसी के विरोध में गले में स्कैनर टांगकर भिक्षाटन किया गया और पैदल मार्च निकाला गया। प्रदर्शनकारियों ने तंज कसते हुए कहा कि भिक्षाटन से जुटाई गई रकम प्रबंधन को भेजी जाएगी, ताकि गरीब और मेहनतकश कर्मचारियों द्वारा जुटाए गए पैसे से प्रबंधन का पेट भरा जा सके।

### एसबीआई क्षेत्रीय प्रबंधक से मिला चैंबर का प्रतिनिधिमंडल

**फ्रीज बैंक खातों को शीघ्र मुक्त करने एवं सिक्कों की किल्लत दूर करने की मांग**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी एवं महामंत्री राजकुमार जायसवाल के नेतृत्व में भारतीय स्टेट बैंक, बोकारो की क्षेत्रीय प्रबंधक प्रियंका सिंह से उनके कार्यालय में मुलाकात कर विभिन्न व्यावसायिक समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर चैंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि साइबर क्राइम से संबंधित निर्देश के आधार पर बोकारो शहर के कई प्रतिष्ठानों के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित व्यापारियों के लिए यह एक सामान्य व्यावसायिक लेन-देन की प्रक्रिया है और इसमें व्यापारियों की किसी प्रकार की सहभागिता नहीं है। इसके कारण व्यापारियों का दैनिक व्यवसाय एवं वित्तीय लेन-देन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बैंक प्रबंधन से आग्रह किया कि इस मामले में साइबर सेल/साइबर क्राइम विभाग के संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर मामले का शीघ्र समाधान कराया जाए तथा जिन व्यापारियों की संलिप्तता नहीं है, उनके फ्रीज खातों को जल्द से जल्द मुक्त कराया जाए। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने कहा कि वर्तमान समय में बाजार में सिक्कों एवं छोटे मूल्यवर्ग के करेंसी नोटों की भारी किल्लत है। इसके कारण व्यापारियों को दैनिक लेन-देन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक से आग्रह किया कि बाजार में पर्याप्त मात्रा में सिक्के एवं छोटे नोट उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए, ताकि व्यापारियों एवं आम ग्राहकों को हो रही परेशानी को शीघ्र दूर किया जा सके। क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीमती प्रियंका सिंह ने चैंबर प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में विनय कुमार सिंह एवं राजीव कुमार भी उपस्थित थे।

# मानव-हाथी संघर्ष रोकने एवं तेलमोच्चो में घाट-रिवरफ्रंट विकास को लेकर डीसी ने की समीक्षा

**हाथियों के रास्ते सुरक्षित रखने, पौधरोपण बढ़ाने और समय पर सूचना देने की व्यवस्था पर जोर**





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले में मानव-हाथी संघर्ष को कम करने तथा हाथियों के आने-जाने वाले रास्तों को सुरक्षित रखने को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। साथ ही, नमामि गंगे के तहत तेलमोच्चो पुल के पास प्रस्तावित घाट एवं रिवरफ्रंट विकास योजना की भी समीक्षा की गई।

**गोमिया में 80 हजार हेक्टेयर क्षेत्र का सर्वेक्षण**

वन विभाग द्वारा मानव-हाथी संघर्ष को कम करने के लिए अब तक किए गए कार्यों एवं प्रगति की जानकारी वन पदाधिकारी श्री संदीप शिंदे ने दी। बताया कि गोमिया प्रखंड में करीब 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र का सर्वेक्षण किया गया है। हाथियों के आने-जाने के रास्तों, उनके प्रवेश और निकलने के स्थानों तथा पूर्व में हुई जनहानि, घायल होने, मकान क्षति और फसल नुकसान वाली जगहों की पहचान की गई है। लुगुबुरू, झुमरा पहाड़ के नीचले क्षेत्र, मिजार्पुर एवं तेनुघाट डैम के आसपास के क्षेत्रों को हाथियों के आने-जाने वाले प्रमुख क्षेत्रों के रूप में चिह्नित किया गया है। हाथियों के लुगुबुरू क्षेत्र से हजारीबाग की ओर जाने वाले रास्ते पर भी नजर रखी जा रही है।

**समय पर मिलेगी हाथियों की जानकारी**

मानव-हाथी संघर्ष की घटनाओं को कम करने के लिए कैमरे, थर्मल कैमरा उपकरण, सूचना संदेश और सायरन की मदद से समय पर चेतावनी देने की व्यवस्था तैयार की जा रही है। गोमिया क्षेत्र में करीब छह कैमरे लगाए जा रहे है। इसका नियंत्रण कक्ष लालपनिया में बनाया जा रहा है।

**हाथियों के रास्ते में बाधा नहीं बने विकास कार्य**

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सड़क, पुल, राजमार्ग, खनन एवं अन्य निर्माण कार्यों के दौरान हाथियों के पुराने रास्ते प्रभावित नहीं होने चाहिए। जहां जरूरत हो, वहां हाथियों के सुरक्षित आवागमन के लिए नीचे से रास्ता या ऊपर से रास्ता बनाने की व्यवस्था की जाए। निर्माण के दौरान हाथियों के रास्ते में मलबा और निर्माण सामग्री नहीं रखने का भी निर्देश दिया गया।

**हाथियों के लिए भोजन और पानी की व्यवस्था पर जोर**

हाथियों को जंगल के अंदर ही पर्याप्त भोजन मिल सके, इसके लिए बांस एवं स्थानीय पौधों का अधिक से अधिक रोपण करने पर जोर दिया गया। मिजार्पुर एवं तेनुघाट डैम के आसपास करीब 50 एकड़ क्षेत्र में बांस लगाने की योजना पर काम किया जा रहा है। जंगल के बाहर खाली जमीन की पहचान कर वहां भी पौधरोपण करने को कहा गया।

**सोलर फेंसिंग और मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने का सुझाव**

हाथियों के आने-जाने वाले संवेदनशील क्षेत्रों में सोलर से चलने वाली फेंसिंग लगाने तथा मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने का सुझाव दिया गया। फूलदार पौधे एवं झाड़ियां लगाने से मधुमक्खियों को भोजन मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए आय का साधन भी विकसित होगा।

**बोकारो समेत आसपास के जिलों के बीच बेहतर तालमेल**

उपायुक्त ने बोकारो, रामगढ़ एवं हजारीबाग सहित आसपास के जिलों के बीच हाथियों की गतिविधियों की जानकारी साझा करने की व्यवस्था मजबूत करने को कहा। इससे किसी क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी की सूचना दूसरे क्षेत्र को समय पर मिल सकेगी और लोगों को पहले से सावधान किया जा सकेगा।

**तेलमोच्चो में बनेगा आकर्षक घाट एवं रिवरफ्रंट**

बैठक में चास के तेलमोच्चो पुल के पास प्रस्तावित घाट एवं रिवरफ्रंट की योजना भी प्रस्तुत की गई। करीब 280 मीटर क्षेत्र में घाट एवं पैदल चलने का रास्ता, पार्किंग, प्रवेश द्वार, बैठने की जगह, बच्चों के लिए खुला स्थान, सेल्फी स्थल, प्रतीक्षालय, महिला-पुरुष शौचालय, कपड़े बदलने की जगह और हरित क्षेत्र विकसित करने का प्रस्ताव है। रिवरफ्रंट में बोकारो की औद्योगिक पहचान के साथ झारखंड की संस्कृति, सोहराय कला और दामोदर नदी समेत जिले से होकर गुजरने वाली जानकारी को प्रदर्शित किया जाएगा। बारिश के पानी की निकासी और हरियाली का विशेष ध्यान रखा जाएगा। मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, संलग्न पदाधिकारी संदीप शिंदे, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार, नमामि गंगे के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि, तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सोनू के सपने को डीसी ने दिया संबल, राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने की राह हुई आसान



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय सभागार में मंगलवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम (लोक संवाद) में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। कार्यक्रम के दौरान प्राप्त 45 आवेदनों पर क्रमवार सुनवाई करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को त्वरित, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में सेक्टर 1सी निवासी सोनू मिश्रा ने रांची में आयोजित होने वाले 70वें नेशनल स्कूल गेम्स 2026-27 में कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होने की इच्छा उपायुक्त के समक्ष रखी। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बून को संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक से समन्वय स्थापित कर सोनू मिश्रा का आवश्यक प्रपत्र भरवाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, विद्युत, बीएसएल, डीपीएलआर, आपूर्ति, कल्याण एवं विभिन्न अंचल कार्यालयों से जुड़े मामलों पर भी सुनवाई हुई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा आवेदकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन रिस्पॉन्सिव एवं नागरिक केंद्रित प्रशासन की अवधारणा के अनुरूप कार्य कर रहा है। नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं संवेदनशील समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# खनन प्रभावितों के विकास व आजीविका पर माइन्स क्लोजर एडवायजरी कमिटी ने की विस्तृत चर्चा




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आज माइन्स क्लोजर एडवायजरी कमिटी की बैठक समाहरणालय के सभागार में संपन्न हुई। इसमें भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के सभी 12 एरिया में खनन गतिविधियाँ समाप्त होने के उपरांत प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक विकास और स्थानीय निवासियों के सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर विस्तृत रुप में चर्चा की गई।जिसमें स्थानीय आबादी के वैकल्पिक आजीविका तथा उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास एवं प्रशिक्षण देने, प्रभावित परिवारों एवं व्यक्तियों को कृषि, हस्तशिल्प, पॉल्ट्री फार्मिंग, सिलाई, आईटी कौशल तथा स्वरोजगार व उद्यमिता के लिए आवश्यक संसाधन एवं प्रशिक्षण प्रदान कराने का निर्णय लिया गया। साथ में पर्यावरण संरक्षण हेतु बागवानी, मधुमक्खी पालन, स्थानीय प्रजातियों के पौधारोपण को बढ़ावा देने, कृषि एवं संबद्ध गतिविधियाँ, इको टूरिज्म विकासित करने पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि खदान बंद होने वाले स्थलों का कायाकल्प कर उन्हें नौकायन, ट्रैकिंग और सांस्कृतिक पर्यटन केंद्रों के रूप में विकसित किया जा सकता है। इसके अलावा खनन से प्रभावित जल निकायों का पुनरुद्धार किया जा सकता है। स्थानीय समुदायों को सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सौर ऊर्जा एवं बायोगैस परियोजनाएँ स्थापित की जा सकती है। कहा कि प्रभावित क्षेत्र की महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान हेतु विशेष कल्याणकारी योजनाएं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की देखभाल व सहायता के लिए विशेष कार्यक्रम लागू किए जा सकते हैं।

# झारखंड बंद के समर्थन में पेटरवार में चक्का जाम, एनएच-23 पर लगी वाहनों की लंबी कतार



**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार जेपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज के विरोध में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश द्वारा आहूत झारखंड बंद के समर्थन में मंगलवार को भाजपा पेटरवार प्रखंड इकाई की ओर से छत्रु राम महतो चौक पर एनएच-23 बोकारो-रामगढ़ मार्ग को जाम किया गया। चक्का जाम सुबह 8:30 बजे से 11:00 बजे तक रहा। सड़क जाम के कारण एनएच-23 के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। भाजपा कार्यकताओं ने शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से संगठन के निदेशों का पालन करते हुए बंद को सफल बनाने का प्रयास किया। इस दौरान एंबुलेंस, एयरपोर्ट जाने वाले वाहन, सब्जी वाहन तथा अन्य आवश्यक एवं आपातकालीन वाहनों को आवागमन की अनुमति दी गई।चक्का जाम कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य लक्ष्मण नायक, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद महतो, जिला उपाध्यक्ष अनिल स्वर्णकार, जिला महामंत्री संजय सिन्हा, रवि शंकर जायसवाल, शांतिलाल जैन, लालमोहन नायक, पंकज कुमार सिन्हा, राजेंद्र महतो, अमर ज्योति बनर्जी, रोशन खन्ना, शशि स्वर्णकार, प्रकाश रवानी, शंकर सोनी, धीरज प्रसाद, ज्योति लाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।भाजपा नेताओं ने कहा कि जेपीएससी अभ्यर्थियों पर हुई कार्रवाई के विरोध में पार्टी ने राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया है। पेटरवार में कार्यकताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से बंद का समर्थन करते हुए सड़क पर उतरकर अपना विरोध दर्ज कराया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की डीसी-एसपी ने की समीक्षा, समयबद्ध तैयारी का निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल, भव्य एवं गरिमामय आयोजन को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक में दोनों अधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह से जुड़ी अब तक की तैयारियों की क्रमवार एवं बिंदुवार समीक्षा की तथा शेष कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने का संबंधितों को निर्देश दिया।

**समारोह स्थल की तैयारियों की ली जानकारी**

उपायुक्त ने सेक्टर-12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों की जानकारी ली। मैदान के समतलीकरण, मोरम बिछाने, मंच, बैरिकेडिंग, बैठने की व्यवस्था, विद्युत एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया।

**परेड एवं पूर्वाभ्यास की समीक्षा**

बैठक में परेड एवं मार्च पास्ट की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। संबंधित पदाधिकारियों से प्लाटून की तैयारी एवं पूर्वाभ्यास की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने बेहतर अनुशासन एवं समन्वय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने मुख्य समारोह के दौरान सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रखने का निर्देश दिया।

**सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था पर विशेष जोर**

पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा, यातायात, पार्किंग एवं प्रवेश-निकास व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को समारोह स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा यातायात प्रबंधन को लेकर पूर्व से आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया।

**साफ-सफाई एवं ध्वजारोहण व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश**

उपायुक्त ने समारोह स्थल के साथ-साथ सभी सरकारी कार्यालय परिसरों में विशेष साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप ध्वजारोहण की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**अन्य तैयारियों की भी हुई बिंदुवार समीक्षा**

बैठक में मंच व्यवस्था, आमंत्रण, चिकित्सा सुविधा, पेयजल, विद्युत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की भी क्रमवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने को कहा।

**पूर्व संध्या पर कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी हुई चर्चा**

बैठक में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शिबू सोरेन स्मृति भवन (टाउन हॉल) में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित संबंधित पदाधिकारियों से कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम को गरिमापूर्ण, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने को कहा। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, डीपीएलआर पूर्णिमा कुमारी, क्षेत्रीय उपनिदेशक जियाडा मनोज कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा कुमार कनिष्क सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145865
7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com